सूर्योदय 5:37 सूर्यास्त 6:58

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.0 न्यू | 24.3 अधि |
| धर्मशाला | 15.1 न्यू | 25.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73878.15 |
| निफ्टी | 22475.85 |
| सोना 70,090 | चांदी 83,500 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 4 मई, 2024 | 22 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 136, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- कांग्रेस राज में प्रदेश के विकास को लगा ग्रहण: अनुराग ठाकुर
- लोकसभा में चौका, विधानसभा उपचुनाव में छक्का लगाएगी कांग्रेस: सीएम सुक्खू

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- कांग्रेस ने किसानों-बागवानों के साथ किया छल: जयराम
- जब बच्चे दान दे रहे थे, तब भाजपा के मंत्री भ्रष्टाचार में लगे : कांग्रेस

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- फायर सीजन में लोगों को सिखाए आग से बचाव के तरीके
- कश्मल की जड़ों की तस्करी के लिए 20 जगह खोद डाली जमीन

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- 'सिंघम अगेन' में एक्शन सीन करती नजर आएंगी दिपिका पादुकोण
- आरसीबी-गुजरात में करो या मरो का मुकाबला

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs गुजरात टाइटंस

समय: रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### बंगाल के गवर्नर के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला ने इस संबंध में पुलिस में अपनी शिकायत दी है। बताया जा रहा है कि यह महिला राजभवन में कांट्रेक्ट पर काम करती है। मामला सामने आने के बाद टीएमसी के नेताओं ने राजभवन की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि चुनावी फायदों के लिए राजनीतिक दल के एजेंट ने उन पर घिनौने आरोप लगाए हैं। वहीं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया है।

### सिसोदिया मामले में हाईकोर्ट ने सीबीआई और ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक, सिसोदिया हफ्ते में एक दिन अपनी बीमार पत्नी से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान वह कस्टडी में ही रहेंगे। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी-सीबीआई से जवाब मांगा है।



### छत्तीसगढ़ में ईडी ने जब्त की 205.49 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से ईडी ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर समेत कई आरोपियों की लगभग 18 चल और 161 अचल संपत्ति अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिसकी कीमत 205.49 करोड़ रुपए है। इससे पहले नोएडा एसटीएफ ने विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को भी स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इसके बाद कोर्ट ने कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को 6 दिनों के रिमांड पर भेजा था। साथ ही 8 मई को फिर से उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## अनंत व्यंग्य




अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# रायबरेली और अमेठी सीट पर कांग्रेस ने खत्म किया 'सस्पेंस'

## राहुल गांधी और के एल शर्मा ने बड़े नेताओं की मौजूदगी में भरे नामांकन

**एजेंसी, रायबरेली/अमेठी**

कांग्रेस ने आखिर रायबरेली और अमेठी संसदीय सीट से प्रत्याशी उतराने का सस्पेंस खत्म कर दिया। शुक्रवार सुबह कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की और दोपहर को राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली व केएल शर्मा ने अमेठी से नामांकन भरा।

इस दौरान पार्टी के बड़े नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे।



रायबरेली में मां सोनिया गांधी व बहन प्रियंका गांधी के साथ नामांकन दाखिल करते राहुल गांधी।

> हमें यहां के लोगों से जितना प्यार, जितनी आत्मीयता और सम्मान मिला है, वह अनमोल है। जब हम देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो इस लड़ाई में भी हमारा पूरा परिवार दृढ़ता से हमारे साथ खड़ा है।–**प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**



> मैंने पहले ही यह भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग सबको कहते हैं डरो मत। मैं भी इन्हें यही कहूंगा- डरो मत... भागो मत।
> –**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



> 2019 लोकसभा चुनावों में वायनाड को राहुल गांधी ने परिवार बताया था। ऐसे में अब रायबरेली को क्या बोलेंगे। कांग्रेस ने अमेठी से हार स्वीकार कर ली है। अगर ऐसा नहीं होता तो राहुल अमेठी से जरूर चुनाव लड़ते।
> –**स्मृति ईरानी, भाजपा सांसद**



> पहले अमेठी छोड़ा तो वायनाड पहुंचे अब वायनाड की हार से इतना डर गए हैं और अमेठी में तो हार दिख ही रही है तो अब रायबरेली चले गए, लेकिन राहुल गांधी की वहां भी हार होगी। रायबरेली से भी जनता उन्हें भगाने का काम करेगी।
> –**अनुराग ठाकुर, भाजपा सांसद**

### कांग्रेस के गढ़ रायबरेली लोकसभा सीट से कब कौन-कौन जीता

- 1957 बैजनाथ कुरील (कांग्रेस)
- 1957 फिरोज गांधी (कांग्रेस)
- 1960 आरपी सिंह (कांग्रेस)
- 1962 बैजनाथ कुरील (कांग्रेस)
- 1967 इंदिरा गांधी (कांग्रेस)
- 1971 इंदिरा गांधी (कांग्रेस)
- 1977 राजनारायण (जनता पार्टी)
- 1980 इंदिरा गांधी (कांग्रेस)
- 1980 अरुण नेहरु (कांग्रेस)
- 1984 अरुण नेहरू (कांग्रेस)
- 1989 शीला कौल (कांग्रेस)
- 1991 शीला कौल (कांग्रेस)
- 1996 अशोक सिंह (भाजपा)
- 1998 अशोक सिंह (भाजपा)
- 1999 कैप्टन सतीश शर्मा (कांग्रेस)
- 2004 सोनिया गांधी (कांग्रेस)
- 2006 सोनिया गांधी (कांग्रेस)
- 2009 सोनिया गांधी (कांग्रेस)
- 2014 सोनिया गांधी (कांग्रेस)
- 2019 सोनिया गांधी (कांग्रेस)
- 2024 ..............................

# मोदी ने आरक्षण पर कांग्रेस को फिर घेरा

**एजेंसी, चाईबासा (झारखंड)**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड के चाईबासा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरक्षण को लेकर कांग्रेस को एक बार फिर घेरा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े वर्गों का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातोंरात एक फतवा निकाला गया, जिसमें यह कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं, वे सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। यह मेरी गारंटी है कि मेरे रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता।

मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है।



**पीएम ने कहा-मेरे रहते संविधान को कोई हाथ नहीं लगा सकता**

### घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। ये लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई-बहनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला था। आदिवासी इलाके में लोग घुसपैठियों से जूझ रहे हैं। यही हाल झारखंड का बनाना चाहते हैं।

मोदी ने झारखंड की धरती से कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह लिखकर दें कि वो एसटी-एससी, ओबीसी का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को नहीं देंगे। कांग्रेस का कोई नेता यह बात लिखकर देने को तैयार नहीं है।

### पीएम मोदी 14 मई को भरेंगे नामांकन

**वाराणसी ।** देश के प्रधानमंत्री एवं वाराणसी से सांसद नरेंद्र मोदी 14 मई को नामांकन करेंगे। इससे पहले पीएम लोगों का जनसमर्थन हासिल करने के लिए 13 मई को वाराणसी में मेगा रोड शो करेंगे। वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को मतदान होगा।

वहीं, चार जून को परिणाम आएगा। पीएम नरेंद्र मोदी के रोड को लेकर बीजेपी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। 2014 में पहली बार मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। इसके बाद 2019 में फिर से चुनाव लड़ा और जीते।

## विधायक संजय रत्न व राकेश कालिया को आचार संहिता उल्लंघन पर नोटिस

**अनंत ज्ञान, गगरेट**





लोकसभा चुनाव के साथ-साथ प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे को चुनाव आयोग के कठघरे में खड़ा करने का सिलसिला भी शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र गगरेट के भंजाल गांव में हुई कांग्रेस की एक जनसभा में मतदाताओं की धार्मिक भावनाओं से खेलते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने को उकसाने के लिए भाजपा ने कांग्रेस विधायक संजय रत्न की शिकायत चुनाव आयोग में की है।

शिकायत मिलते ही चुनाव आयोग ने संजय रत्न व गगरेट से कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा है। रिटर्निंग अफसर सौमिल गौतम ने कहा कि भाजपा की ओर से आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत आई है, जिस पर विधायक संजय रत्न व कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया को अपना पक्ष रखने को कहा गया है।

## प्रत्याशियों को नो ड्यूज प्रमाणपत्र जल्द जारी करें राज्य : चुनाव आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने राज्य सरकारों को उम्मीदवारों को आवेदन करने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यूज प्रमाणपत्र जारी करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी।

आयोग ने यह भी बताया कि संसद अथवा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के समय उम्मीदवार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत हलफनामा भी जमा करना होता है और यह पूर्णत: भरा होना चाहिए।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 1717 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। देशभर में 96 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। आगामी 13 मई को चौथे चरण के लिए मतदान होना है। आयोग ने बताया कि चौथे चरण में एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

**अमित शाह फर्जी वीडियो मामला**

## तेलंगाना में कांग्रेस के पांच कार्यकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में तेलंगाना पुलिस ने पांच कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

तेलंगाना कांग्रेस के मीडिया संयोजक कमल मेदागोनी ने कहा कि तेलंगाना इंटरनेट मीडिया संयोजक नवीन और तसलीमा सहित पांच लोगों को तेलंगाना भाजपा की शिकायत के आधार पर तेलंगाना पुलिस की साइबर अपराध इकाई ने गिरफ्तार किया है।

## हिमाचल में 34 सब इंस्पेक्टरों को मिला प्रमोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पांच इंस्पेक्टरों को विजिलेंस और तीन को राज्य सीआईडी में नियुक्त किया**

हिमाचल पुलिस विभाग के 34 सब इंस्पेक्टर को पदोन्नति कर इंस्पेक्टर बनाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। पदोन्नत हुए पांच इंस्पेक्टरों को विजिलेंस और तीन को राज्य सीआईडी में नियुक्त किया गया है।

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा के आदेश से जारी सूची के अनुसार सब इंस्पेक्टर रिंकू, नारायण सिंह व सुरजीत सिंह को कांगड़ा में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात किया गया है।

इसी तरह तनुजा, मुनीष कुमार, लेखराज, अनिल कुमार व रूप सिंह को मंडी, अर्जुन सिंह को लाहौल-स्पीति, जगदीश कुमार व जनेश्वर ठाकुर को किन्नौर, जसवंत सिंह, जयंत करुण गौतम, अनिल कुमार, जीत राम, देवी सिंह और बलदेव सिंह को शिमला, रविंद्र पाल को सिरमौर और बलदेव सिंह को सोलन में तैनाती दी गई है। इसके अलावा संचित कालिया, योगेश कुमार, सुमन बाला, परमजीत सिंह और प्रताप चंद को विजिलेंस में नियुक्त किया गया है।

सब इंस्पेक्टर राम सिंह, संजीव कुमार व अशोक कुमार नेगी को राज्य सीआईडी में इंस्पेक्टर पद पर नियुक्ति मिली है।

उधम सिंह को पुलिस जिला नूरपुर, सतपाल को पीटीसी, राम लाल व देव राज को छटी आईआरबीएन, भूपेंद्र सिंह को तृतीय आईआरबीएन, मुल राज को चतुर्थ आईआरबीएन और संजय कुमार को बद्दी में इंस्पेक्टर पद पर नियुक्त किया गया है।

## चांजू प्रोजेक्ट में कार्य कर रहे मजदूरों पर गिरे पत्थर, एक की मौत

**अनंत ज्ञान,तीसा**

चुराह के चांजू प्रोजेक्ट में सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक हादसा हो गया, जिसमें एक मजदूर की मौत गई गई। कार्य कर रहे मजदूरों पर अचानक पहाड़ी से पत्थर गिरने लग पड़े, जिससे तीन मजदूर घायल हो गए।

अन्य मजदूरों ने घायलों को आनन-फानन में सिविल अस्पताल तीसा पहुंचाया, जहां एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान शिव कुमार पुत्र बिहारी लाल गांव कुल्हाला तहसील सलूणी के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी नकरोड़ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसकी पुष्टि डीएसपी सलूणी रंजन शर्मा ने की।

## कोठीपुरा में नर कंकाल मिलने से सनसनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के कोठीपुरा में एक नर कंकाल मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। नर कंकाल किसका है अभी तक इस बात का पता नहीं चल पाया है।

नर कंकाल की सूचना मिलते ही बिलासपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नर कंकाल को कब्जे में लेकर आईजीएमसी शिमला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोठीपुरा के नाले के किनारे जब स्थानीय महिलाएं घास काटने के लिए गई तो उन्हें नाले में एक सड़ी गली चीज देखने को मिली, जिसे ध्यानपूर्वक देखने पर उन्हें किसी का शव जैसा प्रतीत हुआ।

इस बात की सूचना स्थानीय लोगों व पुलिस प्रशासन को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नाले में पड़े शव को देखा तो पता चला कि यह नर कंकाल है।

### मामले की गहनता से छानबीन की जाएगी : शिव चौधरी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर शिव चौधरी ने कहा कि अभी तक किसी की भी गुमशुदगी की रिपोर्ट किसी भी थाने में नहीं आई है और नर कंकाल को देखकर यह प्रतीत होता है कि यह किसी प्रवासी मजदूर का है, फिर भी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद इस मामले की गहनता से छानबीन की जाएगी।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार करने को सुप्रीम कोर्ट तैयार

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत देने के सवाल पर विचार कर सकता है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी की चुनौती दी है, जिस पर सुनवाई चल रही है।



सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर दलीलें रखने के लिए दोनों पक्षों को तैयारी के साथ 7 मई को आने को कहा है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई में समय लगता है तो हम चुनाव को देखते हुए अंतरिम जमानत पर विचार कर सकते हैं।

**आईपीएल** प्लेऑफ की दौड़ में शामिल होने के लिए सीएसके के लिए मुकाबला अहम

# धर्मशाला पहुंचे चेन्नई सुपर किंग्स के धुरंधर

**अनंत ज्ञान, गगल**

पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच मई को होने वाले आईपीएल मैच के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम आज गगल एयरपोर्ट पर दोपहर 12:45 पर पहुंची। प्लेऑफ की दौड़ में शामिल होने के लिए सीएसके के लिए यह मुकाबला अहम रहेगा।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, मोईन अली, शिवम दुबे, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, महिशा पथीराना राजवर्धन हंगरगेकर, शंशाक, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, मिशेल सेंटनर, सिमरजीत सिंह व कोच स्टाफ गगल एयरपोर्ट से धर्मशाला के लिए रवाना हुआ।









गगल एयरपोर्ट से बाहर निकलते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी, शिवम दुबे, मोइन अली और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़।

## कमरे में हीटर के ऊपर मृत मिला 53 वर्षीय व्यक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कसुम्पटी में किराये के कमरे में अकेला रहता था**

**शिमला** के कसुम्पटी में एक व्यक्ति अपने कमरे के अंदर हिटर के ऊपर मृत मिला है। व्यक्ति की पहचान 53 वर्षीय कृष्ण चंद के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक कृष्ण चंद अविवाहित था और कसुम्पटी में किराये के कमरे में अकेला रहता था।

उसका शव कमरे में आंशिक रूप से झुलसा हुआ बरामद हुआ। वह हीटर पर गिरा हुआ था। उसी से अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी मौत हीटर पर गिरने से करंट लगने व जलकर हुई। हीटर स्पार्क होने की वजह से बंद था। इस हादसे का खुलासा तब हुआ जब मकान मालिक ने पुलिस को इस बारे सूचित किया। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे का शिकार व्यक्ति 30 अप्रैल से कमरे से बाहर नहीं देखा गया था।

गुरुवार को स्थानीय दुकानदार ने एक युवक को कृष्ण चंद के कमरे में सामान छोड़ने के लिए भेजा था, लेकिन वह कमरे में हीटर पर गिरा हुआ मिला। इस पर उसने मकान मालिक को सूचित किया और फिर पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।





जागरूकता अभियान

जोगिंद्रनगर के गुरुकुल स्कूल में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने नारा लखन व चार्ट के माध्यम से मतदान का महत्व बताया। इस मौके पर बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : *editoranantgyaan @gmail.com* पर भेज सकते हैं। यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### ताऊ को क्यों आया गुस्सा



**भाखड़े** वाला रौनकी ताऊ बहुत गुस्से में है। ताऊ का गुस्सा सातवें आसमान से भी आगे निकल चुका है। सातवें आसमान पर फिलहाल कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। कुछ लोग बोल रहे हैं ताऊ ने पूंछ में आग लगा रखी है। सातवें आसमान पर न कहीं आग है और न धुआं उठ रहा है। पक्का आठवें और नौवें तारामंडल पर पहुंच चुका है। कुछ बोल रहे हैं बावला हो गया है। हमने भी ताऊ को शिमला के रिज पर देखा था, सेरी के मंच पर देखा था। मंडी के पड्डल और चंबा के चौगान में भी वे शांत थे। चुनावी दंगल का पूरा मजा लूट रहे थे। आखिर ऐसा क्या हो गया है। ताऊ को गुस्सा क्यों आ गया है। बहुत अध्ययन हो रहा है। निष्कर्ष कुछ नहीं निकल रहा है। चिंता सबको खाई जा रही है कि ताऊ पूंछ में आग लगाकर पता नहीं किसकी लंका जलाने निकल पड़े हैं। कई दूरबीन से भी देख रहे हैं, जहां भी जा रहे हैं महज ताऊ के गुस्से से लाल-पीला होते आगे जाने की बात पता चल रही है। रास्ते में चिंगारियों के सुलगने की भी संभावना दिख रही है। जब तक ताऊ को खोज पाएंगे, तब तक लंका स्वाह हो चुकी होगी। अब रिज से कुछ दिखा है और पुराने सियासी वैद्य जी को मर्ज का भी पता चला है। किसी ने नेता जी के दफ्तर से ताऊ को फोन करके वोट मांग लिया है। ताऊ पहले उसका भक्त था, लेकिन अब नाम सुनकर राजी नहीं है। ताऊ अब नेता जी की लंका दहन करने निकला है। देखना है ताऊ का गुस्सा क्या रंग दिखाता है। -राजेश शर्मा

### देसी दांव करेंगे काम

**कांगड़ा** का दंगल भी दिलचस्प हो गया है, दिल्ली के पहलवान को बड़ी माली के लिए उतारा गया है। उम्र में भी दोनों पहलवान एक समान हैं और कद काठी भी एक जैसी है। दिल्ली के जाने-माने पहलवान पहले भी दिल्ली के अखाड़े में खूब दांव दिखा चुके हैं। उनके पास ऐसे पुराने दांव भी हैं, जिनसे वे विरोधी को चित कर सकते हैं। उधर, कांगड़ा के लोकल पहलवान को भी कम नहीं आंका जा सकता है। इनको भी ऐसे पुराने दिग्गज पहलवान का आशीर्वाद है। पुराने पहलवान से दांव पेंच भी सीखे हैं। दिल्ली के पहलवान का भी हिमाचल से नाता रहा है और वे हिमाचल में एक दफा देसी कुश्ती में कूद पड़े थे। फ्री स्टाइल के दांव-पेच यहां-कहां कामयाब होने वाले थे और वह पटखनी खाकर चल दिए थे। इस बार उन्होंने लोकल कुश्ती के दांव सीखे हैं। भले ही उनके चेले ने उन्हें लोकल देसी दांव बताकर अखाड़े में उतारा है, लेकिन लंगड़ी का जबाव दे चुके उनके चेले को तो महारत है। अब भले ही इस पहलवान को डीएनए हिमाचली है, लेकिन कभी कभी दिल्ली कनेक्शन के कारण बीच मैदान में फ्री स्टाइल पर उतर आए तो वह देसी लंगड़ी का शिकार हो सकते हैं। रौनकी ताऊ भी कांगड़ा के पुराने किले से दंगल को देख रहा है। पहलवान तो जोरदार उतारा है, लेकिन पहाड़ की लंगड़ी को सहन कर पाएंगे या नहीं यह कहना कठिन है। शुरू में दांव लगा लिया तो ठीक, अगर मैदान में फंसे तो हिंदी पर कांगड़ी बोली भारी न पड़ जाए।

# लोकसभा में चौका, विधानसभा उपचुनाव में छक्का लगाएगी कांग्रेस : सीएम सुक्खू

## दावा- प्रदेश की सभी सीटों पर विजय श्री का पताका लहराएगी कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, गगल/धर्मशाला**

**कांगड़ा** संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा शुक्रवार को धर्मशाला पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह भी मौजूद रहे। हवाई मार्ग से गगल हवाई अड्डे पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी और मुख्यमंत्री का कांग्रेस पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। गगल हवाई अड्डे से मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी, मौजूदा मंत्रियों एवं विधायकों के साथ काफिले में धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में होने वाले चुनावों और 6 उपचुनावों में सभी सीटों पर कांग्रेस जीतेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी सीटों पर जिताऊ और टिकाऊ प्रत्याशी दिए हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने बिकाऊ प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं। इन चुनावों में भाजपा को प्रदेश की जनता कड़ा जवाब देगी, जिसका पता बीजेपी को तब चलेगा, जब प्रदेश कांग्रेस चारों लोकसभा सीटे जीतकर जीत का चौका लगाएगी और 6 उपचुनाव जीतकर जीत का छक्का लगाएगी। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ने खरीद-फरोख्त की राजनीतिक नहीं की होती, तो आज प्रदेश को छह उपचुनावों का अतिरिक्त भार न झेलना पड़ता। इस अवसर पर कांगड़ा संसदीय सीट के प्रत्याशी आनंद शर्मा, प्रदेश के कैबिनेट मिनिस्टर विक्रमादित्य, रघुवीर सिंह बाली, गोमा, केवल सिंह पठानिया, कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, संजय रतन सहित कई नेता व अधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी व मुख्यमंत्री का ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया।



गगल हवाई अड्डे पर सीएम सुक्खू और आनंद शर्मा का स्वागत करते कांग्रेस पदाधिकारी।

### पार्टी पदाधिकारियों से बैठक कर बनाई चुनावी रणनीति

**बोले- सभी सीटों पर दिए जिताऊ और टिकाऊ प्रत्याशी**

**धर्मशाला।** धर्मशाला पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा और मुख्यमंत्री ने कांगड़ा-चंबा से मंत्रियों और विधायकों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया। यह बैठक पर्यटन निगम के होटल कुनाल में आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस के कांगड़ा-चंबा प्रत्याशी आनंद शर्मा, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, खेल, युवा सेवाएं एवं आयुष मंत्री मंत्री योदविंद्र गोमा, कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, फतेहपुर विधायक भवानी पठानिया, शाहपुर विधायक केवल सिंह पठानिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कांगड़ा कर्ण पठानिया, पूर्व राज्य सभा सांसद विपल्व ठाकुर, चंबा से विधायक नीरज नैयर, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव देवेंद्र सिंह जग्गी, धर्मशाला नगर निगम महापौर नीनू शर्मा एवं धर्मशाला से पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आगामी लोक सभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा को भारी मतों से जीत दिलवाने के लिए रणनीति तैयार की गई। आनंद शर्मा ने आगामी चुनावों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

# कांग्रेस राज में प्रदेश के विकास को लगा ग्रहणः अनुराग ठाकुर

## पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राहुल गांधी वायनाड की हार से डरकर रायबरेली पहुंचे हैं। पहले अमेठी छोड़ वायनाड पहुंचे। वायनाड की हार से डरे वापस अमेठी में हार दिख रही हैं। रायबरेली पहुंचे। रायबरेली में भी राहुल हारेंगे जनता वहां भी उनका सूपड़ा साफ करेगी। यह बात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सुजानपुर में कही। अनुराग ठाकुर सुजानपुर में पार्टी के पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज अंतर कलह का शिकार है। राहुल गांधी ने पहले अमेठी से चुनाव लड़ा था, उसके बाद में वायनाड चले गए और अब वहां से रायबरेली से चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब धीरे-धीरे देश में सिमटी जा रही है। हिमाचल में भी कांग्रेस पार्टी का हाल जनता के सामने है। प्रदेश सरकार 28 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है, लेकिन बावजूद इसके महिलाओं से किया गया। 1500 प्रतिमा देने का वादा पूरा नहीं कर रही है। कांग्रेस जब भी सत्ता में आई हमीरपुर से भेदभाव किया है। पहले वीरभद्र सिंह की सरकार में स्टाफ सिलेक्शन के दफ्तर को बंद किया गया, अब सुखविंद्र सिंह की सरकार ने इसे बंद कर दिया है। कर्नाटक हो या हिमाचल सब जगह कांग्रेस की नौटंकी जनता को देखने को मिल रही है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विकास का दूसरा नाम भारतीय जनता पार्टी है इसी बात को ध्यान में रखते हुए विश्व के सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है देश लगातार तरक्की कर रहा है। भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर सामने आया है और जब केंद्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनेगी तो भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर सामने आएगा । उन्होंने कहा कि सड़क शिक्षा स्वास्थ के साथ-साथ सबको रोजगार घर द्वार पर स्वरोजगार इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कोई नेता बड़ा और छोटा नहीं होता। यहां कोई भी व्यक्ति किसी भी बड़े पायदान पर पहुंच सकता है। पूरे देश में कांग्रेस की यह हालत है कि उम्मीदवार नहीं मिल नहीं रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा मौजूद रहे।



सुजानपुर में पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में पहुंचे सांसद अनुराग ठाकुर।

**बोले-केंद्र में जब से भाजपा, तब से देश कर रहा तरक्की**

# भाजपा की ताकत कार्यकर्ताः सौदान

## बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत ज्वालामुखी विधानसभा की बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है और जब कार्यकर्ता मजबूत होता है, तो पार्टी भी मजबूत होती है।

कार्यकर्ता के बल पर ही हम हिमाचल में चार की चार सीटें जीतेंगे और देश में हम 370 के पार जाएंगे। एनडीए को 400 से अधिक सीटें आएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का रक्षा क्षेत्र सुदृढ़ रूप से आगे बढ़ा है। यहां तक कि देश का सामरिक क्षेत्र भी बलशाली हुआ है, सीमा क्षेत्रों को सड़कें और मोबाइल नेटवर्क भी मिला है। प्रधानमंत्री का पूर्ण फोक्स आत्मनिर्भर भारत पर रहा है, जिसमें आज पूरे भारत में आत्मनिर्भर भारत पर काम हो रहा है। सौदान सिंह ने कहा कि देश में सुपरसोनिक मिसाइल 'स्मार्ट' का सफल परीक्षण हुआ, यह है देश की ताकत है। इस मौके पर पूर्व मंत्री ठाकुर रविंद्र सिंह रवि, संगठनात्मक जिला देहरा भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा, ज्वालामुखी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय खट्टा, भाजपा देव समाज प्रदेश प्रकोष्ठ सह-संयोजक एडवोकेट अभिषेक पाधा आदि नेता मौजूद थे।



ज्वालामुखी में सौदान सिंह का स्वागत करते पदाधिकारी।

# हिमाचल मेरी जन्मभूमिः आनंद शर्मा

## कालीबाड़ी मंदिर में शीश नवाकर शुरू किया चुनाव प्रचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने शिमला से शुक्रवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया है। शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में शीश नवाकर आनंद शर्मा ने विधिवत्त रूप से प्रचार अभियान की शुरुआत की।

इससे पहले शिमला पहुंचने पर आनंद शर्मा का सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर आनंद शर्मा ने कहा कि वह बीते 52 वर्षों से भारतीय राजनीति में रहे हैं। ऐसे में उन्हें कांगड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस ने उम्मीवार बनाया है और वह पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। आनंद शर्मा ने कहा कि कांगड़ा चंबा के प्रत्येक क्षेत्र को बखुबी जानते हैं और इससे पहले वह इस संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक ब्लॉक का प्रवास कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह लोगों के हितों को लेकर लगातार आवाज उठाते हैं।

उन्होंने कहा कि लंबे समय तक वह छात्र संगठन का कार्य कर चुके हैं, वह हिमाचल कांग्रेस के यूथ अध्यक्ष भी रह चुके हैं और इसके बाद दिल्ली में केंद्रीय राजनीति में उन्होंने कदम रखा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हिमाचल के नौजवान उनके साथ पूरी तरह से खड़े हैं और उन्होंने इन सबके लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल मेरी जन्म भूमि है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री गुजरात के होने के बावजूद उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ सकते हैं तो मैं तो हिमाचल से ही हूं तो कांगड़ा चंबा से चुनाव क्यों नहीं लड़ सकता।

### कहा- 2 करोड़ नौकरियों के वादे का क्या हुआ



**एक** सवाल के जवाब में आनंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 2014 में देश के 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वायदा किया था लेकिन आज तक वह पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी का आल्म है और पढ़े लीखे नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों और कांग्रेस द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को अम्लीजामा पहनाने के लिए कार्य करेंगे।

# 1500 के फॉर्म की रद्दी उठाने का ठेका किसे देने जा रहे सीएमः बिंदल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



हिमाचल भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ओपीएस को लेकर भाजपा के खिलाफ गलत प्रचार कर रही है। भाजपा ओपीएस के विरोध में नहीं है। पार्टी मुकम्मल तौर पर ओल्ड पेंशन स्कीम के साथ खड़ी है। बिंदल शुक्रवार को हमीरपुर में प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर अपना रुख साफ करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार कर्मचारियों की ही हितैषी नहीं हैं। पार्टी ओल्ड पेंशन स्कीम के साथ खड़ी है, लेकिन उन्होंने इस बात पर खेद जाते कि आज-कल सीएम के जो बयान आते रहते हैं, वे बड़े चिंताजनक हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कहा था कि प्रत्येक घर से महिलाओं को 1500 दिए जाएंगे। एक महिला को 1500, 2 महिला को 3 हजार, 3 महिला 4500 रुपए और चार महिलाएं एक घर में हो तो 6000 आपके खाते में आएगा। विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी ने भी कहा था कि महिलाओं के खाते में 1500 रुपए प्रति माह दिया जाएगा। कहा था कि यह पहली कैबिनेट से ही दिया जाएगा और अब फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। एक पैसा नहीं मिला। अब जबकि दूसरा चुनाव प्रदेश में आ गया है, तो फिर से फार्म भरवा जा रहे हैं। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि पहले वाले 2022 के फॉर्म कहां पड़े हैं। कौन से कबाड़ी की दुकान पर रद्दी बेची है। 2024 में इन फार्मों को बेचने का ठेका किस कबाड़ी को दिया गया है? राजीव ने कहा कि विकास कार्यों को डेढ़ वर्ष में विराम सा लगा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# आनंद शर्मा अनुभवी व जमीनी नेता रायजादाः रामलाल



**बिलासपुर।** पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर ने कहा कि काफी चिंतन मंथन के बाद पार्टी हाईकमान ने बड़ी सूझ-बूझ से कांगड़ा और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनावों के उम्मीदवारों की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा बहुत अनुभवी प्रत्याशी हैं। वहीं, सतपाल सिंह रायजदा एक जमीनी स्तर के नेता हैं। आनंद शर्मा पूर्व ने पूर्व की केंद्र सरकारों में कबीना मंत्री रह कर हिमाचल प्रदेश की सरकारों के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया है। आनंद शर्मा एक भारतीय राजनेता और भारत सरकार के पूर्व वाणिज्य और उद्योग और कपड़ा कैबिनेट मंत्री व साल 2006 में विदेश राज्य मंत्री भी रहे हैं और संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता हैं भी रहे हैं। वहीं, सतपाल रायजादा जिला ऊना के पूर्व विधायक रहे हैं, बिलासपुर में पढ़े-बढ़े हैं और युवाओं के मुद्दों पर इनकी भूमिका अग्रिणी रही है।

# सड़कों की हालत नहीं सुधार पाए विक्रमादित्यः ठाकुरदास



**मनाली।** भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह सड़कों की हालत सुधारने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली नग्गर कुल्लू वामतट मार्ग की हालत खस्ताहाल है। भाजपा सरकार के समय सड़क की हालत बेहतर थी, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही सड़कों की अनेदखी का क्रम जारी है। डेढ़ साल में सड़कों की हालत लगातार खस्ता होती जा रही है। उन्होंने कहा की पीडब्ल्यूडी मंत्री बनने से मनाली की जनता को विक्रमादित्य से बहुत उम्मीदें थीं।

**सियासत** भाजपा प्रत्याशी बोलीं- एक तरफ मोदी और योगी तो दूसरी तरफ शहजादे

# कांग्रेस है शहजादों की पार्टीः कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कांग्रेस शहजादों की पार्टी है। जहां एक ओर गरीब मोदी और योगी हैं, वहीं दूसरी ओर ये बिगड़े हुए शहजादे हैं। इनमें एक दिल्ली, दूसरा यूपी और तीसरा हिमाचल प्रदेश में है। यह बात मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर के निहरी में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि इन लोगों को राजनीति विरासत में मिली है और भारतवर्ष को अपनी पुश्तैनी जायदाद समझते हैं। कंगना रनौत ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस को सिर्फ कांग्रेस न समझें और न ही इनसे जूझें क्योंकि इनके पीछे बहुत सारी अंतरराष्ट्रीय ताकतों का हाथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दुष्टता किसी से छिपी नहीं है। कंगना ने कांग्रेस प्रत्याशी तंज कसते हुए कहा कि विक्रमादित्य अभी राजनीति में परिपक्व नहीं हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। दोनों मां-बेटे को दौलत, राजघराने और पुश्तैनी राजनीतिक विरासत का घमंड है। उन्होंने कहा कि घमंड तो रावण का भी टूटा था और एक समय सबका घमंड टूटता है।

इसका जवाब वह खुद नहीं, बल्कि मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता उनके पक्ष में मतदान करके देगी। वहीं, प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस ने ट्रेलर देखा है और 4 जून को जब पूरी फिल्म सामने आएगी तो कांग्रेस के छक्के छूट जाएंगे।

इसके साथ कंगना रनौत ने विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर के दुर्गम क्षेत्र सोझा बैहली, चरखड़ी, रोहांडा में भी चुनाव प्रचार किया। वहीं, कंगना रनौत के साथ स्थानीय विधायक राकेश जम्वाल तथा अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



सुदंरनगर में कंगना रनौत का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता व अन्य पदाधिकारी।

# भाजपा ने जुमलेबाजी के सिवा कुछ नहीं दिया : नेगी

**हिमाचल में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए वोटिंग पहली जून को होगी। सभी पार्टियां चुनावी तैयारियों में जुटी हैं। कांग्रेस पार्टी कितनी तैयार है, यह जानने के लिए अनंत ज्ञान के शिमला से रिपोर्टर अनिल पंवार ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के तेजतर्रार मंत्री जगत सिंह नेगी से विशेष बातचीत की।**

*सवाल : मोदी सरकार के काम को कैसे देखते हैं?*
**जवाब :** भाजपा नीत मोदी सरकार ने 10 साल में देश को जुमलेबाजी और झूठ के सिवा कुछ नहीं दिया। वादे बड़े किए, लेकिन पूरे नहीं हुए। हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा तो पूरा नहीं किया, लेकिन रेलवे जैसे विभाग को भी बेच दिया। इस पीएसयू को निजी हाथों में देकर एक साथ 11 लाख नौकरियां खत्म कर दीं। लाखों युवाओं का रोजगार छीन लिया। देश के 28 करोड़ युवा नौकरी के लिए लाइन में खड़े हैं।

*सवाल : भाजपा मुद्दों को छोड़कर बार-बार हिंदू-मुस्लिम की बातें आखिर क्यों करती है?*
**जवाब :** देश में महंगाई चरम पर है। कांग्रेस सरकार के समय 400 रुपए के गैस सिलेंडर को लेकर भाजपा नेता प्रदर्शन करते थे, अब वही सिलेंडर 1200 रुपए हो गया है, लेकिन अब ये इस पर एक शब्द भी नहीं बोलते। कांग्रेस के कार्यकाल में पेट्रोल 45 रुपए था, जो आज 110 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है, लेकिन इस पर भी कोई बात नहीं होती। आज देश के 80 करोड़ लोग केवल पांच किलो अनाज पर निर्भर हैं। इसका मतलब यह कि आज भारत की स्थिति पाकिस्तान और बांग्लादेश से भी खराब हो गई है? दो चरणों में हुए मतदान के बाद




मोदी के चेहरे पर हताशा साफ दिखाई दे रही है। यही कारण है कि वे अब दोबारा से हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करने लगे हैं।

*सवाल : क्या प्रदेश कांग्रेस सरकार को कोई खतरा है?*
**जवाब :** भाजपा के पास कोई मुद्दा तो बचा नहीं है, इसलिए वह पहले ही प्रत्याशी घोषित कर झूठ फैलाने निकल पड़ी है। हिमाचल में सरकार को कोई



खतरा नहीं है, इसलिए कांग्रेस विधायकों को भी लोकसभा टिकट देकर यह संदेश देना चाहती है कि कांग्रेस सरकार के पास इतने विधायक हैं कि वह उनमें से कुछ को सांसद भी बना सकती है।

*सवाल : कांग्रेस के बागियों पर क्या कहना चाहेंगे?*
**जवाब :** भाजपा के लोग लोकतंत्र की हत्या करके प्रदेश में लोगों की चुनी हुई सरकार को धन बल से गिराना चाहते थे। तमाम कोशिशें करने के बाद भी ये लोग कामयाब नहीं हुए। इसका मतलब यह है कि प्रदेश में कांग्रेस की मजबूत सरकार है। जहां तक कांगेस के बागियों की बात है तो ये अब बागी नहीं रहे, बल्कि दागी हो गए हैं। दागी इसलिए क्योंकि इन्होंने केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि उस जनाता से भी दगा किया है, जिसने इन्हें जितवाकर विधानसभा पहुंचाया था। ये सभी इस्तीफा देकर भाजपा में नहीं गए, बल्कि दलबदल नियम के तहत निष्कासित होकर गए हैं। अब भाजपा ने इन्हें टिकट देकर उपचुनाव में उतारा है। उपचुनाव में जनता इनको करारा जवाब देने वाली है। ये सभी हारेंगे और कांग्रेस सभी सीटें जीतेगी।

# कांग्रेस ने किसानों-बागवानों के साथ किया छल : जयराम

## अगले पांच साल देश के विकास में मील का पत्थर होंगे साबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेस की सरकार ने बागवानों को ठगने का काम किया है। बागवानों को सेब के दाम तय करने की गारंटी दी, लेकिन सेब बेचना भी मुश्किल हो गया है। यह बात कोटखाई में चुनावी दौरे को लेकर जनसभा को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। यह सिर्फ देश ही नहीं दुनिया के लोगों को भी यकीन है। तभी आज चुनाव के परिणाम आने के पहले ही दुनिया भर के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देशों में आमंत्रित किया है। देश-विदेश में यह ख्याति मोदी के कामों की वजह से हैं।

25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालना हो या 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को राशन मिल रहा है। 70 साल से ज्यादा उम्र की लोगों को बिना किसी शर्त के आयुष्मान का लाभ देने की गारंटी आदि बहुत कुछ



कोटखाई में भाजपा समर्थकों के साथ जयराम ठाकुर।

मोदी की देन है। जयराम ने कहा कि इस समय कांग्रेस में कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। अब तो उनके सबसे बड़े नेता का भी वही हाल है। पहले वह अमेठी से लड़ने वाले थे, लेकिन उन्हें अपनी पारंपरिक सीट की जमीनी हकीकत का अंदाजा हो गया तो अपनी दूसरी पारंपरिक सीट रायबरेली चले गए, क्योंकि वह स्मृति ईरानी से फिर से हारना नहीं चाहते हैं। यह हालत कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की हैं। उन्होंने कहा कि कोटखाई के लोगों ने जो मांगा वह दिया। मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए जयराम ने कहा कि प्रदेश में दुख की सरकार चल रही यह सरकार बहुमत खो चुकी और जनता की नजर में भी गिर गई है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में हजारों की संख्या में चले हुए संस्थान आदि कई सुविधाएं बंद कर दी है। कांग्रेस इसी तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगों की बारी हैं ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करें।

# जब बच्चे दान दे रहे थे, तब भाजपा के मंत्री भ्रष्टाचार में लगे : कांग्रेस

## भ्रष्टाचार के कारण गया था बिंदल का मंत्री पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल और संजय अवस्थी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण ही उन्हें जयराम ठाकुर मंत्रिमंडल से बाहर निकाला गया था। कोरोना महामारी के दौरान जब हर कोई जीवन बचाने की जंग लड़ रहा था, तब भाजपा सरकार के मंत्री लूट-खसूट में लगे हुए थे। सैनिटाइजर, पीपीई किट और दवाइयों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार हुआ और डॉ. राजीव बिंदल की स्वास्थ्य मंत्री के पद से छुट्टी कर दी गई।



आशीष बुटेल



संजय अवस्थी

उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद डॉ. राजीव बिंदल मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए बयानवीर बने हुए हैं। राजनीति में बने रहने के लिए डॉ. बिंदल कांग्रेस को कोसने के मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बुटेल और अवस्थी ने कहा कि डॉ. बिंदल जनता को बतायें कि उन्हें पिछली भाजपा सरकार में मंत्री पद से क्यों हटाया गया और क्यों उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर सरकार जितना काम पांच वर्ष के कार्यकाल में नहीं कर सकी उससे अधिक काम मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने सवा साल में कर दिखाया है। मुख्य संसदीय सचिवों ने कहा कि जयराम सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में 16000 लोगों को सरकारी नौकरियां दीं, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने सवा साल के कार्यकाल में 22000 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार कर्मचारियों के हितों को सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने दस गारंटियों में से पांच प्रमुख गारंटियों को अपने सवा साल के कार्यकाल में ही पूर्ण कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने इस वित्त वर्ष से दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी में 25 रुपए की बढ़ोतरी कर 400 रुपए प्रतिदिन कर दी है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिड-डे मील वर्कर्ज, वाटर कैरियर, जल रक्षक, पैरा फिटर, पंप-ऑपरेटर, पंचायत चौकीदार, राजस्व चौकीदार, सिलाई अध्यापिकाओं, एसएमएस अध्यापकों तथा आईटी अध्यापकों के मानदेय में समुचित वृद्धि की गई है।

# ओपीएस पर भाजपा का स्टैंड स्पष्ट करें जयराम : चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा पुरानी पेंशन के मामले पर कर्मचारी वर्ग को अपना स्टैंड स्पष्ट करें।



उन्होंने कहा कि आज जयराम ठाकुर कर्मचारियों के हिमायती बनकर ओपीएस का समर्थन कर रहे हैं, जबकि सत्ता में रहते हुए जयराम ने पुरानी पेंशन मांगने पर कर्मचारियों पर लाठी बरसाईं, पानी की बौछारें छोड़ी और उन्हें अपमानित किया गया। जयराम ने मुख्यमंत्री रहते किसी भी कर्मचारी संगठन को वार्ता के लिए नहीं बुलाया, बल्कि उल्टे उन्हें पेंशन पाने के लिए चुनाव लड़ने की चुनौती दी जो उनके अहंकार को दिखाता है।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर सत्ता में रहते हुए अहंकार से भरे हुए थे और आज भी धनबल के अंहकार में हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि धनबल के अहंकार में आकर ही जय राम ठाकुर ने विधानसभा में सीधे-सीधे भगवान को चुनौती दे दी और कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता।

# सुक्खू ने विधायकों की बजाय मित्रों को दी तरजीह अब जनता वोट की चोट से देगी जवाब : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों की घोषणा के बाद पिछले 32 दिन से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव अभियान में जुटे हुए हैं। अपने प्रचार को धार तेज करते हुए उन्होंने शुक्रवार को विभिन्न पंचायत में कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार पर कई तंज कसे।



उन्होंने कहा कि मित्रों की सरकार वेंटिलेटर पर है और इसका सूरज डूबने वाला है। उन्होंने कहा जिस तरह एक षड्यंत्र के तहत प्रदेश की सुक्खू सरकार ने चुने हुए विधायकों की सदस्यता खत्म की है, उसका जवाब जनता अपने वोट की चोट से देगी और चुनावी नतीजे आने पर सुक्खू सरकार का पतन भी हो जाएगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश की यह पहली सरकार है जिसमें चुने हुए विधायकों को जलील किया और अपने मित्रों में प्रदेश का खजाना बांट दिया।

विधायकों की बजाय मित्रों को तरजीह दी और जनता से की गई गारंटियों को पूरा न करके जनता के विश्वास से भी धोखा किया। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में जनता सुक्खू सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है और 4 जून को डबल इंजन की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा लोग सुक्खू सरकार के कुशासन से तंग आ चुके हैं।

# न बिका गोबर, न मिला रोजगार, बहनों को मिला तो सिर्फ इंतजार : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला से भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। मीडिया को जारी प्रेस बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के दौरान प्रदेश के लोगों को दस गारंटियां दी थीं, लेकिन कांग्रेस एक भी गारंटी को सही मायनों में लागू नहीं कर पाई है।

सुधीर शर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अब लोगों में चर्चा शुरू हो गई है कि न तो किसानों का गोबर सरकार ने खरीदा, न ही बेरोजगारों को रोजगार दिया और न ही महिलाओं को 1500 रुपए दिए हैं, इसलिए लोगों में कांग्रेस सरकार के प्रति आक्रोश का लावा भर रहा है और वह मतदान के दिन जरूर फूटेगा। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश सरकार में विधायक की बात नहीं सुनी जा रही थी,



इसलिए मुझे भी लोगों के सम्मान और क्षेत्र के विकास के लिए अपना विधायक का पद छोड़ना पड़ा, क्योंकि जिस जनता ने उन्हें जिताया था, उनके काम नहीं हो पाएं तो मेरा विधायक बनने का कोई औचित्य नहीं रह गया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार से लोग तंग आ गए हैं, इसलिए भाजपा के समर्थन में बंपर लहर बन रही है। आने वाले चुनावों में लोकसभा की चारों सीटों के साथ विधानसभा की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड जीत दर्ज करेगी।

### हर बूथ पर सुधीर का जोरदार स्वागत

**भाजपा** प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने मंडल, जोन और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों के साथ रणनीति बनाने के बाद शुक्रवार से बूथ पर चर्चा कार्यक्रम तेज कर दिया है। बूथ पर चर्चा अभियान की शुरुआत करते हुए सुधीर ने शुक्रवार को बूथ नंबर 82 टंग नरवाणा, तंगरोटी-1 बूथ-83 आदि कई बूथों पर पहुंचकर लोगों से समर्थन जुटाया। इस दौरान सुधीर का जोरदार स्वागत किया गया।

# करसोग में भाजपा को झटका कई समर्थकों ने छोड़ी पार्टी

**करसोग।** भाजपा को करसोग विधानसभा क्षेत्र में बड़ा झटका लगा है। बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट के दावेदार रहे अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष युवराज कपूर व अपने दर्जनों समर्थकों सहित कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्हें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री एवं लोकसभा उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने पटका पहना उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। उन्होंने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री की नीतियों में आस्था जताई है। इसी दौरान पूर्व आईपीएस जगत राम भी कांग्रेस में शामिल हुए हैं। युवराज के साथ भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनूप ठाकुर, पूर्व भाजपा महामंत्री दीपराज आदि ने भी भाजपा को अलविदा कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा से आए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में पूरा मान-सम्मान मिलेगा।



कांग्रेस पार्टी में शमिल होने के दौरान सामूहिक चित्र में।

**सियासत** पूर्व मंत्री एवं भाजपा के बागी नेता डॉ. मार्कंडेय को भी कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद

# टिकट आवंटन के फेर में उलझी कांग्रेस

**कमलेश वर्मा, केलांग**

ठंडे रेगिस्तान जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में एक ओर जहां मई माह में भी ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही। वहीं, दूसरी ओर राजनीतिक सियासी पारा भी दिन प्रतिदिन चढ़ता ही जा रहा है।

आलम यह है कि चुनाव को अब एक माह से भी कम का समय शेष बचा है लेकिन कांग्रेस की ओर से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा तक नहीं की जा रही है। लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की ओर से दावेदारों की संख्या तो बढ़ रही है और हर दावेदार खुद को प्रत्याशी मानकर अपनी-अपनी ओर से प्रचार में जुटा हुआ है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इनमें से किसे टिकट देती है या किसी बाहर के नेता को प्रत्याशी बनाती है, यह अभी तक पहेली बना हुआ है। ऐसे में जितनी देरी प्रत्याशी की घोषणा में होगी, उतना ही नुकसान कांग्रेस को झेलना पड़ सकता है।

उधर, लाहौल-स्पीति कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी अब प्रत्याशी के चयन को लेकर की जा रही देरी को लेकर निराशा दिख रही है। कार्यकर्ता पार्टी से लगातार मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द प्रत्याशी की घोषणा करे नहीं तो टिकट आवंटन में हो रही देरी चुनाव में पार्टी पर भारी पड़ सकती है। वावजूद इसके अभी तक कांग्रेस अभी तक टिकट आवंटन के फेर में उलझी हुई है। वहीं, सीएम के लाहौल दौरे से जहां लोगों व कार्यकर्ताओं में प्रत्याशी के नाम को लेकर जो उम्मीद

**कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा न होने का भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा फायदा**




जगी थी,वह भी अब इतने दिन बीत जाने के बाद खत्म हो रही हैं।

उधर, भाजपा के बागी नेता डॉ. रामलाल मार्कंडेय हालांकि जहां आजाद चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन अभी तक वह भी असमंजस में होने के साथ-साथ कांग्रेस से टिकट मिलने के इंतजार में ही दिख रहे हैं, तभी तो अभी तक उनकी ओर से किसी तरह का प्रचार शुरू नहीं किया गया है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर जहां प्रचार में जुटे हुए हैं।

उन्होंने नौ मई को केलांग में अपना नामांकन दाखिल करने की भी घोषणा कर दी है। नामांकन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, मंडी लोकसभा प्रभारी गोविंद ठाकुर व लाहुल-स्पीति चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर सम्मिलित होंगे।

रवि ठाकुर को टिकट देने की घोषणा करने के बाद लाहौल-स्पीति भाजपा में भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। रवि ठाकुर के लिए सुखद यह रहा कि उन्हें नाराज लोगों को मनाने का समय मिल गया। रवि ने लाहौल घाटी के बाद स्पीति का भी दौरा कर लिया।

लाहौल के बाद उन्हें स्पीति भाजपा मंडल से भी भारी समर्थन मिला। रवि ठाकुर ने अपने चुनाव प्रचार के पहले चरण के तहत अभी तक लाहौल-स्पीति के करीब 70 फीसदी गांवों का दौरा पूरा कर लिया है। रवि ठाकुर का कहना है कि लाहौल की जनता अब जान चुकी है कि कांग्रेस सरकार ने उनकी अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति की जनता जीत दिलाकर उनके साथ न्याय करेगी। (अनंत ज्ञान)

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



मैं बिलासपुर कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष छात्रा हूं। मेरा कहना है कि वर्तमान सरकार की शिक्षा और रोजगार विषय पर कोई भी योजना नहीं है। उन्होंने समस्त बिलासपुर की युवा पीढ़ी से भी आग्रह किया है कि सोच-समझकर वोट करें। अच्छा नेता चुनें जो शिक्षा क्षेत्र में बढ़िया कार्य करे।
**-शिल्पा, बिलासपुर शहर**



सरकार रोजगार देने में हमेशा विफल रही है। चुनावों के नजदीक आते ही सरकार रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे करती है, परंतु जब चुनाव संपन्न हो जाते हैं तो सरकार इस विषय पर कोई कदम नहीं उठाती है और प्रत्येक सत्र युवा पीढ़ी के साथ मजाक चला आ रहा है।
**-खुशबू कपिल, बिलासपुर**



आज के समय में आए दिन शिक्षा दिन-प्रतिदिन महंगी होती जा रही है। सरकार को शिक्षा प्रणाली पर कार्य करना चाहिए, ताकि गरीब और अमीर एक ही छत के नीचे एक साथ शिक्षा प्राप्त कर सकें।
**-दिक्षा बसंल, हरलोग**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राममंदिर बनाया गया है, जो कि एक बहुत बड़ा मुददा था, लेकिन मोदी ने इसे बनाने की नींव रखी थी और बनाकर छोड़ा है। इसके अलावा इंटरनेशनल पॉलिसी में भी मोदी का ही योगदान है। लोकसभा चुनाव में मोदी जीत अवश्य होगी।
**-हितेंद्र कश्यप, शिमला**



भारत को जो भी सरकार ऊंचाइयों तक पहुंचाए या भारत का विकास करे, वही सरकार आनी चाहिए। पहले विदेशों में भारतीयों को इज्जत नहीं दी जाती थी, लेकिन मोदी के आने के बाद भारत का चेहरा विदेशों में बदल गया है।
**-रोहित ठाकुर, शिमला**



मैं उसी नेता को वोट करुंगी जो शिक्षा और रोजगार विषय पर चर्चा करेंगे। प्रत्येक सत्र युवा पीढ़ी के साथ चुनावों के समय रोजगार देने के वायदे किए जाते हैं, लेकिन जब तय समय आता है तो यह वायदे पूरी तरह से विफल होते नजर आते हैं।
**-मोनिका ठाकुर, कोसरियां वार्ड**



जनता मोदी को फिर से प्रधानमंत्री देखना चाहती है और वह अवश्य ही बनेंगे। इनके जीतने का कारण यह है कि इन्होंने राममंदिर बनाया, धारा 370 का मामला सुलझाया। हम अगर आयुष्मान योजना की ही बात करते है तो इसमें मरीजों का इलाज निशुल्क हो रहा है। लोग इस बार मोदी ही वोट करेंगे।
**-अतुल शर्मा, शिमला**



आजकल के युवा अपने माता-पिता को अकसर वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं, लेकिन मोदी ने वृद्धों को पेंशन लगाई जिस कारण बुजुर्ग अपने घर में रह सकते है। इससे बुजुर्गों को काफी लाभ हुआ है। इस बार मोदी ही जीतेंगे।
**-राहुल ठाकुर, शिमला**



स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार उचित कदम उठाने में नाकाम रही है। बेरोजगारी और गरीबी भी एक अहम मुद्दा है, जो पार्टी इन मुद्दों पर ठोस रणनीति को लेकर चुनाव के मैदान में होगी उसे मतदाता को मतदान किया जाएगा।
**-अशोक कुमार, हमीरपुर**



मंडी में ऐसा सांसद होना चाहिए, जो शिक्षा के क्षेत्र में वह उन्नत प्रयास करें, जो स्टूडेंट्स को उनके लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए और हिमाचल में अच्छे कोचिंग संस्थान न होने से दूसरे राज्यों में जा रहे हैं और अधिक खर्च होने के कारण गरीब बच्चों को समस्या आती है, ऐसे में सरकार को हिमाचल में भी एक अच्छे संस्थान खोलने चाहिए।
**-अभिनव शर्मा, जोगिंद्रनगर**



मंडी में ऐसा सांसद होना चाहिए कि बिना मतभेद से मंडी क्षेत्र की समस्याओं को संसद तक पहुंचा सके और कई वर्षों से करुणामूलक आश्रितों के साथ हो रहे अन्याय को सुनकर दिल्ली संसद भवन तक पहुंचा सकें।
**-विजयकांत शर्मा, लडभड़ोल**



मंडी का संसदीय क्षेत्र का सांसद शिक्षित और प्रगतिशील होना चाहिए। सांसद को विकेंद्रीकरण नियम अपनाने चाहिए। उन्हें नौजवान लोगों के उज्ज्वल भविष्य के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रयास करना चाहिए। ग्रामीण विकास के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए।
**-मीनाक्षी ठाकुर, मंडी**



आदर्श सांसद को अपने स्थानीय निर्वाचन क्षेत्र और राष्ट्रीय मुद्दों के बीच की खाई को समाप्त करना चाहिए। व्यापक राजनीतिक परिदृश्य को समझते हुए अपने समुदाय के लिए एक आवाज के रूप में कार्य करना चाहिए। नैतिक मानकों को बनाए रखना, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व एक सांसद के लिए महत्वपूर्ण गुण है।
**- प्रीतम, भरमौर**

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# आईपीएल मैचों के लिए एचपीसीए तैयार

## तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे एचपीसीए कर्मी; सिंगिंग फउंटेन व फूड कॉर्नर बनाया, मैच पांच और नौ मई को

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पूरी तरह तैयार है। 5 और 9 मई को होने वाले आईपीएल मैचों के लिए क्रिकेट स्डेडियम में तैयारियों की अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मैदान खूबसूरत दिखे इसलिए सिंगिंग फउंटेन बनाया गया है। साथ ही फूड कॉर्नर बनाया गया है, जिसमें दर्शक अपनी पसंद की खाने-पीने की चीजें खरीद सकेंगे। इससे पूर्व दर्शकों के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी। एचपीसीए कर्मचारी शुक्रवार को मैदान की साफ-सफाई में जुटे रहे और विभिन्न निर्माण कार्यों को अंतिम रूप देने में व्यस्त दिखे।

एचपीसीए अधिकारियों का मानना है कि मैच से पूर्व मैदान पूरी तरह तैयार कर दिया जाएगा। किंग्स इलेवन पंजाब से भिड़ने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम भी शुक्रवार को धर्मशाला पहुंच गई है। एचपीसीए पदाधिकारियों ने गगल हवाई अड्डे पर खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और विशेष वाहनों में उन्हें पांच सितारा होटल रेडिसन ले जाया गया। टीम के लिए शुक्रवार का दिन रेस्ट डे है। शनिवार को टीम मैच से पूर्व एक दिन एचपीसीए स्टेडियम में प्रैक्टिस करेगी। (अनंत ज्ञान)



स्टेडियम में तैयारियों को अंतिम रूप देते एचपीसीए कर्मी।

### खराब मौसम से बढ़ाई एचपीसीए की चिंता

**शुक्रवार** को धर्मशाला में दिन भर बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी मौसम कुछ इसी तरह का रहेगा। रविवार मैच-डे पर भी आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है लेकिन दिन के कुछ हिस्सों में धूप भी देखने का मिलेगी, साथ ही हल्की बारिश होने का भी अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आईपीएल के 9 मई को होने वाले मैच के दिन भी बारिश और तूफान की संभावना है।

### किंग्स इलेवन पंजाब का प्रैक्टिस शेड्यूल रद्द

**पांच** मई को होने वाले मैच से पूर्व पंजाब टीम का शुक्रवार को होने वाले प्रैक्टिस शेड्यूल रद्द कर दिया गया। अब टीम शनिवार को प्रैक्टिस करेगी, इसी दिन चेन्नई की टीम भी प्रैक्टिस करेगी।

> शुक्रवार को पंजाब टीम का प्रैक्टिस शड्यूल रद्द किया गया है। चेन्नई टीम भी धर्मशाला पहुंच गई है और अब टीमें शनिवार को मैच प्रैक्टिस करेंगी। मौसम के खराब होने की कुछ संभावना है, लेकिन मैदान को जल्द सुखा कर खेलने लायक बनाने के पूरे बंदोबस्त हैं। साथ ही भगवान इंद्रु नाग का मैचों के आयोजन के पूर्व आशीर्वाद लिया गया है और पूरी उम्मीद है कि मैचों का बिना किसी वाधा से सफल -आयोजन होगा
> **- संजय शर्मा, निदेशक, एचपीसीए।**

# आरा चौक पर आवारा कुत्ते ने कई लोगों को काटा, दहशत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा के अंतर्गत ग्राम नगंल चौक स्थित आरा चौक पर शुक्रवार सुबह उस बक्त खलबली मच गई जब वहां एक अवारा कुत्ते ने सैर पर निकले अध्यापक व एचआरटीसी के चालक, निजी बस के परिचालक और अन्य लोगों सहित पैदल राहगीरों को बारी-बारी काट कर लहूलुहान कर दिया।



पीड़ितों की चीख पुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण इकठे हो गए और वहां झुंड बनाकर बैठे आवारा कुत्तों को भगाया। नंगल चौक आदि इलाकों में उपरोक्त कुत्तों के इस आतंक से दहशत का महौल बन गया। आलम यह है कि पैदल राहगीर और स्कूली बच्चों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है

आपको बता दें कि सैर पर निकले सरकारी स्कूल के अध्यापक जो डाडासीबा में रहते हैं और अपनी सेवाएं जंबल स्कूल में दे रहे हैं, को पांव पर काटा है।

उसके साथ ही हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक, जो भी घर से अपने बस के रूट पर डाडा सीबा को जाने के लिए घर से निकल ही थे, को आरा चौक में कुत्ते ने टांग पर इतना ज्यादा काटा कि उक्त दोनों व्यक्तियों (अध्यापक और चालक) को डाडा सीबा सिविल अस्पताल में ले जाया गया वहां पर चिकित्सकों द्वारा इन दोनों व्यक्तियों का उपचार किया गया। स्थानिय ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है इलाके में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए।

# नारा लेखन में कविता और पोस्टर मेकिंग में तनुज अव्वल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र मोहली में आयोजित फोटोग्राफी में फारूक, नारा लेखन में कविता और पोस्टर मेकिंग में तनुज और मुकुल को प्रथम घोषित किया गया, जबकि मेहंदी प्रतियोगिता में कनिका एमसीए विभाग, रंगोली में दीपिका, सिमरन और वैशाली जरियाल अव्वल रही।
इन प्रतियोगिताओं में सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।
इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ.डी.पी वर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ उनके कला कौशल का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्थान में विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।
इस दौरान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कमेटी की अध्यक्ष डॉ. पूनम, उपाध्यक्ष डॉ. नमिता राणा एवं अन्य सदस्यों, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. जितेंद्र कौर, कुमारी शिखा, अदिति बधान, डॉ. विपिन कुमार और डॉ. अश्विनी लखनपाल तथा अन्य स्टाफ सदस्यों डॉ. संजीव डढवाल, डॉ. किशोर,डॉ. संदीप धीमान भी उपस्थित थे।

# शूलिनी विवि में एक्यूप्रेशर कार्यशाला का आयोजन

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में योगानंद स्कूल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड हैप्पीनेस ने हालही में 5-दिवसीय एक्यूप्रेशर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला, सरोज खोसला और इनोवेशन एंड लर्निंग अध्यक्ष आशीष खोसला की उपस्थिति सहित 40 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला मानव शरीर में विभिन्न बीमारियों को कम करने के लिए एक्यूप्रेशर के सैद्धांतिक सिद्धांतों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों दोनों पर आधारित थी।

कार्यशाला के प्रमुख विशेषज्ञ सुविधाकर्ता उड़ीसा स्वास्थ्य सेवा संघ (ओएसएसएस) से सौमित्र दास, विकास कुमार साहू, लीना साहू और मिस श्रेया सिंह थे। सभी प्रतिभागियों के लिए इंटरैक्टिव अध्ययन, व्यावहारिक अनुप्रयोग और मौज-मस्ती के क्षणों का सहज मिश्रण हुआ। मानव शरीर और महत्वपूर्ण तंत्रिकाओं के बीच जटिल संबंधों को समझने से लेकर व्यावहारिक उपचार तकनीकों तक, कार्यशाला ने अमूल्य अंतर्दृष्टि और कौशल प्रदान किए।

# आईटीआई दाड़ी के प्रशिक्षुओं से मतदान को लेकर किया संवाद



आईटीआई दाड़ी के प्रशिक्षु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान चुनाव अधिकारियों के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आगामी लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला स्थित दाड़ी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम रानी ग्रुप अनुदेशक ने की।

विधानसभा क्षेत्र 18-धर्मशाला सहायक निर्वाचक अधिकारी व एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट के मार्गदर्शन में स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच, डॉक्टर जोगिंदर सिंह, डॉ. मिथुन कुमार दत्ता, डॉ. शबाब अहमद, डॉ. पूजा कटोच, डॉ. रेखा रावत तथा विलास हंस ने इस बार इस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी ने लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ ली।

इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई एवं उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है कि नहीं। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो वह बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरें। बाद मे एक मतदान जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर मनीषा, कमलेश कुमारी,अनामिका महाजन, सपना देवी, मधु शर्मा, हरविंदर कौर, अंकुर वालिया, राकेश शर्मा, पवन राणा, पंकज कुमार, घनश्याम पूरी, अभिषेक चंबियाल सहित स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित रहे ।

# सीएम व आनंद शर्मा 6 को करेंगे बैजनाथ का दौरा

**बैजनाथ।** कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार आनंद शर्मा 6 मई सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का एकदिवसीय दौरा करेंगे।
यह जानकारी देते हुए बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने बताया कि 9:30 बजे सुबह राय बहादुर जोधा माल सराय के बाहर आनंद शर्मा का भव्य स्वागत किया जाएगा उसके बाद ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा-अर्चना के बाद 10:00 बजे संसाल में चुनावी जनसभा को संबोधित किया जाएगा 12:30 बजे सगूर में 2:30 बजे शीतला चौक कटोच पैलेस में भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया जाएगा। वे चड़ियार पंचायत में शाम 4:00 बजे जनसभा संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों में सीएम सुक्खू भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपने नेता के विचारों को सुनें।

# परौर में राधा स्वामी डेरे में आज व कल होगा सत्संग, तैयारियां पूरी

## सेवादारों और पुलिस प्रशासन ने संभाला सुरक्षा का जिम्मा

**तरुण चौधरी, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां स्थित परौर में राधा स्वामी डेरे में चार व पांच मई को होने वाले सत्संग के लिए पंजाब-हिमाचल सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंच चुकी है। इस सत्संग में हर साल लाखों की संख्या में संगत पहुंचती है।

इसको लेकर प्रशासन सहित अन्य विभागों ने कमर कस ली है। 4 मई को एक छोटा समागम होगा और 5 मई को बड़े समागम व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार रविवार को समागम के बाद राधास्वामी सत्संग ब्यास डेरा प्रमुख गुरिंद्र सिंह ढिल्लों महाराज वापस रवाना हो जाएंगे।

गौर रहे कि सत्संग के दौरान तमाम सुविधाओं सहित सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के लिए प्रशासन व पुलिस विभाग को काफी कसरत करनी पड़ती है। ऐसे में यहां पहुंच रहे वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान चिन्हित किए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए सेवादारों व पुलिस कर्मियों ने जिम्मा संभाला हुआ है। सुरक्षा-व्यवस्था को जांचने के लिए प्रशासन ने राधा स्वामी सत्संग परिसर का दौरा भी किया है। इस दौरान उन्होंने डेरा प्रबंधन से कानून व्यवस्था बनाए रखने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाए रखने को लेकर रूपरेखा तैयार कर चर्चा की। साथ ही संगत के लिए मुख्य पंडाल सहित जंगल में रहने के लिए टैंट का प्रावधान भी किया गया है। संगत के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है, कुछ पुलिस जवान सिविल में भी तैनात किए गए हैं।

सत्संग परिसर सहित आसपास की जगहों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, जिससे कि शरारती तत्वों व जेब कतरों पर पुलिस की पूरी नजर रहेगी। (अनंत ज्ञान)



परौर में होने वाले सत्संग को लेकर नगरोटा बगवां में ट्रैफिक व्यवस्था संभालते सेवादार।

# सुधीर शर्मा की तरह बिकाऊ नहीं, जमीनी कार्यकर्ता होगा कांग्रेस प्रत्याशी : राजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला उपचुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी पार्टी का सच्चा सिपाही, डंडे-झंडे उठाने वाला व घर-घर जाकर लोगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाने वाला कार्यकर्ता होगा न कि सुधीर शर्मा की तरह बिकाऊ। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा के हाल ही में दिए बयान पर पलटवार करते हुए यह बात प्रेस को जारी एक बयान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कॉ-आर्डिनेटर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं जम्मू-कश्मीर मीडिया प्रभारी राजन मदान ने कही।



उन्होंने कहा कि धर्मशाला से पार्टी प्रत्याशी लगभग चयनित हो चुका है और मात्र घोषणा शेष है। सुधीर अपनी जमानत जब्त होने से बचने की सोचें न कि कांग्रेस की कार्यप्रणाली में तांकझांक करें। उन्होंने सुधीर पर तंज कसते हुए कहा कि वह अपना ईमान बेच कर भाजपा में शामिल हुए हैं इसलिए अब कांग्रेस की गतिविधियों पर ज्यादा ध्यान न दें।

मदान ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा का चुनाव कर भाजपा खेमे में हलचल पैदा कर दी है और उन्हें अब हार सामने दिख रही है।

# टिकरी टियाला में वार्षिक भंडारा 5 को

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले गांव टिकरी टियाला में बाबा पट सिद्ध मंदिर में 5 मई रविवार के दिन वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवार के दिन सुबह 10 बजे हवन किया जाएगा, उसके बाद दोपहर 12 बजे से भंडारा शुरू हो जाएगा। टिकरी जय मां ज्वाला मंदिर के कमेटी के सदस्यों ने स्थानीय लोगों से आह्वान किया सभी भक्तजन रविवार के दिन भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने जरूर पधारें।

# अभिषेक मिस्टर व शिल्पा मिस फेयरवेल चुने

## कथोग के लॉरेट इंस्टीट्यूट में स्नातक छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कथोग (ज्वालाजी) स्थित लॉरेट इंस्टीट्यूट में स्नातक छात्रों के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक डॉ. रण सिंह उपस्थित थे।

उनके साथ अतिथि विद्वान के रूप में डॉ. एमएस आशावत, डॉ. विनय पंडित, प्रोप्त वर्मा, प्रोप्त वालिया और प्रोप्त जसबीर सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान डॉ. रण सिंह ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी 2008 से अच्छी शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहा है।



विदाई समारोह के दौरान लॉरेट इंस्टीट्यूट के छात्र एवं प्रोफेसर।

समारोह में बीसीए के छात्रों में अभिषेक को मिस्टर व शिल्पा को मिस फेयरवेल, शार्टिक को मिस्टर पर्सनालिटी और अंकिता को मिस पर्सनालिटी चुना गया।

समारोह में स्टाफ सहायक प्रवक्ता विजय, भुवनेश, अजय, अक्षु, वंदना, ज्योति, श्रिया, नैनिका, रुचिका, अंकुश, रिम्पी उपस्थित थे और उन्होंने बीसीए चौथे सेमेस्टर के छात्रों में अमन, वंशुल, साहिल, मयंक, कुंदन, विकास, आर्यन, प्रांजल व अन्य के साथ मिलकर पार्टी का आयोजन किया।

# 17.92 ग्राम चिट्टे के साथ दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

गत देर रात वीरवार को ज्वालामुखी पुलिस ने कथोग बाजार से 50 मीटर पीछे ज्वालामुखी मार्ग पर एक पंजाब के युवक शिव कुमार पुत्र हरजीत सिंह निवासी होशियारपुर पंजाब से मौके पर 14.08 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

पुलिस ने यह कार्यवाही गुप्त सूचना के आधार पर की और गश्त करते हुए पंजाब के युवक से, जोकि उस समय पैदल था से मौके पर चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ मामला ज्वालामुखी थाने में दर्ज किया है।



वहीं दूसरी ओर पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत आज शाम ज्वालामुखी पुलिस ने गश्त के दौरान चंबापतन पुल से 200 मीटर आगे गाहलियां रोड पर आशीष चौधरी पुत्र विमल चौधरी, निवासी बिल बदोली कथोग से मौके पर 3.82 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

पुलिस ने मौके पर कार्यवाही करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विजय शर्मा ने बताया कि दोनों मामलों की जांच जारी है।

### देसी शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत कचहरी अड्डा में वब्लेस कुमार निवासी अप्पर सकोह की दुकान से 9,000 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने इस मामले को हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अपील** 18 वर्ष के युवा या नाम दर्ज करने से छूटे पात्र लोग फार्म-6 भरकर करें आवेदन

# मतदाता बनने का अभी भी है मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदाता बनने का अभी भी मौका है। अगर पहली अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं ने या किन्हीं कारणों से नाम दर्ज करने से छूटे अन्य पात्र लोगों ने भी अभी तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करवाया है तो वे अब देर न करें। मतदाता सूची में दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 4 मई है। 4 मई के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेम राज वैरबा ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी या तहसीलदार या एसडीएम कार्यालय में फार्म-6 पर आवेदन करके नाम दर्ज किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन ऐप और वोटर पोर्टल-वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन के माध्यम से भी फार्म-6 पर भी आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हम सबका यह दायित्व है कि हमारा नाम मतदाता सूची दर्ज हो। तभी हम मतदान के माध्यम से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

### ईवीएम-वीवीपैट की दूसरी रेंडमाइजेशन विस क्षेत्र स्तर पर 19 मई को

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान उपयोग की जाने वाली ईवीएम और वीवीपैट विस स्तर पर दूसरी रेंडमाईजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 19 मई को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट की प्रथम रेंडमाइजेशन के पश्चात शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सात विधानसभा क्षेत्रों नुरपुर, इंदौरा, फतेहपुर, ज्वाली, देहरा, जस्वां प्रागपुर, ज्वालामुखी के लिए भेजी गई हैं जबकि अन्य विधानसभा क्षेत्रों जयसिंहपुर, सुलह, नगरोटा बगबां, कांगड़ा, शाहपुर, धर्मशाला, पालमपुर, बैजनाथ के लिए शनिवार को ईवीएम तथा वीवीपैट की रवानगी सुनिश्चित की जाएगी। ईवीएम तथा वीवीपैट को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में रखा जाएगा।

प्रथम रेंडमाईजेशन भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न की गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के निर्देशों की अनुपालना करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। ईवीएम के रैंडमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईवीएम तथा वीवीपैट की सूची प्रदान की गई।

> **सात विस क्षेत्रों के मुख्यालयों को कड़ी सुरक्षा के साथ भेजी ईवीएम-वीवीपैट, जिला मुख्यालय पर राजनीतिक दलों की उपस्थिति में हुई थी प्रथम रैंडमाइजेशन**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को संचालित किया जा रहा है तथा इसमें विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि किसी भी स्तर पर कोताही नहीं हो सके।



# 125 करोड़ पहुंचा हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के होटलों का घाटा

## विभाग होटल प्रबंधन से करेगा जवाब तलब, होटलों की प्रमोशन को लेकर जारी पत्र ठंडे बस्ते में

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रकृति के सान्निध्य में बसे हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास के दर्जनों होटल भले ही सालों से पर्यटकों को आकर्षित करते आए हों लेकिन लंबे अर्से से घाटे से नहीं उबर पाए हैं। यही कारण है कि निजी होटल सेक्टर के मुकाबले हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के प्रदेश में ज्यादातर होटल लगातार घाटे का सामना कर रहे हैं। आलम ये कि अब ये घाटा 125 करोड़ तक पहुंच चुका है।

प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों में स्थित ये 65 होटल अब कुल मिलाकर कारोबार की दृष्टि से सफेद हाथी बन कर रह गए हैं। इसको लेकर पर्यटन विभाग की ओर से अपने सभी होटलों को इस बारे में साथ लगते बैंक संस्थानों, विश्विद्यालयों, स्वास्थय संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य बड़े व्यवसायिक परिसरों से मिलकर निगम के होटलों की प्रोमोशन करने के निर्देशों पर भी कोई अमल नहीं हो पाया है तथा यहा कारण है कि इससे कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके हैं। बताते चलें कि इसको लेकर 6 फरवरी को एक पत्र पर्यटन विकास निगम के शिमला स्थित प्रबंधक निदेशक ने जारी किया तथा इसके बाद 12 मार्च, 29 मार्च तथा 3 अप्रैल को इस बारे रिमांइडर देने के बावजूद होटल प्रबंधनों की ओर से कोई ठोस कदम उठाने की जानकारी न मिलने के बाद अब विभाग ऐसे होटलों के प्रबंधन को सरकारी आदेशों के प्रति इस लापरवाही को लेकर तलब करने के मूड़ में हैं।

गौर रहे कि पुरे प्रदेश भर में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कुल 65 होटल स्थित हैं। वहीं निजी सेक्टर के होटलों के मुकाबलें में सरकारी होटलों में कारोबारी काफी कम हो रहा है जिसके कारण एचपीटीडीसी के होटलों का कुल घाटा अब तक 125 करोड़ तक हो गया है। ऐसे में सरकारी होटलों को निजी होटलों के मुकाबले खड़ा करने में प्रयासों की काफी दरकार है, ताकि निगम के होटल भी लाभ की श्रेणी में आ सकें। (अनंत ज्ञान)

### कई सालों से हो रहा घाटा

**पिछले** वित्तीय वर्षों में एचपीटीडीसी को काफी घाटे का सामना करना पड़ा है। पर्यटन विकास निगम को 2018-19 में 5.78 करोड़ का वार्षिक घाटा हुआ, इसके बाद 2019-20 में 9.00 करोड़, 2020-21 में 40 करोड़ और 2021-22 में 11 करोड़ का घाटा हुआ। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3.43 करोड़ का लाभ कमाना सकारात्मक बदलाब माना गया था लेकिन इसे मैंटेन रखना विकास निगम के लिए चुनौती बना हुआ है।

### क्या बोले- निगम के प्रबंधक निदेशक



**उधर,** इस बारे में जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के शिमला स्थित प्रबंधकीय निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि निगम के होटलों की खराब वित्तिय स्थिति को देखते हुए इनकी प्रोमोशन करने के लिए निगम के होटलों के संबधित विपणन विभाग को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे लेकिन संबधित प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिलने के चलते अब निगम ऐसे होटलों से जवाब तलब करेगें ताकि निजी क्षेत्र के होटलों की तर्ज पर पर्यटन निगम के होटलों को अपडेट किया जा सके।

# 45 पेटी अवैध शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**धर्मशाला/पालमपुर/पंचरुखी/नगरोटा बगवां।** पुलिस ने विभिन्न जगहों से छापेमारी दौरान अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की है। डमटाल पुलिस को शराब माफिया के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाके के दौरान एक गाड़ी से शराब की 45 पेटियां बरामद की हैं। इस मामले में 2 लोगों सन्नी पुरी निवासी टीचर कालोनी और गौरव निवासी पठानकोट को गिरफ्तार किया है। थाना डमटाल के प्रभारी कल्याण सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हिल टॉप मंदिर के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक फॉर्च्यूनर गाड़ी (एचपी 39एफ-6684) की तलाशी ली तो उसमें उक्त शराब की पेटियां बरामद हुईं। पुलिस थाना डमटाल ने मामला दर्ज कर लिया है। एसपी नूरपूर अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

उधर, पुलिस थाना भवारना के तहत टियालू में प्रदीप वालिया निवासी सुतरेहड़ डाकघर मनसिंबल के स्टोर रूम से 18 हजार एमएल अवैध देसी शराब व 7800 एमएल बीयर बरामद की गई है।

वहीं, पुलिस थाना पंचरुखी के तहत पाहड़ा चौक में अनिल कुमार निवासी टिक्कर की दुकान से 9 हजार एमएल अवैध देसी शराब बरामद की है।

उधर, पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत पुलिस ने दो मामलों में करीब 11 हजार एमएल अवैध देसी शराब बरामद की है। पहले मामले में मनोज कुमार निवासी वार्ड नं 4 नगरोटा बगवां की दुकान से 6750 एमएल देसी शराब बरामद की है। वहीं, दूसरे मामले में प्रवीण कुमार निवासी वार्ड नं. 3 मुमता की दुकान से 4125 एमएल देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सभी सीटों पर जीत का दावा



पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान मंच पर मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां में भाजपा ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में हिमाचल भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने दावा किया कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे और केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता तथा पन्ना प्रमुख अपने-अपने कार्य क्षेत्र में जाकर मोदी सरकार की ओर से जनता के हित में चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, नगरोटा के पूर्व विधायक अरुण कुमार कुका, मंडल अध्यक्ष सोनू चौधरी ने हिमाचल सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है। सम्मेलन में कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के संयोजक चंद्रभूषण नाग, प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष विनय चौधरी, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा भी उपस्थित रहे।

# क्लेम न देने पर कंपनी को राशि व कोर्ट फीस चुकाने के दिए आदेश

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने अपने एक निर्णय में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को 9 प्रतिशत ब्याज सहित 10 लाख रुपए लौटाने तथा 20000 रूपए का मुआवजा व 10000 कोर्ट खर्च के चुकाने के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता देहरा निवासी सीमा शर्मा पत्नी स्व. राजीव कुमार ने शिकायत में अपने पति को देहरा बैंक में खाता होने की बात कही थी। साल 2021 में उनके पति ने संबंधित बैंक से जीवन बीमा करवाया था जिसकी नॉमिनी सीमा शर्मा थीं। इसी साल सितंबर माह में उनके पति घर की छत से गिर गए तथा उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं कई औपचारिकताओं को पूरा करने के बावजूद बैंक ने क्लेम देने में आनाकानी की, जबकि तत्कालीन नायब तहसीलदार देहरा ने मौत को लेकर दुर्घटना में मौत का प्रमाणपत्र भी जारी किया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग में एक याचिका दाखिल की।

आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद पॉलिसी के अनुसार शिकायतकर्ता के क्लेम को सही पाया। आयोग के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा तथा आरती सुद तथा नारायण ठाकुर की खंडपीठ ने इस मामले में बरती गई लापरवाही को देखते हुए इंश्योरेंस कंपनी एसबीआई लाइफ को शिकायतकर्ता को उक्त आदेश जारी किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# 5 मई को तीन बड़े इवेंट्स के लिए जिला पुलिस तैयार

## सत्संग, नीट परीक्षा और आईपीएल मैच एक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

5 मई को जिला कांगड़ा में तीन बड़े इवेंट एक साथ होने के कारण सड़कों में वाहनों की संख्या अधिक होने वाली है। इसी दिन राधा स्वामी सत्संग समाम्त होगा और उस दिन श्रद्धालु अपनो घरों की रूख करेंगे। 5 मई को ही धर्मशाला में आईपीएल मैच और इसी दिन जिला में 14 सेंटरों में नीट की परीक्षा भी होनी है। यातायात को सुचारू रखने के लिए जिला पुलिस ने कमर कस ली है और एक योजना के तहत वाहनों का आवागमन सुनिश्चित किया जाएगा।

परौर में 4 से 6 मई तक होने वाले राधा स्वामी सत्संग के दौरान यातायात व्यवस्था और श्रृद्धालुओं की सुविधा की लिए जिला पुलिस ने तैयारियां कर ली हैं। राधा स्वामी सत्संग में 2 लाख से अधिक श्रृद्धालुओं के आने की उम्मीद है। प्रैस को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की भी सेवाएं ली जाएंगी, साथ ही आपातकालीन वाहन सहित पुलिस जवान एवं स्वयंसेवक मौके पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सहित पडौसी राज्यों से करीब 25 हजार वाहनों के यहां पहुंचने का अनुमान है। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए वन-वे यातायात योजना बनाई गई है जिसके तहत पठानकोट से परौन आने वाले वाहनों के लिए दरंग, सत्संग भवन एवं द्रंग राजकीय माध्यमिक पाठशाला में पार्किंग व्यवस्था रहेगी। मंडी व सुजानापुर आदि क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए परौर मेला मैदान व रेलवे स्टेशन के साथ जगह पर गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था रहेगी। नियमित गाड़ियों एवं बसों के लिए वाया नगरी वन-वे रहेगा। इसके अतिरिक्त कांगड़ा, पठानकोट आदि क्षेत्रों में जाने वाले नियमित वाहनों एवं बसों को मैंझा रोड़ से डाईवर्ट कर वाया नगरी, डाढ़ एवं मलां से आगे भेजा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पूरी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस एवं होमगार्ड के करीब 200 जवानों की तैनाती की गई है।

### 5 मई को ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

आईपीएल मैच के लिए दर्शकों के लिए पुलिस मैदान, डीआईजी कार्यालय, मिनी सचिवालय, जिलाधीश कार्यालय, मेला मैदान दाड़ी, फुटबॉल मैदान, अचीवर्ज हब स्कूल, जोरावर मैदान, पुरानी पुलिस लाईन, कार वॉशिंग स्टेशन जेल व प्रयास भवन एवं डिग्री कॉलेज धर्मशाला पार्किंग क्षेत्र चिहिंत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गाड़ियां वन-वे माध्यम से गाड़ियों को धर्मशाला में आवागमन होगा। धर्मशाला आने के लिए वाया चैतड़ू रूट होगा और धर्मशाला से बाहर निकलने के लिए वाया सकोह रूट रहेगा।

### निर्धारित समय से पूर्व निकलें परीक्षार्थी

जिला कांगड़ा में 14 सेंटरों में नीट की परीक्षा भी 5 मई को है। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि सड़क मार्ग पर वाहनों की अधिक संख्या और रोड़ डावर्जेंस होने के कारण निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र के लिए निकलें। पुलिस अधीक्षक ने कहा जिन परीक्षार्थियों के सेंटर पालमपुर, बैजनाथ, नगरोटा बगवां एवं कांगड़ा आदि में हैं वह यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के लिए निकलें।

### आईपीएल के दौरान अच्छे पर्यटन कारोबार की उम्मीद

**मैक्लोड़गंज।** धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मुकाबलों के चलते पर्यटन कारोबार में बढ़ोतरी की उम्मीद पर्यटन कारोबारी लगाए बैठे हैं। आईपीएल मुकाबलों के दौरान लोअर धर्मशाला के अलावा अप्पर धर्मशाला के होटलों में ऑक्यूपेंसी इस दौरान बढ़ेगी। होटल कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार दोनों मुकाबलों के दौरान ऑवर ऑल 65 से 75 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रह सकती है। हालांकि मौसम के खराब होने के पूर्वानुमान पर्यटन कारोबार की उम्मीद पर भारी पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। गौर रहे कि धर्मशाला में अन्य बड़े टूर्नामेंट के मुकाबले आईपीएल मुकाबलों को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज नजर आता है। क्रिकेट के इस लोकप्रिय 20-20 प्रारूप के प्रति न सिर्फ देश बल्कि विदेश के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह अपने चरम पर रहता है। ऐसे में स्थानीय पर्यटन कारोबार को भी लाभ मिलने की उम्मीद है।

# रोहतांग दर्रे के दीदार को अभी करना होगा इंतजार

## बहाली कार्य में हिमस्खलन बन रहे बाधा, राहनीनाला तक पहुंची बीआरओ की टीम

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**



लाहौल घाटी के पर्यटन स्थल दीपकताल पहुंचे पर्यटक बर्फ में मस्ती करते हुए।

अटल टनल के साथ-साथ सैलानियों की पहली पसंद रहने वाला 13050 फुट ऊंचा रोहतांग दर्रा पर्यटकों के बिना सूना पड़ा हुआ है। रोहतांग दर्रा का दीदार करने के लिए अभी भी पर्यटकों को इंतजार करना होगा। हालांकि बीआरओ की टीम मार्ग बहाली में युद्धस्तर से जुटी हुई है, लेकिन इस बार मौसम साथ नहीं दे रहा जिस कारण बहाली में समय लग रहा है।

वहीं, जगह-जगह हिमस्खलन भी मार्ग बहाली में बाधा बन रहे हैं, हिमस्खलन के कारण बर्फ हटाने में समय लग रहा है। बीआरओ की टीम ने राहनीनाला तक मार्ग बहाल कर दिया, लेकिन मौसम खराब होने के कारण करीब आठ जगह हिमस्खलन होने के कारण टीम को फिर से ब्यासनाला से कार्य करना पड़ा, हालांकि फिर से मार्ग राहनीनाला तक बहाल हो गया है। बीआरओ की मानें तो मई के दूसरे सप्ताह के भीतर मार्ग बहाल हो जाएगा।

कारोबारियों को मई कर अंत तक हालात सामान्य होने की उम्मीद है। जल्द ही यदि मौसम साथ दे तो रोहतांग बर्फ का दीदार करने के शौकीन सैलानियों की पहली पसंद बन जाएगा। पर्यटन नगरी मनाली में सप्ताहांत पर पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। स्तरीय होटलों में आक्युपेंसी 65 प्रतिशत के पार हो गई है जबकि मध्यम होटलों में भी रौनक लगी हुई है। बाहरी राज्यों से शुक्रवार को 80 लग्जरी बसें मनाली पहुंची हैं, जबकि प्रदेश देश भर से मनाली पहुंचने वाले वाहनों का आंकड़ा भी एक हजार के पार हुआ है। मनाली के पर्यटन स्थलों में भी रौनक बढ़ी है। शुक्रवार को माता हिडिम्बा मंदिर में भी पर्यटक श्रदालुओं की लंबी लाइन लगी रही। सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले रोहतांग दर्रे की बहाली के कार्य भी जारी है। देश भर के पर्यटक दर्रे की बहाली का इंतजार कर रहे हैं। मई 15 के बाद दर्रे के पर्यटकों के लिए बहाल होने की जरूरत है। दूसरी ओर शुक्रवार को बर्फ के दीदार को कोकसर व सिस्सू में पर्यटकों का मेला लग गया। अधिकतर पर्यटकों ने कोकसर व सिस्सू में ही बर्फ की खेलों का आनंद लिया। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि सप्ताहांत में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। सभी छोटे-बड़े होटलों में रौनक छाई है। (अनंत ज्ञान)

### दो दिनों में दीपकताल पहुंचे 148 वाहन, 458 पर्यटक

**समुद्रतल** से 3750 मित्र की ऊंचाई पर स्थित दीपकताल झील बहाल होने के बाद अब यहां पर भी पर्यटकों का तांता लगना शुरू हो गया है। दो दिनों में 148 वाहन व 458 पर्यटकों ने लाहुल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दीपकताल झील का दीदार किया। जिनमें पहले दिन 46 फोर व्हीलर वाहन जबकि 72 पर्यटक और शुक्रवार को दूसरे दिन फोर व्हीलर वाहन 82 जबकि 20 टू व्हीलर वाहन और 34 पर्यटकों सहित कुल 102 वाहनों में 386 पर्यटक दीपकताल पहुंचे और बर्फ़ के बीच पर्यटकों ने खूब मस्ती की। उधर, एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि लाहुल घाटी के अधिकतर पर्यटन स्थल बहाल हो गए हैं जबकि शिंकुला, बारालाचा व सरचू पर्यटन स्थल भी कुछ दिनों के भीतर बहाल हो जाएंगे। वहीं, दीपकताल बहाल होने के बाद यहां पर भी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने बताया कि पर्यटक व आम यात्री सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इस मार्ग पर सफर कर सकते हैं।

# शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

**धर्मशाला।** बजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी के इतिहास विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया, जिसमें छात्र व छात्राओं ने नूरपुर किले का भ्रमण किया व मंदिर शैली निर्माण के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने नूरपुर के इतिहास और बृजराज स्वामी मंदिर के बारे में जाना। अंत में देहरी महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर के छात्र व छात्राओं के साथ नूरपुर किले के इतिहास के बारे में विचार विमर्श किया। इसमें देहरी महाविद्यालय के 30 छात्र व छात्राएं और नूरपुर महाविद्यालय के 20 छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर देहरी महाविद्यालय के प्रो. अनिल कुमार, नूरपुर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य संजय कुमार जसरोटिया, प्रो. सुरजीत सिंह, प्रो. मनजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बाल विवाह की रोक को समाज में जागृति जरूरी

**नेरचौक।** एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए समाज में जागृति लाने की जरूरत है। वह बाल विवाह को रोकने व बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने बताया कि बाल विवाह को रोकने व उसके कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के साथ-साथ समाज में जागृति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष के कम आयु की लडकी और 21 वर्ष से कम आयु के लडके को नाबालिग माना जाता है और नाबालिगों द्वारा किया गया विवाह गंभीर और गैर जमानती अपराध है।

# नौकरी देना तो दूर नौकरी देने वाले संस्थान ही बंद कर दिए : राजीव बिंदल

## बोले- कौन सी उपलब्धि जिसे लेकर जनता के बीच जाएंगे सीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार आई है, तब से मुख्यमंत्री आए दिन नए-नए बयान दे रहे हैं, जो चिंतनीय है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुजानपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री से यह नहीं जानना चाहती कि प्रदेश के 1500 संस्थान बंद क्यों किए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता कांग्रेस से जानना चाहती है कि पहली कैबिनेट में एक लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे, वे नौकरियां कहां गईं। नौकरी तो दूर परंतु नौकरी देने वाले संस्थान ही बंद कर दिए और तो और विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री इस बात से ही पलट गए कि उन्होंने पहले साल में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा जनता से किया था। ऐसे में जनता इन पर क्यों विश्वास करे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आते ही 10 हजार कोविड कर्मियों को नौकरी से बाहर कर दिया। आज तक एक भी युवा को रोजगार देने में यह सरकार नाकाम रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी उपलब्धि है , जिसे लेकर वह जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि इन 15 महीनों में मात्र जनता को तंग किया, चुनावी वादे व गारंटियां पूरी करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। महिलाओं को 1500 रुपए देने के वादे को भी सरकार डेढ़ साल में पूरा नहीं कर पाई है। जनता मुख्यमंत्री व प्रियंका गांधी से सवाल पूछ रही है कि महिलाओं को सम्मान राशि कब मिलेगी। कांग्रेस सरकार ने फार्म भरवा दिए परंतु एक पैसा भी नहीं मिला, दूसरा चुनाव आ गया। अब फिर फार्म भरवा रहे हैं, प्रदेश की जनता जानना चाहती है, पहले वाले 2022 के फार्म कौन सी कबाड़ी की दुकान पर बेचे और 2024 के चुनाव फार्म बेचने का ठेका कौन से कबाड़ी को दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश पर आए दिन अर्थिक बोझ डालने का कार्य यह सरकार कर रही है। 25 हजार करोड़ रुपए का कर्ज डेढ़ साल में ले लिया, लेकिन विकास के नाम के ऊपर एक फूटी कौड़ी खर्च नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही 16 महीने का समय सिर्फ भाजपा को गाली देने में बिता दिया और चुनाव भी बीजेपी को गाली देकर ही लड़ रहे हैं।

ऐसा लगता है मानो कांग्रेस का एजेंडा जयराम, प्रधानमंत्री मोदी को गाली देना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 97 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले हिमाचल प्रदेश में हिंदू विचारधारा वाली पार्टी को हराने का जोर से दावा किया और इस बार कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में पूरा का पूरा घोषणा पत्र केवल और केवल अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के साथ भरा है।

**नई पहल** | विकास खंड कार्यालय नादौन के कर्मचारियों व लोगों के सहयोग से ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण

# जलाड़ी पंचायत में की ऐतिहासिक तालाब की सफाई

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



जलाड़ी पंचायत में प्राचीनतम तालाब की सफाई करते हुए लोग व कर्मचारी।

विकास खंड नादौन की ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने एक नई पहल की है। इसके लिए उन्होंने स्वयं मोर्चा संभाला है। अपने इस अभियान के तहत शुक्रवार को उन्होंने उपमंडल नादौन की पंचायत जलाड़ी के लगभग 150 वर्ष पुराने तालाब की अपने कार्यालय के कर्मचारियों के साथ स्थानीय. पंचायत के जनसहयोग से सफाई की।

इस दौरान उनके साथ खंड विकास कार्यालय नादौन के कर्मचारी राकेश, पम्मी, सुनील पटियाल, संदीप रैना, विकास डोगरा, विजय निराला, हेमराज कौंडल, सुनील, निखिल, जितेंद्र, कृष्ण पॉल, सुमित, यश पाल, प्रवीण, अंकित, अशोक धीमान, अमिता, अशोक कुमार, उषा, जगदीश एवं पंचायत जलाड़ी के प्रधान जगमोहन व उपप्रधान बेला अजय अत्री एवं वार्ड प्रतिनिधि विशेष रूप से शामिल थे। बीडीओ नादौन निशांत शर्मा की ओर से विकास खंड नादौन में ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए उठाए गए इस कदम की बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है। लोगों का कहना है कि यह पहला अवसर है कि नादौन के किसी अधिकारी ने नादौन की ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए ऐसी पहल की है।

इस दौरान बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने स्थानीय पंचायत के लोगों को मतदान के प्रति भी जागरूक करते हुए उन्हें मतदान करने का स्थानीय पंचायत वासियों को संदेश भी दिया। पंचायत जलाड़ी के प्रधान जगमोहन डोगरा द्वारा बीडीओ नादौन द्वारा की गई इस नई पहल की सराहना करते हुए कहा कि अन्य विकास खंडों को भी अपने विकास खंड की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए इसी तर्ज पर अभियान शुरू करना चाहिए, ताकि हमारे प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरें सुरक्षित रह सकें। (अनंत ज्ञान)

# विक्रमादित्य को जोगिंद्रनगर से बढ़त दिलाई जाएगी : संजय दत्त

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



बैठक के दौरान संबोधित करते संजय दत्त

लोक सभा चुनावों के मध्यनज़र जोगिंद्र नगर कांग्रेस की एक बैठक का आयोजन किया गया द्य इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी संजय दत्त ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संजय दत ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ काम करके आगे बढ़ने का प्रयास करने का आह्वान किया।

यह जानकारी देते हुए जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने बताया कि इस बैठक में जोगिंद्र नगर के प्रभारी रमेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर, राकेश चौहान, राकेश धरवाल, बिमला चौहान व ऐक्स सर्विस मैन लीग के मेजर राणा आदि ने भी अपने विचार रखे।

इस बैठक में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष जैनव चंदेल, जिला महासचिव नरेश खनोरिया, युवा अध्यक्ष सौरव ठाकुर, उमेश ठाकुर, अंजना ठाकुर, राजेंद्र चौहान, ज्ञान चंद, कमला रमन बहल, विवेश, कुशल, आदि सैकडों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।


व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )

क्रमांक 921 रीडर-1 दिनांक 03/05/2022

मुकद्दमा नं. 274/T/2022
किस्म मुकदमा-तकसीम
तारीख पेशी 20/06/2024

शीर्षक- पूर्ण चंद बनाम राजिंद आदि

**नोटिस बनाम:**-1. राजिंद्र कुमार पुत्र श्री जगत राम 2. कुलदीप पुत्र श्री जगत राम 3. अशोक कुमार पुत्र श्री नारायण दत्त 4. कुमारी सुप्रिया पुत्री स्व. श्री संतोष कुमार 5. कुमारी शिवानी पुत्री स्व. श्री संतोष कुमार 6. अनिता कुमारी पत्नी स्व. श्री संतोष कुमार निवासीयान महाल हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

भूमि खाता नंबर 196 खतौनी नंबर 224, खसरा नंबर 712, 716, 714, रक्बा तदादी 00-94-20, है। स्थित महाल हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**अखबारी इश्तहार**

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परंतु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते हैं। प्रार्थी ने पता देने में असमर्थता व्यक्त की तथा अनुरोध किया कि अखबारी इश्तहार जारी कर तलब किया जाए।

अतः अब अखबारी इश्तहार द्वारा उपरोक्त प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 20/06/2024 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन व वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है।

आज दिनांक 03/05/2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हआ

सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )

# घर से नकदी चुराने के दोषी को तीन साल का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एलडी अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर एक हमीरपुर विशाल बमनोत्रा ने आरोपी कमल ठाकुर पुत्र बलविंद्र सिंह निवासी गांव हरित्यनगर डाकखाना तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर को आईपीसी की धारा 454 और 380 में अपराध करने पर दोषी ठहराया है।

जानकारी के अनुसार 06.08.2016 को दोपहर लगभग एक बजे ग्राम कांगू घाटी, जिला हमीरपुर में आरोपी ने शिकायतकर्ता के कमरे में रखे बेड बॉक्स से नकद पैसे की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसका मामला छह जुलाई को पुलिस थाना भोरंज में दर्ज करवाया था। इस मामले की सुनवाई सहायक जिला अटॉर्नी विशाल दीपक द्वारा करवाई गई। आरोपी के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए सहायक जिला अटॉर्नी ने 15 गवाहों से पूछताछ की गई। मामले की सुनवाई के बाद निष्कर्ष पर एलडी कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को आईपीसी की धारा विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। इस अनुभाग के अंतर्गत आईपीसी 454 तीन साल का कठोर कारावास और 10000 रुपए का जुर्माना, जुर्माना न देने पर तीन महीने का साधारण कारावास भुगतना होगा।

वहीं आईपीसी की धारा 380 के तहत तीन वर्ष का कठोर कारावास और 10000 रुपए का जुर्माना व जुर्माना, न देने पर तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। यह सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# कूड़ा कलेक्शन को नगर परिषद ने खरीदे 14 वाहन

## म्यूजिक की व्यवस्था से लेंस होंगे वाहन, कूड़ा-कचरा उठाने को होगी अलग-अलग व्यवस्था

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

शहर को साफ सुथरा रखने और कूड़ा कचरा उठाने के लिए खुले वाहनों का प्रयोग ना हो, इसके लिए 14 नए वाहन नगर परिषद ने खरीदे हैं। इनमें गले सड़े और सूखे कचरे को अलग-अलग भरने की व्यवस्था है।

अभी तक शहर में ट्राला नुमा खुले वाहनों में ही कचरे को उठाने की व्यवस्था थी। इस व्यवस्था में भी कई तरह के खोट थे। अब वाहन नगर परिषद का होगा और कूड़ा कचरा ढोने का काम संबंधित ठेकेदार का रहेगा। यह व्यवस्था आज से लागू कर दी गई है। इसमें नगर परिषद को अभी तक चार वाहन हासिल हो गए हैं। इनसे वार्ड नंबर एक, सात और पांच में काम शुरू कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)




**तेल और चालक ठेकेदार के होंगे**

**इन** वाहनों में म्यूजिक की व्यवस्था भी होगी, ताकि लोगों को इनके आने की तत्काल जानकारी मिल जाएगी। नगर परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर का कहना है कि तीन वाहन आ गए हैं, बाकी दो-तीन दिनों में पहुंच जाएंगे। इन सभी वाहनों को बजूरी के पास नगर परिषद की जगह पर खड़ा किया जाएगा। अब इन वाहनों का रखरखाव तो नगर परिषद करेगी, बाकी तेल और ड्राइवर ठेकेदार के होंगे। ऑनलाइन टेंडर के बाद यह खरीद की गई है।

**बदबू नहीं फैलेगी**

**दर** असल में अभी तक साफ सफाई का शहर में जो टेंडर था, उसके तहत ठेकेदार के वाहन ही इसमें इस्तेमाल किए जाते थे। इसमें वाहनों को इस कार्य में लगाने के लिए कई प्रभावशाली लोगों के भी वाहन इस्तेमाल किए जाते थे। बेवजह का दबाव भी नगर परिषद झेलती थी। अब शहर में खुले वाहन में कचरा नहीं उठाने से नहीं तो गंदगी और बदबू फैलने का अंदेशा रहेगा और न ही इस बात की समस्या झेलनी पड़ेगी कि बारिश हो या मौसम खराब। कचरे को ढोने के लिए सफाई कर्मचारियों को दिक्कत नहीं आएगी। क्योंकि इस वाहन में ढक्कन होगा। कूड़ा डालते ही ढक्कन बंद हो जाएगा। शहर के बीच दिन के समय भी इसका प्रयोग किया जा सकता है। इससे बदबू नहीं फैलेगी।

# कांगू में मारपीट व गाड़ी के शीशे तोड़ने के आरोप में केस दर्ज

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत कांगू कस्बा में मारपीट का मामला सामने आया है। मंडी के दीक्षित पठानिया पुत्र ललित पठानिया गांव चेला डाकघर बलोह तहसील मंडी जो कांगू में रहता है पुलिस को शिकायत की है कि आंचल नामक लड़के ने उसे डंडें से मारा। जब मनीष कुमार और उप्पल चौधरी ने उसे बचाने की कोशिश की तो उनकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए । पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# साई विजन स्कूल भरेड़ी में पीटीए कमेटी का हुआ गठन

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में आज नई पीटीए कमेटी का गठन सत्र 2025 -26 के लिए इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप ने की और उनके साथ बीडीओ भोरंज कुलवंत, प्रिंसिपल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बधानी अनिल डोगरा, पवन रांगड़ा भी उपस्थित रहे। इस नई पीटीए का गठन किया गया। निर्मला देवी को प्रधान चुना गया। उसके साथ-साथ 12 सदस्य कमेटी गठित की गई। इसमें राकेश कुमार, सुरजीत सिंह, नितेश कुमारी, अनीता, अंकिता देवी, दिनेश, अंजना, वंदना, अनु भारद्वाज, सीमा कुमारी, इंदुबाला कमेटी के सदस्य गठित किए गए। वहीं, पीटीए कमेटी के सचिव प्रधानाचार्य सुनीता देवी एवं स्टाफ की तरफ से पूजा शर्मा एवं प्रीतम पाल को कमेटी में लिया गया या कमेटी आने वाले वर्ष में बच्चों के विकास के लिए कार्य करेगी और एसडीएम संजय स्वरूप जी ने स्कूल के मैनेजमेंट की तारीफ करते हुए कहा कि स्कूल में बहुत अच्छा प्रबंध है और सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है।

# गौना स्कूल में बच्चों को आग से बचाव के बारे किया जागरूक

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौना करौर में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत गर्मीयों में आग के बढ़ते खतरों को देखते हुए आग से किस तरह निपटना है या बचाव करना है। इस के ऊपर माक ड्रिल करवाई गई। उन्होंने आग से होने वाले खतरों के बारे में सावधान किया। और बताया कि आग मित्र भी है और शत्रु भी । इसके बाद यजनीश प्रवक्ता जीव विज्ञान, सुरेश कुमार प्रवक्ता गणित और लवलेश प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस ने बच्चों को संबोधित किया और विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी नरेंद्र कुमार प्रवक्ता हिंदी ने बच्चों को संबोधित किया और बताया कि आग तभी तक हमारे काम की है जब तक वो हमारे कंट्रोल में है और यदि कंट्रोल से बाहर हुई तो यह हमारी सबसे बड़ी दुश्मन बन जाती है और बहुत ज्यादा नुकसान करती है। आज से संबंधित होने वाले नुकसान के बारे में सभी स्कूली बच्चों को जागरूक किया।

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ बिझड़ी खंड इकाई की बैठक आठ को

**बिझड़ी।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ बिझड़ी खंड इकाई की बैठक आठ मई को साढ़े दस बजे प्रातः श्री सेन भक्त मंदिर परिसर में मैहरे में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में होगी। बैठक में प्रदेश व जिला गतिविधियों बारे विभिन्न जानकारियां पाने हेतु जिला प्रधान केसी गौतम व अन्य पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक के एजेंडा में पेंशनरों की मांगों व समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्युत उपमंडल-दो में कल बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-दो हमीरपुर में पांच मई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते बड़ू बरोहा, जमली, कथाल, स्वाहल, मोहीं और आस-पास के गांवों में सुबह नौ से सायं पांच बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरव राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक पांच मई को प्रातः 11 बजे यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की जाएगी। इसमें पेंशनर्स की समस्याओं व मांगों बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी शर्मा करेंगे। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव विजय चैधरी ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर बैठक में हिस्सा लें।

### लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी का परीक्षा परिणाम बेहतरीन

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा दिसंबर महीने में एलएलबी पहले, तीसरे एवं पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा ली गई थी। इसका परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी में एलएलबी पहले, तीसरे एवं पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी में एलएलबी पहले सेमेस्टर में विशाखा ने 72 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, दीक्षा ने 71 प्रतिशत लेकर दूसरा स्थान व कीर्ति ने 69 प्रतिशत लेकर तीसरा स्थान हासिल किया ।

### राजकीय अध्यापक संघ की बैठक कल

**हमीरपुर ।** हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पांच मई को गुरुकुल पब्लिक स्कूल हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चैहान करेंगे। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार की अधिसूचना की प्रतियां बांटी जाएंगी। संघ के सभी ब्लॉक, जिला व राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को यह प्रतियां वितरित की जाएंगी। प्रदेश महासचिव तिलक नायक ने जिलाध्यक्षों, महासचिवों, वित सचिवों एवं सभी ब्लॉकों व जिला की कार्यकारिणी के सदस्य भाग लेंगे। इस बैठक में अध्यापकों की सभी मांगों पर चर्चा करने के बाद एजेंडा तैयार कर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री व शिक्षा विभाग को सौंपा जाएगा।

# चुनाव की तैयारियों से करवाया अवगत

**हमीरपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित एक बैठक के दौरान उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने जिले के सभी 532 मतदान केंद्रों पर किए गए प्रबंधों और अन्य तैयारियों की जानकारी दी। एसपी पदम चंद ने भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिला में लाइसेंसशुदा हथियारों के जमा किए जाने के ताजा आंकड़ों से अवगत करवाया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से बैठक के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के अधिकारियों के साथ भी बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर, दिव्यांगों के लिए रैंप, साइनेजिज यानि संकेतकों और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए।

# अणुकलां में शराब का ठेका खोलने का विरोध, ग्रामीणों ने लगाए नारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

शहर के साथ सटे अणुकलां गांव में शराब का ठेका रिहायशी गांव के पास खोले जाने के विरोध में ग्रामीण विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने ठेके के बाहर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन हमीरपुर के डीसी को सौंप कर ठेके को यहां से हटाने की मांग की है। लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा था कि पंचायत ने तो एनओसी दे दी। मगर जिस जगह पर या ठेका खोला गया है, वह रिहायशी इलाका है। इसके अलावा वहां पर सहकारी सभा का डिपो भी है। बस स्टॉप भी है, जहां पर बच्चे स्कूल जाने के लिए बसों में चढ़ते-उतरते हैं।

इस विरोध प्रदर्शन में पंचायत के उप प्रधान अजय पटियाल के अलावा वार्ड पंच अंजना कुमारी, महिला मंडलों के तीन प्रधान, युवक मंडल प्रधान और अन्य बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। इसके अलावा अन्य लोगों में उत्तम चंद, निशु, संजीव, सफल, रोहित, आशु, ईशु, निखिल, गुरदेव, अनिल कौशिक, सुनील, विनोद, दुर्गादास, शुभम, अंकुश, अमन व अनमोल भी शामिल थे। इनका कहना था कि गांव के बीच में शराब का ठेका खोल दिया गया है। इससे महिलाओं और बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि ठेका रिहायशी इलाके में खोला गया है, यहां स्कूली बच्चों को बस में सुबह बिठाने के लिए और दोपहर बाद लेने के लिए महिलाएं आती-जाती रहती हैं। यहां पर शराब का ठेका खुलने से सामाजिक वातावरण पूरी तरह खराब होगा। उनका कहना है कि पहले भी युवा पीढ़ी नशे की गर्त में जा रही है। ठेका खुलने से माहौल और खराब होगा। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन की तरफ से समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण अपने स्तर पर समस्या का समाधान करने के लिए मजबूर होंगे।



ठेके के विरोध में नारेबाजी करते हुए ग्रामीण।

**लोगों की समस्या का जल्द होगा समाधान**

**पंचायत** उपप्रधान अजय पटेल ने बताया कि डीसी से मिलकर इस समस्या का समाधान करने को कहा गया है। उन्होंने आबकारी एवं कराधान विभाग को शिकायत प्रेषित कर दी है। उनका कहना है कि ठेका खुल जाए इसकी समस्या नहीं है, लेकिन ऐसी जगह पर खोलना चाहिए जहां लोग राजी हों। उधर, पंचायत प्रधान वंदना कुमारी ने बताया कि परमिशन तो पंचायत ने ही दी थी, लेकिन जहां पर खोला गया है, वहां नहीं खुलना चाहिए। इसमें आबकारी एवं कराधान विभाग को कहा जाएगा। ताकि लोगों की समस्या भी हाल हो सके।

# भूंपल स्कूल में छात्रों को बांटे 50 मोरिंगा के पौधे



मोरिंगा पौधों के साथ छात्र व अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूंपल में ईको क्लब प्रभारी विमला द्वारा अध्यापकों व बच्चों को मोरिंगा पौधे के औषधीय गुणों के बारे में बताया गया और 50 पौधे वितरित भी किए गए।

इस मुहिम को प्रोजेक्ट संजीवनी का नाम दिया गया है। इसमें बच्चों और लोगों को विभिन्न पौधों के औषधीय गुणों के बारे में बताया जा रहा है और लोगों को उनका इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विमला सतत शिक्षक समुदाय का हिस्सा है जो अर्थ जस्ट, हिमकोस्टे और हिमाचल सरकार के सतत प्रयास से बना एक समुदाय है। विमला इस राह पर चली है कि जिस तरह हमारे पूर्वज पौधों का इस्तेमाल औषधियों के रूप में करते थे। उसी तरह हम भी इन पौधों से जुड़ कर अपने घर में औषधीय पौधे लगाएं और उनका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। इस मुहिम को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्कूल की प्रिंसिपल और समस्त स्टाफ ने स्वेच्छा से धनराशि से सहयोग किया।

# सांड ने दुकान में घुसकर दुकानदार पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, नादौन**

उपमंडल नादौन में सांडों के आतंक से लोग काफी परेशान हैं। ये सांड हमलावर हो गए हैं कई लोगों को घायल भी कर चुके हैं। वीरवार को एक खूंखार सांड ने खूब आतंक मचाया। दुकान का शीशा तोड़ कर दुकान में घुंस गया और दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दुकारदान ब्रह्म दास पुत्र खजाना राम गांव ठां को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले जाया गया जहां वे उपचाराधीन हैं।

जानकारी देते हुए पंचायत मालग कांगू के प्रधान अश्वनी कटोच ने बताया कि इस सांड ने दुकानदार ब्रहम दास पर हमला कर दिया और नुकीले सींगों से उसका पेट बुरी तरह से गोद दिया। गंभीर रूप से घायल ब्रहम दास को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले जाया गया। खबर मिलते ही मैं कुछ युवकों सहित मौका पर पहुंचा। और इस सांड को काफी मश्कत के बाद रस्सों से पकड़ा और फिर इसकी सूचना वन विभाग को दी।



सांड के हमले से घायल दुकानदार ब्रह्म दास अस्पताल में इलाज करवाते हुए।

# फिर से भाजपा के हुए संजीव शर्मा

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर में विधानसभा उपचुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियों और रोचक हो गई है।

गत विधानसभा चुनावों में आजाद उम्मीदवार संजीव शर्मा से सलाह मशवरा करने के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल उनके घर पहुंचे और उनका निष्कासन रदद कर दिया। विधानसभा चुनावों में भाजपा से टिकट न मिलने पर आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने पर भाजपा से निष्कासित कर दिया था। निष्कासन रदद होने के बाद संजीव शर्मा समीरपुर पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की उपस्थिति में फिर से संजीव शर्मा ने भाजपा ज्वाइन कर ली। बताया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी को उम्मीदवार न मिलने पर संजीव शर्मा के कांग्रेस में जाने की संभावनाएं बन रही थी। जिस पर अब विराम लग गया है। गौर रहे की संजीव शर्मा ने भाजपा से टिकट न मिलने पर भाजपा से नाराज होकर आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। 2022 के विधानसभा चुनावों में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के हुनमान कहे जाने वाले बलदेव शर्मा की पत्नी माया शर्मा को टिकट दिया था। संजीव शर्मा टिकट न मिलने पर समर्थकों के अनुरोध पर चुनावी दंगल में उतरे थे। 2022 विधानसभा चुनावों में इंद्रदत्त लखनपाल ने 29 हजार वोट, माया शर्मा ने 16900 वोट व संजीव शर्मा ने 15700 वोट लिए थे। अब परिस्थितियां बदल गई हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद संजीव शर्मा शुक्रवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल की प्रेस वार्ता में भी पहुंचे थे।

# डीएवी आलमपुर में मनाया रेड डे




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

डीएवी स्कूल आलमपुर में रेड डे मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चे लाल रंग की पोशाकों में सबके मन को सम्मोहित कर रहे थे। लाल रंग के गुलाबों की तरह महकते हर्षित व पुलकित बच्चे दिन भर अध्यापकों, सहपाठियों व अभिभावकों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने बताया कि स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने लाल रंग की पहचान और जीवन में उसके महत्व को जाना।

**ऐसे आयोजनों से बच्चों को सीखाने में करते हैं मदद**

**प्रधानाचार्य** बिक्रम सिंह ने कहा कि रंगों की पहचान के लिए नियमित शिक्षा के अलावा रेड डे, ग्रीन डे, येलो डे जैसे आयोजन उन्हें सीखने में मदद करते हैं। इस तरह के आयोजन से बच्चे मस्ती के साथ शिक्षा को ग्रहण कर पाते हैं।




नादौन। विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय में शुक्रवार को स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। रास्साकशी प्रतियोगिता में सेक्शन ए के विद्यार्थी विजेता रहे। नींबू, चंमच दौड़ में लड़कियों में रजनी, नंदिनी, आरती तथा लड़कों में शुभम, आयुष तथा नितिन क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में लड़कों में शुभम प्रथम, आयुष द्वितीय तथा नितिन तथा अंकित तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में रजनी प्रथम, अंकिता द्वितीय तथा काजल तृतीय स्थान पर रही।

# आग की घटनाओं, पानी की कमी से निपटने का करें प्रबंध: डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने जल शक्ति विभाग, अग्निशमन विभाग, कृषि, बागवानी, पशुपालन, वन, स्वास्थ्य और अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं, पानी की कमी, सूखे की स्थिति, जल जनित रोगों और अन्य समस्याओं से निपटने के लिए विभागीय स्तर पर पुख्ता प्रबंध करें तथा किसी भी तरह की आपात स्थिति में आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

गर्मियों के मौसम के लिए आवश्यक तैयारियों हेतु शुक्रवार को यहां हमीर भवन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अभी जिले में मौसम की स्थिति कुल मिलाकर सामान्य ही चल रही है। लेकिन, आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने और लंबे समय तक बारिश न होने की स्थिति में आग की घटनाओं, पानी की कमी, जलजनित रोग, सूखे से कृषि-बागवानी का नुक्सान, चारे की कमी और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग अपना-अपना प्लान तैयार रखें तथा उसी के अनुसार आवश्यक प्रबंध करें। उपायुक्त ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को पेयजल स्कीमों के स्रोतों की स्थिति और पानी की गुणवत्ता पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग और स्वास्थ्य विभाग पानी की नियमित रूप से सैंपलिंग-टेस्टिंग तथा क्लोरिनेशन करें।



अधिकारियों से बातचीत करते हुए डीसी

**चुनाव**

## एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप ने बच्चों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

# साई विजन स्कूल के छात्रों ने जाना मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

लोकसभा चुनावों में हर नागरिक को लोकतंत्र की सफलता के लिए कर्तव्य समझ कर मतदान करना चाहिए। इसके अलावा गांवों में पड़ोसियों को जागरूक करने में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

यह बात शुक्रवार को भोरंज उपमंडल के साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप ने सुव्यवस्थित सहभागिता मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता स्वीप कार्यक्रम में स्कूली बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए लगातार स्वीप टीम लोगों को जागरूक करने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के 22 विधानसभा क्षेत्र के 414 बूथों में लोस व विस के चुनावों में 60 से 70 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें भोरंज विस के दस बूथ भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में जहां वोट देने का अधिकार हर नागरिक को दिया गया है, वहीं दूसरी ओर हमारा वोट देने का कर्त्तव्य भी है।



साई विजन स्कूल भरेड़ी में मौजूद अभिभावक।

**लोकतंत्र पर्व को सफल बनाने में करें सहयोग**

**उन्होंने** युवा मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदाता जागरूकता अभियान की सफलता और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिक निभाएं तथा पहली अप्रैल से 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले सभी युवा चार मई तक अपना वोट बना कर लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने में सहयोग करें।

# लोकसभा चुनाव को लेकर की चर्चा

**धनेटा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल नादौन की लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक बैठक का आयोजन पनसाई स्थित कार्यालय में किया गया जो कि भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अक्षय शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें आने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा वंदना योगी मंडल विस्तारक राम कुमार, प्रवासी प्रभारी उत्तराखंड प्रदेश भाजयुमो उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ जोशी, प्रदेश सचिव जगदीप रिंपल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सयुंक्त प्रेस बयान जारी करते हुए भाजयुमो नादौन युवाओं के बीच इस प्रदेश की झूठी सुक्खू सरकार की गारटीं को लेकर जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### वशिष्ट पब्लिक स्कूल का छात्र बना लेफ्टिनेंट



ऊना। भारतीय सेना तकनीकी प्रवेश योजना के अंतर्गत लेफ्टिनेंट के पद के लिए वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र जतिन कंवर का चयन हुआ है। टेक्निकल एंट्री स्कीम के तहत जतिन कंवर ने पूरे भारतवर्ष में ऑल इंडिया रैंक-11 हासिल किया है। भारतीय सेना में इस रैंक को हासिल करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है। जतिन कंवर जाने-माने समाजसेवी स्व. कंवर हरि सिंह का पौत्र है। उसका बचपन से ही सपना था कि वह देश की सेवा करेगा। जतिन कंवर के पिता जितेंद्र कंवर तथा माता रमा ने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के स्टाफ तथा सौहार्दयपूर्ण वातावरण को दिया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस उपलब्धि के लिए जतिन कंवर तथा उसके अभिभावकों को बधाई दी।

### कोटलाकलां में तेंदुए की दहशत से सहमे लोग

ऊना। जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव कोटलाकलां अप्पर में तेंदुए ने गाय के बछड़े को अपना निशाना बनाया। स्थानीय निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उनके भाई की पशुशाला में रात को तेंदुए ने पशुओं पर हमला कर दिया। विनोद ने बताया कि रात को 12 बजे तक सब ठीक था। सुबह जब जाकर देखा तो पशुशाला के अंदर बंधे बछड़े को मृत पाया। उसके गले और शरीर के अन्य अंगों पर बड़े जख्मों के निशान थे। तेंदुए ने बड़े पशुओं के स्थान पर डेढ़ महीने के बछड़े को अपना शिकार बनाया। बछड़ा बंधा हुआ होने के कारण तेंदुआ उसे वहां से ले जा नहीं पाया। विनोद ने कहा कि पशुशाला के बाहर तेंदुए के पैरों के निशान बने हुए थे। गांव वासियों ने विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। उधर वन महकमे ने भी तुरंत छानबीन शुरू कर दी है।

### अंब महाविद्यालय शिक्षक संघ की कार्यकारिणी गठित



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में मौजूद कार्यकारिणी।

अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ की स्थानीय कार्यकारिणी की नई इकाई का गठन संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रो. सुखदेव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुरुचि शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. पवन पटियाल, सचिव डॉ. अरुण कुमार, सह-सचिव डॉ. कुमारी सुजाता, कोषाध्यक्ष प्रो अंकुश, मुख्य सलाहकार प्रो. रेखा शर्मा व डॉ. सतपाल सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। नव चयनित अध्यक्ष प्रो. सुखदेव ने आश्वासन दिया कि भविष्य में स्टाफ हित के कार्य सभी के सहयोग के साथ प्राचार्य महोदय के माध्यम से हल करवाएं जाएंगे।

### टाहलीवाल में इंटक का स्थापना दिवस मनाया



टाहलीवाल में इंटक के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में शामिल सदस्य

टाहलीवाल। स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र में इंटक के स्थापना दिवस के अवसर पर एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मेसर्स वेक्टर फूड वर्कर यूनियन के प्रधान मंगू राम ने उद्योग के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण किया। इस प्रेरणादायक आयोजन में जिला इंटक अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने नेतृत्व किया और कामगारों को सामूहिक रूप से उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। इस भव्य समारोह में उपस्थित कामगारों में चमन लाल, बलवीर चंद, दिनेश, किशोरी लाल, शिवकुमार, राजिंदर, गुरचरण सिंह, विजय कुमार, विनय कुमार, जसमेर सिंह, मनीष कुमार, संजीव कुमार, सुरेश कुमार और बंटी शामिल रहे। ये सभी पदाधिकारी और कामगार मजबूती से एकजुट होकर संगठन की ताकत को बढ़ाने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दिए।

### दो युवकों से 1.32 ग्राम चिट्टा बरामद

झंडूता। पुलिस थाना झंडूता की टीम ने गश्त के दौरान छत चौक के पास दो युवकों को 1.32 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की है। जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम फोरलेन पर मंडी-भराड़ी पुल के पास रात के समय गश्त कर रही थी, तो छत चौक से 50 मीटर आगे बैहनाजट्टा सड़क के किनारे दो युवक बैठे हुए थे। पुलिस ने गाड़ी रोक कर उनसे पूछताछ की। पुलिस को देखकर दोनों युवक घबरा गए और उनमें से एक युवक ने जेब से एक डिब्बी निकालकर नीचे फेंक दी। दोनों को पुलिस ने पकड़ लिया और उस डिब्बी को भी निकाला। पुलिस ने जब डिब्बी को खोलकर देखा तो उसके अंदर 1.32 ग्राम चिट्टा पाया गया। आरोपियों की पहचान विपन कुमार 29 निवासी गांव व डाकघर डाहड तहसील झंडूता जिला बिलासपुर और अपूर्व शर्मा उम्र 29 निवासी गांव व डाकघर भगेड़ तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि एएसपी शिव कुमार चौधरी ने की।

### केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में बच्चों ने देखा 'जादू'



बच्चों को योग की बारीकियां सिखाते जादूगर नेगी।

घुमारवीं। केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में बच्चों के लिए एक रोमांचक जादू शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध जादूगर जेएम नेगी ने अपनी कला का जादू बिखेरते हुए बच्चों को मंत्रमुग्ध किया। जादूगर नेगी ने अद्भुत जादू के करतब दिखाए, जिस पर बच्चों ने खूब तालियां बजाईं। जादूगर नेगी ने बच्चों को बताया कि जादू कोई तंत्र-मंत्र की विद्या नहीं, बल्कि एक कला है और इसे अभ्यास और लगन से कोई भी सीख सकता है। विद्यालय की प्राचार्या रिंकू कुमारी ने जादूगर जेएम नेगी को विद्यालय में आकर अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जादू एक मनोरंजक कला होने के साथ-साथ विज्ञान से भी जुड़ी हुई है।

### बच्चों ने एकत्रित किया सिंगल यूज प्लास्टिक




रघुनाथपुरा के ब्यास ईको क्लब के छात्र-छात्राएं रैली निकालते हुए।

बिलासपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रघुनाथपुरा के ब्यास ईको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें सिगंल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में आम लोगों को जागरूक किया गया। पाठशाला की व्यास ईको क्लब प्रभारी टीजीटी कं चन बाला ने बताया कि 1 में से 31 मई तक पाठशाला द्वारा सिगंल यूज प्लास्टिक एकत्रित करने के लिए एक अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत आज पाठशाला के बच्चों ने पाठशाला के आसपास के क्षेत्र से 2 किलोग्राम सिगंल यूज प्लास्टिक को इकट्ठा करके विद्यालय में संग्रहित किया। उन्होंने बताया कि संग्रहित किए गए प्लास्टिक को स्थानीय पंचायत को 75 रुपए प्रति किलो की दर से बिक्री किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश में वर्ष 2040 तक प्लास्टिक के उपयोग को 60 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है।

# ऊना जिले में मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित होंगे मतदान केंद्र

## सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित कर ली हैं शत-प्रतिशत न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना



चुनाव आयोग से वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान ऊना के अधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना जिले में सभी मतदान केंद्रों पर शत-प्रतिशत न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। जिले में 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मतदान केंद्रों पर लोगों की सुविधा के लिए छायादार स्थान, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर, सभी के लिए पेयजल, शौचालय, मेडिकल किट समेत सभी जरूरी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

मतदान केंद्रों पर लोगों की सहायता के लिए वालंटियर भी तैनात रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग द्वारा शुक्रवार को शिमला से वीडियो कान्फ्रेंस से ली गई बैठक में जतिन लाल ने यह जानकारी दी। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलावार व्यवस्थाओं का ब्यौरा लिया। इस दौरान सभी निर्वाचन अधिकारियों को डाक मत पत्रों से मतदान के संबंध में तैयार मानक संचालन प्रक्रिया को लेकर भी विस्तार से बताया गया। बता दें कि ऊना जिले में 516 मतदान केंद्रों में से 25 मतदान केंद्र महिला कर्मी संचालित होंगे। इसके अलावा जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### जमा किए जा चुके 4243 लाइसेंसी हथियार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ऊना जिले में चुनावों के दृष्टिगत लाइसेंसी हथियार जमा करने के कार्य में आशातीत प्रगति पर जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पिछली बैठक में प्रस्तुत जिले के 60 प्रतिशत के आंकड़े से आगे बढ़कर इसमें करीब 85 फीसदी लक्ष्य प्राप्त करने पर संतोष जताया। उपायुक्त ने बताया कि जिले में गत दिनों में तेजी से काम करते हुए कुल 5122 लाइसेंसी हथियारों में से 4243 हथियार जमा किए जा चुके हैं, शेष को जमा करने के लिए कार्य जारी है। इनमें से कुछ शस्त्र लाइसेंस धारक छूट की श्रेणी में आते हैं, जबकि कुछ ऐसे मामले भी हैं जिनमें लाइसेंस धारक जिले से बाहर रहते हैं।

### दो व्यक्तियों से चिट्टा बरामद

अंब। पुलिस थाना अंब के अंतर्गत आज अंब पुलिस थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज की अगुवाई में चिट्टा सहित दो व्यक्तियों को शक के आधार पर अंब अंदोरा से गगरेट के बीच स्वां नदी के करीब जांच के लिए रोका, जिस पर दोनों आरोपियों से 1.88 ग्राम चिट्टा बरामद किया। दोनों आरोपी राहुल कुमार वा लक्की जमवाल नगर पंचायत अंब के स्थायी निवासी हैं।



गौरव भारद्वाज

थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज ने वन कटुओं, खनन माफिया, नशा माफिया की कमर तोड़ कर रख दी है। अभी हाल ही में होला मोहल्ला मेला के दौरान चिट्टा की अभी तक की सबसे बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी। गौरव भारद्वाज ने कई चोरी के मामले तुरंत हल कर दिए। गौरव भारद्वाज की कार्रवाई को देखते हुए डीजी डिस्क अवार्ड, रोड सेफ्टी अवॉर्ड जैसे कई अवॉर्ड से सम्मानित किया जाता रहा है। थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज ने बताया कि दोनों आरोपियों के पास से चिट्टा बरामद किया गया है और उन्हें हिरासत में रखा है व आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दहेज में थार गाड़ी नहीं दी तो घर से निकाला, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

**पीड़िता ने कहा- लोक लज्जा के कारण सहती रही जुल्म**

हरोली क्षेत्र से संबंधित सलोह गांव में दहेज प्रताड़ना का एक अनोखा मामला सामने आया है। निजी सेक्टर में नौकरी करने वाली एक युवती की शादी करीब तीन साल पहले पड़ोस के गांव में ही हुई थी। शादी को कुछ महीने ही बीते थे कि पति की ओर से थार गाड़ी की डिमांड की गई।

पीड़िता ने इसकी शिकायत कई दफा स्थानीय पंचायत और पुलिस से भी की, लेकिन हर बार उसे समझौते के लिए राजी किया जाता रहा। पीड़िता के मुताबिक उसके पति और सास दोनों नशे के आदी हैं। वे उसे भी नशा करने के लिए मजबूर करते हैं। उसने यह भी आरोप लगाया कि दोनों आरोपी उसे खुद का सौदा करके उन्हें थार दिलाने की जिद्द भी करते हैं। बहुत परेशान होकर फिर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ससुराल वालों ने प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया है और वह इस समय अपने डेढ़ दो साल के बच्चे के साथ अपने मायके के संरक्षण में रह रही है। उसने ससुराल पक्ष से जान से भी खतरा बताया है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी फरवरी 2020 को हुई थी। इसके कुछ समय बाद ही उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा था। मेरे परिवार की ओर से उस समय शादी भी अपन हैसियत के मुताबिक की थी। पति द्वारा बात-बात पर ताने दिए जाने लगे और थार गाड़ी की डिमांड की जाने लगी। कई दफा पति और सास ने उससे मारपीट भी की। पति ने उसे खर्चा देना भी बंद कर दिया जिसके चलते उसने एक निजी संस्थान में नौकरी शुरू कर दी।

अप्रैल, 2021 को उनके घर पुत्र पैदा हुआ, लेकिन उसपर जुल्म कम नहीं हुए। पीड़िता ने नौकरी भी छोड़ दी। अब बेटे और उसका अपना खर्चा चलाना भी कठिन हो चुका था। ऐसे में पीड़िता ने कई जगह न्याय के लिए गुहार लगाई, लेकिन परिवार की मर्यादा को देखते हुए समझौता कर लिया जाता था। अब हद से ज्यादा जुल्म बढ़ने पर जब पीड़िता ने विरोध किया तो ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया। उधर, जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# बगलामुखी में माथा टेकने के बाद सतपाल रायजादा ने शुरू किया प्रचार अभियान



हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रायजादा माता बगलामुखी के लिए प्रस्थान करते हुए, साथ हैं समर्थक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी और पूर्व विधायक रहे सतपाल रायजादा ने टिकट की घोषणा के बाद शुक्रवार को विधिवत चुनाव प्रचार का शुभारंभ किया है। उन्होंने सबसे पहले कांगड़ा के देहरा स्थित बगलामुखी देवी मंदिर में माथा टेकने के बाद अपने अभियान का श्रीगणेश किया। वह अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से अश्वस्त दिखे।

माता बगलामुखी के चरणों में शीश नवाकर प्रचार करने के उद्देश्य से वह अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ऊना जिला मुख्यालय से रवाना हुए थे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी और जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में मौजूद थे। हालांकि चुनाव प्रचार का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को किया गया, लेकिन इससे पहले भी मुख्यमंत्री के ऐलान के बाद से ही सतपाल रायजादा समूचे संसदीय क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें करते रहे हैं।

वहीं, इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सतपाल रायजादा ने कहा कि हिमाचल देवी-देवताओं की भूमि है और हर कार्य से पहले भगवान के दर्शनों की रीति को ही आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अपने प्रचार का शुभारंभ माता बगलामुखी में शीश नवाकर करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर जिप सदस्य उर्मिला शर्मा, पवन ठाकुर, वरुण पुरी, अविनाश कपिला समेत कई नेता मौजूद रहे।

## राघव ने रायजादा को गुर्ज देकर भाजपा पर टूट पड़ने का किया आह्वान

# हिमाचल रेजिमेंट की आवाज क्यों नहीं उठा पाए अनुराग ठाकुर : राघव

अनंत ज्ञान, गगरेट



अंब में कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल रायजादा को गुर्ज भेंट करते युवा कांग्रेस के पदाधिकारी।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के रण में उतरे कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा की जीत सुनिश्चित करने के लिए जिला युवा कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राघव ठाकुर की अगुवाई में युवा कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर की नाकामियां घर-घर तक पहुंचाने का प्लान तैयार कर लिया है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस लोगों को अनुराग सिंह ठाकुर के वे वादे याद करवाएगी जो समय बीतने के साथ भूली-बिसरी यादें बनकर रह गए हैं।

शुक्रवार को मां बगलामुखी का आशीर्वाद लेने जा रहे कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा को विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की उपस्थिति में राघव ठाकुर ने इस प्लान से अवगत करवाया और सतपाल सिंह रायजादा का अंब चौक में उनको सम्मानित भी किया। राघव ठाकुर ने भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर पर कड़े प्रहार करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल हिमाचल रेजिमेंट की मांग करते रहे हैं।

अनुराग सिंह ठाकुर बताएं कि दस साल केंद्र की सत्ता पर काबिज रहने के बावजूद वह हिमाचल रेजिमेंट के लिए आवाज क्यों नहीं उठा पाए। यही नहीं बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की मांग अनुरूप उन्होंने डोगरा रेजिमेंट का हेडक्कार्टर फैजावाद से हिमाचल शिफ्ट करने के लिए क्यों आवाज नहीं उठाई। खेल मंत्री रहते हुए वह हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल स्टेडियमों का निर्माण क्यों नहीं करवा पाए।

### गोशाला के समीप कूड़ादान को हटाने को लेकर डीसी से मिले लोग

बिलासपुर। नगर के रौड़ा सेक्टर में सब्जी मंडी के सामने महर्षि वेद व्यास गोसेवा समिति के बैनर तले बेसहारा गोवंश की निस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा और संरक्षण को लेकर बनाई गई गोशाला को इसके साथ बने नगर परिषद के कू ड़ा स्टोर के कारण खतरा पैदा हो गया है। 29 अप्रैल की मध्य रात्रि इस कूड़ा स्टोर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई थी, जिससे डेढ़ सौ करीब पशुओं की जान पर संकट आ गया था।

इसी आशय को लेकर शुक्रवार को महर्षि वेद व्यास गौर सेवा समिति के प्रधान अशोक ठाकुर, समाजसेवी जितेंद्र चंदेल, परवेश चंदेल, अजय चंदेल और सुधांशू शर्मा ने उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उक्त कूड़ादान में कूड़ा न रखा जाए, क्योंकि चंद रोज पहले बहुत बड़ा हादसा हुआ था जिसमें भारी नुकसान तो हुआ, लेकिन पशुओं की जान बच गई। उन्होंने कहा कि इस गोशाला के साथ रिहायश भी है तथा यह हादसा रात को हुआ है। यदि फायर ब्रिगेड समय पर न पहुंचती तो कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती थी। उपायुक्त ने बताया कि लोगों की समस्या पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 18 मई को बिलासपुर में आयोजित होगी राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट चैंपियनशिप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के सदस्य बैठक के दौरान।

**हिमाचल के 180 खिलाड़ी दिखाएंगे दम**

हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) की बैठक का आयोजन जिला बिलासपुर में किया गया। इसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के प्रदेश महासचिव सराज अख्तर ने की। इसमें विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा ने शिरकत की। हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के पदाधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के अध्यक्ष मृदुल शर्मा को हिमाचली परंपरा अनुसार हिमाचल टोपी हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मृदुल शर्मा एवं सराज अख्तर ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना एवं ग्रामीण स्तर पर युवाओं को मंच प्रदान करने हेतु बिलासपुर में राज्य स्तरीय बगटुर चैंपियनशिप (मार्शल आर्ट) का आयोजन 18 से 21 मई 2024 तक करवाया जाएगा। इसमें लगभग हिमाचल के लगभग 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। बैठक के दौरान सफल आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा एवं प्रदेश महासचिव सराज अख्तर ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को अच्छा और स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार खेलकूद का भी स्वस्थ जीवन हेतु अत्यधिक महत्व है। इस मौके पर बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार वालिया, सहायक टेक्निकल डायरेक्टर मीना शर्मा, कोषाध्यक्ष सरीत कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनंदा सूद, उपाध्यक्ष तृप्ता ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष शिषटा गौतम, अशोक शर्मा एवं अनंतराम शर्मा इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भाखड़ा विस्थापितों की आवाज उठाने में नाकाम रहे अनुराग : रमेश कौंडल

बिलासपुर। बिलासपुर जिले के हजारों परिवार भाखड़ा डैम आने से पानी की बलि चढ़े थे। आज तक भाखड़ा विस्थापित परिवार उस उजड़ेपन का दर्द झेल रहे हैं, लेकिन सही तरीके से विस्थापितो का बसाव तक नहीं हो पाया है।

प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के सयोजक रमेश चंद कौंडल के साथ गोरखू राम शास्त्री, दौलत राम, जगदीश संख्यान्न, पूर्व पंचायत प्रधान बाबू राम, पूर्व ग्राम पंचायत उपप्रधान शंकर राम सहित दर्जनों विस्थापित परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि भाखड़ा डैम आने से स्लापड से लेकर भाखड़ा तक हजारों परिवार अपने आशियाने की बलि दे चुके हैं जिनके बसाव के लिए आज तक विस्थापित परिवारों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है, यही नहीं जब ये आपात स्थिति बनी थी तो इन परिवारों को बसाव के लिए जो जगह चयन की गई, उनमें जो मूलभूत सुविधाएं होती हैं, उनसे भी वंचित रहना पड़ रहा है। पीड़ित परिवारों का दुख सांसद नहीं समझ पाए। बिलासपुर शहर तो 99 साल की लीज पर दिया गया। इसके अलावा परिवारों का बिखराव हुआ, एक भाई बिलासपुर दूसरा भाई हिसार राजस्थान में बसा दिया गया, लेकिन पिछले कई सालों से सांसद बनकर जा रहे अनुराग ठाकुर को भाखड़ा डैम विस्थापित परिवारों का दर्द ही समझ नहीं आया।

# मतदाताओं को जागरूक करेंगे एनएसएस के 700 स्वयंसेवक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला बिलासपुर में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बिलासपुर के 5 कॉलेजों के 700 स्वयंसेवक जिला के मतदाताओं को घर-घर जाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।उन्होंने बताया कि एनएसएस के 700 स्वयंसेवक 21 मई, 24 मई और 26 मई को जिला बिलासपुर के सभी पंचायत में लोगों के घर-घर जाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए बिलासपुर कॉलेज के 200 एनएसएस स्वयंसेवक, घुमारवीं कॉलेज के 200, जुखाला कॉलेज के 100, नयना देवी कॉलेज के 100 और झंडूता कॉलेज के 100 स्वयंसेवक मतदाताओं को घर-घर जाकर जागरूक करेंगे।



बस में लोगों को जागरूक करते गणमान्य।

**मुकाबला** संतोषगढ़ में अंडर-19 जिलास्तरीय प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन

# चंबा की टीम ने पहली पारी में बनाई बढ़त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में अंडर-19 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का मुकाबला चंबा और किन्नौर के बीच में आरंभ हुआ, जिसमें चंबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 295 रन बनाए। टीम के अंश ने 45 रन बनाए, आर्यन वर्मा ने 54 रन बनाए, लक्ष्य ने शानदार शतक लगाया और टीम के लिए 102 रन का योगदान दिया, जबकि जुबेर अहमद ने 26 रन बनाए, अनीश ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया।



किन्नौर के हर्ष चौहान ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, अंशु नेगी, इशांत नेगी, अभिषेक ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

किन्नौर की टीम ने 10 विकेट खोकर 270 रन बनाए। इसमें हर्ष चौहान ने 35, अनीश ने 69, अभिषेक ने 95, अंशित कुमार ने 22 रन, अंशु नेगी ने 15 रन बनाए। लक्ष्य और मयंक चौहान ने 4 विकेट लिए, जबकि हिमांशु चरक ने दो विकेट लिए। चंबा की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 68 रन बना लिए हैं। इसमें अंश 37 रन बनाकर खेल रहे हैं और आर्यन वर्मा 24 रन बनाकर खेल रहे हैं। किन्नौर के राजवर्धन ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

### बिलासपुर की टीम का लाहौल-स्पीति के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन

ऊना। जिला स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर और लाहौल एंड स्पीति के बीच में तीन दिवसीय मैच ऊना के इंदिरा स्टेडियम में आरंभ हुआ, जिसमें बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 183 रन बनाए। टीम की ओर से अपराजित शर्मा ने 20 रन बनाए, जबकि आदित्य शर्मा ने 37 रन बनाए। ऋषभ ने अर्धशतक लगाया और टीम के लिए 69 रन का योगदान दिया, जबकि अखिलेश गौतम ने 18 रन बनाए, बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। लाहौल-स्पीति के सुजल ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। मानस पाटिल ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि कबीर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। लाहौल-स्पीति की टीम ने 10 विकेट पर 161 रन बनाए हैं। इसमें उदय राजपूत ने 23 रन बनाए, जबकि राघव ने 96 रन बनाए। बिलासपुर के सक्षम दत्ता ने 4 खिलाड़ी आउट किया, मन्नत भारद्वाज ने 3 खिलाड़ियों को और सक्षम शर्मा ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बिलासपुर ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 146 रन बनाए। आदित्य शर्मा 88, अखिलेश गौतम 11 रन बनाकर खेल रहे हैं। सक्षम दत्ता 10 बनाकर खेल रहे हैं। लाहौल-स्पीति के राघव ने तीन विकेट प्राप्त किया और सुजल ठाकुर ने दो विकेट प्राप्त किए।

धरती पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन हमारी जरूरत पूरा करने के लिए हैं, लालच की पूर्ति के लिए नहीं। –महात्मा गांधी

## संपादकीय

# चेहरे वही, पार्टी नई

हिमाचल में पहली जून को लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा उपचुनाव भी होने हैं। यहां मुकाबला सत्तासीन कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के बीच ही है और दोनों ही दल हर सूरत में उपचुनाव जीतना चाहते हैं। इसकी वजह यह है कि इन उपचुनावों के परिणाम दोनों ही पार्टियों के भविष्य को तय करने वाले हैं। अगर कांग्रेस जीत जाती है तो फिर वह पांच साल तक सत्ता का सुख भोगेगी और अगर भाजपा जीत गई तो फिर कांग्रेस के लिए पांच साल तक सत्ता में बने रहना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में दोनों ही पार्टियां उपचुनावों को लेकर काफी गंभीर हैं। यही वजह है कि ये दोनों ही दल चुनावी रण में उन चेहरों को उतारने में जुटी हैं, जिनका जनाधार अच्छा है। भाजपा ने तो सभी छह सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित भी कर दिए हैं और खास बात यह है कि ये सभी पहले कांग्रेस की टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। पार्टी और प्रदेश नेतृत्व से मतभेद होने की वजह से इन्होंने पार्टी छोड़ दी और विधानसभा से निष्कास्ति होने के बाद भाजपा का दामन थाम लिया।

वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस ने भी उपचुनाव के लिए तीन विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और ये तीनों भी भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। कहने का मतलब यह है कि चुनावी रण में चेहरे वही पुराने हैं, लेकिन इस बार इन्होंने पार्टी बदल ली है। विधानसभा चुनाव हारने वाली भाजपा कांग्रेस के जीते हुए प्रत्याशियों को टिकट देकर जीत के सपने देख रही है तो कांग्रेस को अपनी सरकार और पार्टी की साख के भूते हारे हुए भाजपा प्रत्याशियों से भी उपचुनाव में जीत की उम्मीद है। पार्टियां तो अपने दांव-पेंच लगा रही हैं, लेकिन प्रत्याशियों की जीत और हार का फैसला करने वाली जनता को कोई नहीं पूछ रहा। प्रदेश में नवंबर, 2022 को विधानसभा चुनाव हुए थे। उन चुनावों में लोगों ने अपना जनादेश दे दिया था, बावजूद इसके 15 महीने बाद ही उन पर फिर से उपचुनाव थोप दिए गए हैं। अचरज की बात यह है कि इस बार चुनाव लड़ने वाले चेहरे भी पुराने ही हैं। उन्हें उन्हीं में से किसी एक को चुनना पड़ेगा।

अब सवाल यह है कि क्या मतदाता 15 महीने के बाद अपना प्रतिनिधि बदल लेंगे या फिर उसी को वोट देंगे, जिसे पहले दिया था या फिर पार्टी को देखकर मतदान करेंगे। राजनीतिक पार्टियों के ऐसे फैसलों से वोटर्स असमंजस की स्थिति में दिख रहे हैं। उनके मन में जरूर यह सवाल उठ रहे होंगे कि जब उन्होंने 15 महीने पहले अपना जनादेश दे दिया है तो फिर अब उसे बदलने की जरूरत क्या है। पार्टियां बार-बार उन्हीं चेहरों को उनके सामने खड़ा क्यों कर देती हैं? क्या लोकतंत्र में यही काम रह गया है जनता के लिए? जनता के मन में चाहे जो भी हो राजनीतिक दलों को तो बस अपने मन की सुननी है। अगर उनको लगता है कि प्रत्याशियों की अदला-बदली करने से चुनाव परिणाम बदल जाएंगे तो वे ऐसा जरूर करेंगे। जनता को तो उन्हीं के खड़े किए गए प्रत्याशियों में से ही किसी एक को चुनना पड़ेगा। वोटर्स के पास और विकल्प हैं भी कहां?

सवाल यह भी है कि पार्टियां आखिरकर बार-बार पुराने चेहरों पर ही दांव क्यों खेल रही हैं? क्या उनके पास अपने ऐसे नेता नहीं हैं, जिन पर जीत का भरोसा किया जा सके। अगर दूसरे ही दल के नेताओं को अपने में शामिल कर चुनावी मैदान में उतारना है तो फिर कार्यकर्ताओं की इतनी बड़ी फौज खड़ी करने की जरूरत क्यों है? राजनीतिक दलों के ऐसे फैसलों से जहां जनता असमंजस में है तो वहीं, पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल भी गिरता है। पार्टी के लिए अपना सारा जीवन समर्पित करने वाले कार्यकर्ताओं के पास हाईकमान के फैसले के साथ चलने के सिवाय कुछ नहीं बचता। पार्टियों के ऐसे फैसले मतदाताओं के साथ ही पार्टी वर्कर्स के लिए विचित्र स्थिति पैदा करने वाले साबित हो रहे हैं, जो कि लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं माने जा सकते। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### देश की पहली महिला न्यायाधीश

**न्यायमूर्ति** अन्ना चांडी का जन्म 4 मई 1905 को भारत के तत्कालीन त्रावणकोर राज्य (अब केरल) में एक मलयाली सीरियाई ईसाई माता-पिता के यहां हुआ था। वर्ष 1937 में वह भारत की पहली महिला न्यायाधीश बनीं। भारत की पहली महिला न्यायाधीश तो थीं ही, शायद दुनिया में उच्च न्यायालय के न्यायधीश के पद तक पहुंचने वाली वह दूसरी महिला थीं। त्रावणकोर में यह पहली बार था जब किसी महिला ने कानून की डिग्री हासिल की थी। वह 1928 में न्यायालयी सेवा में आईं और उन्हें सीपी रामास्वामी द्वारा जो त्रावणकोर के तत्कालीन दीवान थे, जिला न्यायाधीश (मुंसिफ) के रूप में नियुक्त किया गया। केरल उच्च न्यायालय में 9 फरवरी, 1959 से 5 अप्रैल, 1967 तक वह न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहीं।



**न्यायमूर्ति अन्ना चांडी**
**जन्म :** 4 मई, 1905
**मृत्यु :** 20 जुलाई, 1996

साल 1928 के केरल राज्य में एक बड़ी बहस चल रही थी कि महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाए या नहीं। जाने-माने विद्वान चर्चा में शरीक हुए थे। इन्हीं में से एक टीके वेल्लु पिल्लई अपने भाषण में तर्क दे रहे थे कि शादीशुदा महिलाओं को सरकारी नौकरी में नहीं आना चाहिए। 24 साल की एक लड़की भी सभा में मौजूद थी। उससे यह सुना नहीं गया और मंच पर चढ़ गई और सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण देने के पक्ष में बोलने लगी। उसकी एक के बाद एक दलीलें और तर्क इतने तथ्यात्मक थे, जैसे किसी कोर्ट रूम में बहस चल रही हो, यह महिला थीं अन्ना चांडी। 20 जुलाई 1996 को वह इस दुनिया से अलविदा हुईं। वह भारत की महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनीं।

## अपनी बात

**एक** सभ्य नागरिक होते हुए हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए यातायात नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होंगी और सही-सलामत रहेंगे। सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है कि हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाएं। स्कूटर-बाइक पर चलते समय हेलमेट अवश्य पहनें। वहीं, फोर व्हीलर वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें।

यातायात संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी। स्वयं व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना जरूरी है। जुर्माने के डर से नियमों का पालन करने की बजाय कर्तव्य समझकर पालन करने की आदत डालें। न सिर्फ स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं और हमें इन्हें जिम्मेदारी से अपनाना चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार हर साल के सड़क हादसों में मौत टू-व्हीलर पर सवार बिना हेलमेट वाले लोगों की होती है। ज्यादातर लोग हेल्मेट नहीं पहनते और पहनते भी हैं तो वे पुलिस की कार्रवाई और जुर्माने से बचने के लिए, लेकिन लोगों की यह सोच सही नहीं है। हेलमेट से हमारी सुरक्षा है। यह सोचकर हेलमेट पहनकर सड़क पर निकलना चाहिए।

**– दिनेश, बिलासपुर।**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# युवाओं को डॉ. परमार की शिक्षाओं पर चलने की जरूरत

देवभूमि हिमाचल प्रदेश का निर्माण करने वाला अद्भुत व्यक्तित्व जिनके व्यक्तित्व पर लिखना, समझना, विश्लेषण करना मानो सूरज के आगे दीपक दिखाना हो। जिस व्यक्तित्व ने हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य को पूर्ण राज्य बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई तो वहीं, वह बहु शिक्षाविद और अनेक उपाधियों के धनी व्यक्ति रहे हैं और इमानदारी की प्रतिमूर्ति रहे। हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री से लेकर आगे भी कई बार वह मुख्यमंत्री बने। वह सादगी के लिए भी खासे लोकप्रिय रहे, जिनके जीवन के बारे में जितना पढ़ा जाए, समझा जाए, उतना ही कम होगा।

ऐसे खास व्यक्तित्व थे, हिमाचल प्रदेश के निर्माता स्व. डॉ. यशवंत सिंह परमार जिनकी जयंती हर वर्ष दो मई को मनाई जाती है। डॉ. यशवंत सिंह परमार हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री थे। हिमाचल प्रदेश के गठन में उनका अहम योगदान रहा था। अगर डॉ. यशवंत सिंह परमार के जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त करने और विश्लेषण करने का प्रयास किया जाए तो, निसंदेह एक बात जरूर निकलकर सामने आती है कि डॉ. यशवंत सिंह परमार के जीवन को पढ़ा गया, समझा गया, परंतु उनके आदर्शों, जीवन शैली और उनकी शिक्षाओं को हमने अपने जीवन में नहीं उतारा, जिनकी आज के परिप्रेक्ष्य में शायद सबसे ज्यादा जरूरत और दरकार भी है, क्योंकि डॉ. यशवंत सिंह परमार एक ऐसा खास व्यक्तित्व रहा, जो राजनीति से ऊपर उठकर, समाज, क्षेत्र के लिए जिन्होंने अपनी अलग पहचान स्थापित की, जो एक सर्वमान्य नेता या फिर जिन्होंने जननायक की परिभाषा को चरितार्थ किया। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के हर व्यक्ति और युवाओं को ऐसे खास व्यक्तित्व के जीवन की अनमोल शिक्षाएं और उनके जैसा बेदाग और हिमाचल प्रदेश की नींव रखने और अपनी पहाड़ी भाषा, पहाड़ी संस्कृति, सभ्यता और रीति रिवाजों, ईमानदारी और सादगी भरे जीवन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। आज हम सभी उनके पदचिन्हों पर चलते रहें और हिमाचल प्रदेश के विकास और अपने जीवन को कहीं न कहीं समाज हित और प्रदेश हित में समर्पित किया जाए।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

यह बानगी भर है उस युग पुरुष, योगी, दार्शनिक एवं दूरद्रष्टा की, जिसने पहाड़ों की भोली-भाली, कम साक्षर व भौगोलिक परिस्थितियों से जूझ रही जनता को विकास के सपने ही नहीं दिखाए, बल्कि उनका पूरा ताना-बाना बुनकर भविष्य की राह पर अग्रसर भी किया। हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार ही थे, जिन्होंने एलएलबी व पीएचडी होने के बावजूद धन-दौलत या उच्च पदों का लोभ नहीं किया, बल्कि सर्वस्व प्रदेशवासियों को पहाड़ी होने का गौरव दिलाने में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। परमार हिमाचल की राजनीति के पुरोधा व प्रथम मुख्यमंत्री ही नहीं थे, वह एक राजनेता से कही बढ़कर जननायक व दार्शनिक भी थे, जिनकी तब की सोच पर आज प्रदेश चल रहा है। कृषि-बागवानी से लेकर वानिकी के विस्तार सहित जिन प्राकृतिक संसाधनों पर आज प्रदेश इतरा रहा है, भविष्य का यह दर्शन उन्हीं का था। वह कहा करते थे कि सड़कें पहाड़ों की भाग्य रेखाएं हैं और आज यही प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ हैं।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर उनका स्पष्ट विजन था, जिस पर उनके बाद की सरकारों ने पूरा ध्यान दिया, जबकि औद्योगिकीकरण के साथ विकास की रफ्तार पर भी वह चल पड़े थे। इसी तरह पशुपालन से समृद्धि की राह भी वह देखा करते थे, जिसके लिए उनके समय प्रयास भी हुए और पहाड़ों की लोक सभ्यता व संस्कृति के तो वह साक्षात उदाहरण थे, जिसके लिए उन्होंने कार्य ही नहीं किए, बल्कि वैसा ही पारंपरिक व सादगी का जीवन व्यतीत भी किया।

यशवंत सिंह परमार की ईमानदारी व पाक राजनीतिक जीवन का इससे बड़ा प्रमाण नहीं होगा कि अपने अंतिम समय में भी उनके बैंक खाते मे 563 रुपए और 30 पैसे थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने कोई मकान नही बनवाया, कोई वाहन नहीं खरीदा, अपने परिवार के किसी व्यक्ति या रिश्तेदार को प्रभाव से नौकरी नहीं लगवाई। वह जब मुख्यमंत्री नहीं थे तो सामान्य बस में सफर करते थे। डॉ. यशवंत सिंह परमार जिला सिरमौर से संबंध रखते थे। हिमाचल प्रदेश के निर्माता कहे जाने वाले डॉ. यशवंत सिंह परमार ने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए केंद्र के सामने जोर-शोर से अपनी मांग रखी।

डॉ. परमार तब तक पीछे नहीं हटे, जब तक हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिल गया। 4 अगस्त 1906 को हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के चन्हालग गांव में जन्मे डॉ. परमार ने हिमाचल प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जन्म उर्दू और फारसी भाषा के विद्वान भंडारी शिवानंद के घर पर हुआ था। उनके पिता सिरमौर रियासत के राजा के पास दीवान का काम करते थे। बेटे यशवंत की शिक्षा के लिए उन्होंने अपनी सारी जायदाद गिरवी रख दी थी। डॉ. यशवंत सिंह परमार इतने सरल स्वभाव के थे कि मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद वह किसी वीआईपी प्रोटोकॉल में नहीं, बल्कि शिमला बस स्टैंड से एचआरटीसी बस में बैठकर सिरमौर गए थे। मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफे के बाद उनका कभी भी राजनीतिक कामों में हस्तक्षेप नहीं रहा। इसके चार साल बाद 2 मई, 1981 को डॉ. परमार ने दुनिया को अलविदा कह दिया था परंतु उन्होंने जो अद्भुत जीवन जिया, उनकी जनता आज भी कायल है। ऐसा व्यक्तित्व शायद ही युगों-युगों में मिलता हो।

जो व्यक्ति सक्षम होकर भी सामान्य सा जीवन, इमानदारी की प्रतिमूर्ति, उच्च आदर्शों को स्थापित करने वाला व्यक्तित्व, राजनीति में दूरदर्शी सोच रखने वाला व्यक्तित्व, जिन्होंने कि हिमाचल प्रदेश को पहाड़ी राज्य जैसे श्रेणी में लाने का हरसंभव प्रयास भी किया। इसमें वह काफी हद तक सफल भी हुए।

वर्तमान में हमें बड़े बुजुर्गों और शिक्षाप्रद व्यक्तियों से देखने एवं सुनने को मिलता है कि डॉ. यशवंत सिंह परमार जैसा व्यक्तित्व शायद ही हमने अपने पूरे जीवन काल में देखा या समझा हो, जिनके अंदर अनेक प्रतिभाएं छुपीं थीं। इनका उन्होंने बखूबी प्रदेश और समाज हित में प्रयोग भी किया। आज हर युवा, बच्चों और समाज को ऐसे ही खास व्यक्तित्व के जीवन के बारे में पढ़ना चाहिए, जिनके जीवन से हर व्यक्ति गौरवान्वित महसूस होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# ग्लोबल वार्मिंग, संभलने की वार्निंग

मनुष्य का जल-जंगल-जमीन से रिश्ता आदिकाल से है। बिना इनके जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज सबसे बड़ा संकट ग्लोबल वार्मिंग का है। इससे सारी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग ने कई तरह की दुश्वारियां पैदा की हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने (ग्लोबल वार्मिंग) और उसकी वजह से होने वाला जलवायु परिवर्तन आज प्रकृति की तबाही की सबसे महत्वपूर्ण कारक है।

पृथ्वी के औसत तापमान में बढ़ोतरी या ग्लोबल वार्मिंग मुख्यत: कार्बन उत्सर्जन की तेजी से बढ़ती दर और कम होते जंगलों का परिणाम है। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस साल चली भयंकर लू का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग नहीं रुकी तो शताब्दी के आखिर तक पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 2 डिग्री बढ़ जाएगा और इससे लू की तीव्रता और नियमितता 30 गुना बढ़ जाएगी। दैनिक अनुभव से भी हम यह जानते हैं कि सिर्फ तपती गर्मी या लू से उतनी तकलीफ नहीं होती, जितनी तकलीफ गर्मी और उमस के एक साथ होने से होती है। ग्लोबल वार्मिंग से हवा का तापमान बढ़ता है और गर्म हवा ठंडी हवा के मुकाबले ज्यादा वायुमंडल की नमी वहन करती है।



**लेखक : उमाशंकर पांडेय**
पद्मश्री से अलंकृत

ग्लोबल वार्मिंग के कारण जहां प्रति वर्ष लू की स्थिति अधिक दिनों तक और ज्यादा तीव्रता के साथ लोगों को अपनी जद में ले रही है। दूसरी ओर हर साल शीत लहर का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। 1980 से 2018 के बीच शीत लहर के कारण हुई मौतें लू से हुई मौतों से ज्यादा थीं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में शीतलहर से 152 लोगों की मौत हुई। जनवरी 2021 में उत्तर भारत के हर राज्य में औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम था। वैज्ञानिकों के अनुसार शीत लहर की बढ़ती अवधि और तीव्रता का मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग और विशेष तौर पर आर्कटिक इलाके का ऊष्मीकरण है। माना जाता है कि ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित बारिश, जंगलों की कटाई और भूमिगत जलस्तर में तेज गिरावट को देखते हुए यह तय है कि सूखा और जल संकट आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट 2022 के अनुसार 2050 तक भारत में सात करोड़ लोग जलवायु परिवर्तन के कारण भुखमरी का शिकार हो सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### धधकते जंगल



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

*उदित हुए भानु तपिश में*
*वृष्टि का न रहा निशान*
*सूख रहे तरुवर नित्य ही*
*ताक रहे निज आसमान*
*पंछी-पखेरू अकुला रहे*
*भूख-प्यास से निकल*
*रहे प्राण*
*वसुधा तरसे शीतल नीर को*
*कैसे करें प्रकृति का त्राण*
*धधकते जंगल बने शोले*
*भेंट चढ़ रहे वनाग्नि में*
*कैसे बचेगी यह वन संपदा*
*स्वाहा सब कुछ दावाग्नि में*
*जीव-जंतु सब भस्म हुए*
*चूजे कर रहे नित चीत्कार*
*मानव दानव अब बन गया*
*चारों ओर मचा हाहाकार*
*पाल न सको तुम तरुवर को*
*क्यों आग की भेंट चढ़ाते हो*
*तरु से है हम सब*
*की धड़कन*
*क्यों उन पर कुल्हाड़ी*
*चलाते हो*
*अगर चाहते हो तुम हमेशा*
*शीतल, पावन हवा के झोंके*
*दहकती दावानल को*
*हम आओ एकजुट*
*होकर सब मिलकर रोकें।*

# विश्व की भलाई के लिए शांति की आवश्यकता सर्वोपरि

तृतीय विश्व युद्ध के बारे में प्रसिद्ध वैज्ञानिक आईन्स्टाइन से जब पूछा गया तो उनका उत्तर अत्यंत गंभीर था। उन्होंने कहा की 'तृतीय विश्व युद्ध' को लेकर मैं कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता, लेकिन हां चौथा विश्व युद्ध निश्चित तौर पर पत्थर के औजारों से लड़ा जाएगा। इस कथन के निहितार्थ बड़े स्पष्ट और प्रासंगिक थे। तीसरी विश्वयापी लड़ाई पृथ्वी को जनशून्य और निर्जन स्थान बना सकती है, अर्थात आधुनिक सभ्यता, संस्कृति, जीव, वनस्पति पूर्ण रूप से नष्ट हो जाएगी। जो हालात बन रहे हैं, उनसे यह लग रहा है कि तृतीय विश्व युद्ध की शुरुआत हो चुकी है। आने वाले समय में परिस्थितियां बहुत भयानक होने वाली हैं। परमाणु हमले के खतरे को भी नाकारा नहीं जा सकता।

परिस्थितियों को देखकर लगता है दुनिया 'लिटिल ब्वॉय' और 'फैट मैन' के नाम और उनके द्वारा बरपाए गए कहर को भूल चुकी है। 40 हजार डिग्री सेल्सियस की गर्मी पैदा करने वाले ये नाम सुनने में जितने मासूम लगते हैं, यादें उतनी ही भयावह छोड़ चुके हैं। यह दो नाम करीब 78 वर्ष पूर्व लाखों जीवन लील चुके हैं। हम बात कर रहे हैं 6 और 9 अगस्त 1945 को हुए उस भयानक मंजर की, जब अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम गिराए थे। हिरोशिमा में करीब एक लाख 40 हजार और नागासाकी में करीब 74000 लोग मारे गए थे। जो बच गए, उनकी कई पीढ़ियां इस घटना का दंश अभी तक झेल रही हैं। हालांकि, नागासाकी में गिराया गया बम ज्यादा शक्तिशाली होने के बावजूद वहां की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण नुकसान कम कर पाया, लेकिन दोनों ही नाम कभी न भूलने वाला दर्द छोड़ गए।



**लेखक : विशाल ठाकुर**
अध्यापक, घुमारवीं

वर्तमान में परमाणु बम पहले की तुलना में काफी अधिक शक्तिशाली हैं। आज दुनिया युद्ध के जिस मुहाने पर खड़ी है, आवश्यकता है उस दर्द अथवा पीड़ा को याद करने की, जो हिरोशिमा और नागासाकी के घटनाक्रम के दौरान पूरे विश्व ने सही थी। उधर रूस-उक्रेन युद्ध को 2 वर्ष से अधिक और इसराइल गाजा युद्ध को 3 महीनों का समय बीत चुका है। हजारों घर परिवार उजड़ चुके हैं। बच्चे खुले मैदानों में खेलने की अपेक्षा राहत शिविरों में अपना बचपन गुजार रहे हैं। इसराइल गाजा युद्ध की वास्तविक कीमत बच्चों को चुकानी पड़ी है। 24000 से अधिक बच्चे अपने माता-पिता या उनमें से किसी एक को खो चुके हैं। 11000 से अधिक बच्चे इस जंग में मारे जा चुके हैं। जंग खत्म होने पर भी इन बच्चों का सदमे से उबरना अत्यंत मुश्किल होगा। वर्तमान में कई देश आपस में उलझे हुए हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, ईरान, लेबनान, यमन, इराक आदि देशों ने इस दुनिया को विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर कर दिया है। पूरा विश्व दिन-प्रतिदिन जंग का विस्तार होते हुए देख रहा है। कई देश एक-दूसरे को परमाणु युद्ध की धमकी इस प्रकार दे रहे हैं, मानो यह साधारण सी बात हो। अगर मामला धमकी तक सीमित हो तब तो ठीक है, लेकिन अगर गलती से भी कीड़ी एक देश द्वारा परमाणु बम का प्रयोग किया गया तो विश्व विनाश तय है।

'लिटिल ब्वॉय' और 'फैट मैन' मानव अनुमति से गिराए गए थे। अब जरा सोचिए अगर कोई ऑटोमेटिक परमाणु हथियार प्रणाली हो जिसे किसी मनुष्य की अनुमति की आवश्यकता ही न हो तो दुनिया के सामने कितना बड़ा खतरा उत्पन्न हो जाएगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। बहुत ही कम लोगों को पता होगा कि रूस के पास एक 'डेड हैंड' सिस्टम है, जो कभी भी एक बार में ही 1600 न्यूक्लियर मिसाइल दाग सकता है। खतरा इसलिए अधिक है क्योंकि यह सिस्टम बिना किसी मानव अनुमति के कुछेक परिस्थितियों में स्वयं एक्टिवेट हो सकता है। रूस ने इस प्रणाली को शीत युद्ध के दौरान विकसित किया था। यह अत्यंत विनाशकारी न्यूक्लियर सिस्टम है। अगर किसी परमाणु हमले में सभी रूसी अधिकारी मारे जाते हैं, तो यह सिस्टम दुश्मन पर अपने आप हमला कर देगा। अब जरा सोचिए जब दुनिया के विभिन्न देशों पर 1600 परमाणु मिसाइलें एक साथ हमला करेंगी तो परिणाम कितना भयावह होगा। इसे हम विश्व समाप्त यंत्र कहें तो गलत नहीं होगा। इसी प्रकार ब्रिटेन पनडुब्बी से व अमेरिका ने अपने एक फाइटर विमान से जो युद्ध के दौरान हर समय हवा में रहेगा, तमाम अधिकारियों के मारे जाने की स्थिति में परमाणु हमला करने की अनुमति दे रखी है।

रूस के पास वर्तमान में परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा जखीरा है। वर्तमान में रूस पास करीब 5889, अमेरिका के पास 5244, चीन के पास 410, फ्रांस के पास 290, ब्रिटेन के पास 225, पाकिस्तान के पास 170, भारत के पास 164, इसराइल के पास 90, उत्तर कोरिया के पास 30 परमाणु हथियारों सहित विश्व में कुल 12512 के करीब परमाणु हथियार हैं। हम यह कह सकते हैं दुनिया तो बारूद के ढेर पर बैठी हुई है। मनुष्य के जीवन और मौत के बीच एक चिंगारी मात्र का फासला है। जब अतिराष्ट्रीयता का आवेग राष्ट्र के अध्यक्षों को जब किसी भी हद तक जाने लिए विवश कर देगा, तब महाविनाश होते देर नहीं लगेगी। इतिहास साक्षी है, तानाशाहों की जिद के कारण प्राचीन सभ्यताएं छिन्न भिन्न हो चुकी हैं। किसी बिन लादेन के रूप में हिटलर फिर से जन्म ले सकता है।

सभ्य राष्ट्रों को विश्व को भय मुक्त करने के लिए एकजुटता दिखानी होगी। विश्व की भलाई के लिए शांति की आवश्यकता सर्वोपरि है। युद्ध सब कुछ नष्ट कर देता है, लेकिन शांति, प्रेम और जीवन का मंत्र सुनाती है। विज्ञान का आविष्कार मानव सभ्यता को शांतिपूर्ण और स्थिर रखने के लिए किया गया था, न कि उसे नष्ट करने के लिए। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को ध्यान में रखते हुए शांति स्थापना के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रखे जाने चाहिएं। शांति ही विश्व में प्रेम और स्नेह फैला सकती है। विभिन्न देशों में जारी संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध का बिगुल है तो विश्व विनाश तय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'नेहरू युवा केंद्र' युवाओं की आशाओं का मंदिर

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नेहरू युवा केंद्र संगठन के विकास के लिए बहुत से कार्य किए जा रहे हैं। युवाओं के हुनर को दुनिया के सामने लेकर आना नेहरू युवा केंद्र संगठन का प्रमुख काम है। ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भाग लेने और इसके साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं कौशल विकास के सुअवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेहरू युवा केंद्रों की स्थापना 1972 में की गई थी। इन केंद्रों के कार्य को देखने के लिए वर्ष 1987-88 में नेहरू युवा केंद्र संगठन की स्थापना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त शासी संस्था के रूप में की गई थी।

नेहरू युवा केंद्र संगठन विश्व में अपने प्रकार की जमीनी स्तरीय सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है। यह स्वैच्छिकता, स्व सहायता और सामुदायिक प्रतिभागिता के सिद्धांतों के आधार पर 13-35 वर्ष के युवाओं की शक्ति को सही दिशा देता है। इन वर्षों में नेहरू युवा केंद्र संगठन ने जहां इसके नेहरू युवा केंद्र स्थापित है, वहीं गांवों में युवा मंडलों का नेटवर्क स्थापित किया है। युवा मंडलों के गठन द्वारा विकास हेतु युवा शक्ति का उपयोग करने के लिए क्षेत्रों की पहचान करना नेहरू युवा केंद्र संगठन का मुख्य लक्ष्य है। यह युवा मंडल जमीनी स्तर पर ग्राम स्तरीय युवाओं के स्वैच्छिक कार्य समूह होते हैं जो कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करते हैं।

युवा मंडलों के इस नेटवर्क में ही नेहरू युवा केंद्र संगठन की मुख्य शक्ति निहित है। युवा मंडल ग्राम आधारित संस्थाएं हैं, जो कि सामुदायिक विकास और युवा सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत हैं। युवा मंडलों के सृजन का मुख्य उद्देश्य युवा सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकासात्मक पहलों की गतिविधियों के माध्यम से समाज को सहयोग करता है।



**दिनेश दमाथीआ**
वरिष्ठ लेखक

युवा मंडलों की गतिविधियां एवं कार्यक्रम स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित होते हैं, जिनका कार्यान्वयन विभिन्न स्थानीय विभागों एवं एजेंसियों, द्वारा स्थानीय संसाधन एकत्रित करके किया जाता है। युवा मंडल एवं इसके सदस्य नेहरू युवा केंद्रों के विशाल राष्ट्रीय ग्रामीण नेटवर्क के आधार को तैयार करते हैं। नेहरू युवा केंद्र संगठन के उद्देश्यों में ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करना तथा उनमें ऐसे कौशल एवं मूल्यों को विकसित करना, जिससे कि वे आधुनिक, धर्मनिरपेक्ष तथा तकनीकी राष्ट्र के उत्तरदायी एवं सृजनकारी नागरिक बन सकें।

नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के युवा विकास संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों तथा कुछ अन्य मंत्रालयों के सहयोग एवं समन्वय द्वारा कुछ विशेष कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का कार्य कर रहा है। इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से अच्छी नागरिकता के मूल्यों को विकासित करना, धर्मनिरपेक्ष रूप से सोच और व्यवहार को विकसित करना, कौशल विकास करना और युवाओं को सृजनकारी एवं संगठनात्मक व्यवहार को अपनाने में सहायता करने पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। संगठन के दृष्टिकोण में जमीनी स्तर पर अच्छे नागरिक और युवा नेतृत्व के लिए दीर्घ आवधिक विकासात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। युवा मंडलों का गठन किया जाता है और उन्हें खेल, सांस्कृतिक और स्थानीय गतिविधियों में प्रतिभागिताओं के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

युवा मंडलों के गठन एवं निरंतरता के लिए युवा नेतृत्व का विकास किया जाता है। यह नेतृत्व कुछ इस प्रकार के सृजनात्मक कार्यों के लिए अत्यंत लाभदायक है जैसे स्वयं सेवा के नेटवर्क मूलभूत लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने के सुअवसर उपलब्ध कराना और विकास करना, युवाओं के सशक्तिकरण में सहायता करना जैसे कौशल उत्पत्ति, स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं स्वरोजगार। भारत की जनसंख्या का लगभग तीन चौथाई हिस्सा ग्रामीणों का है। इसलिए संपूर्ण राष्ट्र का वास्तविक विकास उनकी प्रगति एवं विकास पर निर्भर है। इसके अलावा जनसांख्यिकी लाभांश जो इस देश को मिलता है, वह युवाओं की जनसंख्या अधिक होने के कारण है। इसलिए नेहरू युवा केंद्र संगठन जैसी सबसे बड़ी युवा संस्थाओं के लिए आवश्यक है कि वे अधिक से अधिक इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करें, क्योंकि इससे युवाओं को सशक्त किया जा सकता है। पूरे भारत में नेहरू युवा केंद्र सथापित किए गए हैं, जो अपने राज्यों के अनुसार अपने युवाओं को आगे बढ़ने के मौके प्रदान करते हैं। नेहरू युवा केंद्रों के साथ जुड़ना हर युवा के लिए बहुत आवश्यक है।

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# धार्मिक पर्यटन को प्रमोट करने से दिखेगी छोटी काशी

अनिल शर्मा, मंडी

उत्तराखंड में एक मंदिर है केदारनाथ, त्रासदी में एक चट्टान आई और मंदिर के पीछे रुक गई, वहां के बाशिंदों ने उसको टूरिज्म के रूप में प्रचारित किया, लेकिन आपदा के दौरान मंडी का पंचवक्त्र चारों तरफ से पानी में समाया रहा, लेकिन हम उसको टूरिज्म के रूप में प्रचारित ही नहीं कर पाए।

कहने से छोटी काशी नहीं बन जाएगी, पर्यटन के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। यह कहना है मंडी के योगेश बहल का, जो हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम में जीएम पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। होस्ट एंकर सीरीज के छठे एपिसोड में होस्ट एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता

## होस्ट एंकर सीरीज में बोले सेवानिवृत्त जीएम योगेश बहल




नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में योगेश बहल ने मंडी में पर्यटन की संभावनाओं, कमियों और जिम्मेदारियों से अवगत करवाया। योगेश बहल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की ओर मत देखिए, स्थानीय लोगों का भी योगदान होना चाहिए, मंडी बहुत बड़ा जिला है, वहां कारपोरेशन का एक इकलौता होटल था, जो आईआईटी मंडी ने ले लिया, उसके बाद एक नया बनाया गया जिसे लीज आउट कर दिया, लेकिन टूरिज्म कार्पोरेशन को नहीं दिया।(अनंत ज्ञान)

## मंडी को बनाना होगा पर्यटन का स्वतंत्र हब

**योगेश** बहल ने कहा कि मंडी को पर्यटन का स्वतंत्र हब बनाना होगा। यहां के स्थलों की सही और विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने से वर्तमान परिस्थितियों में सुधार आएगा। ऐसी कोई प्लेटफार्म और एजेंसी नहीं है, जो मंडी के पर्यटन को प्रोमोट करने के लिए लगाई गई हो, ऐसे में लोगों को भी आगे आना चाहिए।

### रोजगार के अनेक अवसर

**योगेश** बहल ने कहा कि व्हाइट कॉलर जॉब के पीछे भागने की बजाय पर्यटन की संभावनाओं का दोहन करना चाहिए। कुकिंग करना छोटा काम नहीं बड़ा काम है, सोच बदलनी पड़ेगी। एक रेस्टोरेंट खोलते हैं तो उसमें दो नहीं बल्कि दर्जन कर्मी चाहिए। पर्यटन में किया गया इन्वेस्ट कई गुना लाभ प्रदान करता है।

### जानकारी से आएंगे पर्यटक

योगेश बहल ने कहा कि मंडी के जिन क्षेत्रों से पर्यटक गुजरते हैं, वहां पर्यटन स्थलों की पूर्ण जानकारी और मैप लगने चाहिए, ताकि पर्यटक यहां तीन या एक दिन के लिए रुक सके। रिवालसर में बौद्ध टूरिज्म है, हम उसे प्रोमोट नहीं कर पाए, एडवेंचर टूरिज्म है उसे भी हम विश्व पटल पर नहीं रख पाए।

# एसपीयू का एंट्रैंस टेस्ट शेड्यूल जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमाचल प्रदेश की दूसरी यूनिवर्सिटी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने पीजी-यूजी के कोर्सों के लिए एंट्रेस टैस्ट का कंपलीट शेड्यूल जारी कर दिया है। जिसके मुताबिक 9 जून से लेकर 19 जून तक कुल 18 एंट्रेस टेस्ट लिए जाएंगे। यह एंट्रेस टेस्ट जहां पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किए जाएंगे, वहीं पर एंट्रेस के आधार पर विभिन्न कोर्सों में दाखिले भी छात्रों को दिए जाएंगे। इस शेडयूल के तहत पहला एंट्रेस टैस्ट नौ जून को बीएड का निर्धारित किया गया है। एसपीयू की प्रो. वाइस चांसलर डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी अब यूजीसी की लिस्ट में शामिल हो गई।

प्रो. वाइस चांसलर ने अपनी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि मंडी पटेल यूनिवर्सिटी लगभग 20 करोड़ की ग्रांट यूजीसी से लेने में कामयाब रही है।

### यह रहेगा एंट्रेस टेस्ट का शेड्यूल

**प्रो.** वाइस चांसलर डॉ. अनुपमा सिंह ने बताया कि बीएड का एंट्रेस टेस्ट 9 जून को 11 जून से लेकर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। एमबीए का एंट्रेस टैस्ट 10 जून को सुबह 11 से एक बजे तक होगा। इसके अलावा एमटीटीएम का एंट्रेस टेस्ट 10 जून को सायं 3 से 5 बजे तक बीसीए का 14 जून को 11 से 1 बजे तक, एमसीए का 14 जून को 11 से 1 बजे तक, बीबीए का 14 जून को 3 से 5 बजे तक, पीजीडीसीए 14 जून को 3 से 5 बजे तक, एएम इंग्लिश 15 जून को 11 से 1 बजे तक, एमए हिंदी 15 जून को 3 से 5 बजे तक, एमएससी ज्योलॉजी का 17 जून को 11 से 1 बजे तक, एमएससी मैथेमैटिक्स 17 जून को 11 से 1 बजे तक, एमएससी बॉटनी 17 जून को 3 से 5 बजे तक, एमकॉम 17 जून को 3 से 5 बजे तक, एमएससी कैमिस्ट्री 19 जून को 11 से 1 बजे तक, एमए राजनीति शास्त्र 19 जून को 11 से 1 बजे तक, एमएससी फीजिक्स 19 जून को 3 से 5 बजे तक, एमए हिस्ट्री 19 जून को 3 से 5 बजे तक, एमए इक्रॉमिक्स 19 जून को 3 से 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता बनने का अभी भी है मौका : अपूर्व देवगन

**मंडी ।** लोकसभा आम चुनाव में मतदाता बनने का अभी भी मौका है। अगर पहली अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं ने या किन्हीं कारणों से नाम दर्ज करने से छूटे अन्य पात्र लोगों ने भी अभी तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करवाया है, तो वे अब देर न करें। मतदाता सूची में दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 4 मई है। 4 मई के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी या तहसीलदार या एसडीएम कार्यालय में फार्म-6 पर आवेदन करके नाम दर्ज किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 18 से 19 आयु वर्ग में जिला में 13.5 प्रतिशत संभावित युवाओं के नाम दर्ज करना शेष हैं। अभी तक इस आयु वर्ग में 37115 के मुकाबले 32106 युवाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज हुए हैं।

### बाल विवाह करवाने पर होगी जेल

**जोगिंद्रनगर ।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह करवाने पर विवाह सेवा प्रदाताओं जिसमें पंडित, केटरिंग का कार्य करने वाले, टेंट एव डीजे इत्यादि सेवा प्रदाता शामिल हैं उनको भी दो साल तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपए तक का जुर्माना या फिर दोनों सजाएं हो सकती हैं। एसडीएम बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह रोकथाम व जागरूकता को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। वहीं सीडीपीओ बीआर वर्मा के अतिरिक्त बीईईओ चौंतड़ा राजू राम, बीईईओ लडभड़ोल कांता देवी, एएसआई राम चंद, पंडित राकेश कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### बांधी पंचायत और स्कूल में बताया मतदान का महत्व



**पधर ।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता को लेकर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में द्रंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बांधी व पोलिंग बूथ बांधी और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बांधी में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान में भाग लेने के लिए प्रशिक्षु अध्यापकों को शपथ भी दिलाई।

### लाइसेंसी हथियार जमा न करवाने पर होगी कार्रवाई

**जोगिंद्रनगर ।** लोकसभा चुनावों की आदर्श आचार संहिता के चलते अभी तक जिन लोगों ने अपने हथियारों को पुलिस थाना और स्थानीय पुलिस चौकियों में जमा नहीं करवाई है वह शीघ्र इन्हें जमा करवा दें। अन्यथा पुलिस द्वारा निरीक्षण करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के थाना प्रभारी अश्विनी शर्मा ने आम जनता से अपील की है कि, लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सभी लाइसेंस धारक जिला प्रशासन के आदेशों की अनुपालना करते हुए जीवन पंजीकृत हथियारों को थाना और चौकियों में जमा करवाएं। अन्यथा बाद में निरीक्षण करने पर हथियार बरामद होने पर सख्त कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी ने कहा पुलिस गाड़ी में लाउडस्पीकर लगाकर लोगों को आह्वान किया गया।

### देवीदढ़ बूथ बनेगा ग्रीन पोलिंग बूथ

**गोहर ।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के देवीदढ़ में ग्रीन पोलिंग बूथ बनाने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह की अध्यक्षता में पोलिंग बूथ 79 देवीदढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम गोहर ने कहा की ग्रीन बूथ बनाने का उद्देश्य मतदान के साथ पर्यावरण को सुरक्षित करने के संदेश से ग्रीन बूथ स्थापित किया जा रहा है ग्रीन बूथ में किसी भी प्लास्टिक सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाएगा। बैठक में तेज सिंह, गोहर राजेश, रितु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सुंदरनगर में तीन मामलों में शराब बरामद

**सुंदरनगर ।** पुलिस थाना धनोटू और कॉलोनी पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में 12,200 मिली लीटर देसी शराब बरामद की है। धनोटू थाना की एक टीम गश्त पर थी। टीम को सूचना मिली कि धरवासड़ा गांव का बरेस्तु व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। आरोपी के मकान से 1500 मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। दूसरे मामले में भी धनोटू थाना पुलिस ने बग्गी में एक महिला के घर से 1700 मिली लीटर शराब बरामद की। वहीं तीसरे मामले में गुलाब सिंह के घर से 9000 मिलीलीटर देसी संतरा शराब बरामद की। डीएसपी भारतभूषण ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### प्रकाश ने धर्मी देवी के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**नेरचौक ।** लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश ने आईजीएमसी में उपचाराधीन युवा पंचायत प्रधान रही जबना चौहान की मां धर्मी देवी के स्वास्थ्य को लेकर अस्पताल प्रबंधन से मुलाकात की तथा चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की फीडबैक ली। उन्होंने धर्मी देवी के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से हर प्रकार की सहायता प्रदान करने का पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया। तत्पश्चात उन्होंने इस मामले को लेकर डीआईजी लॉ एंड ऑर्डर रंजना चौहान से मुलाकात कर इस मामले की गंभीरता से छानबीन करने को कहा। डीआईजी रंजना चौहान ने उन्हें भरोसा दिलाया कि मेडिकल रिपोर्ट व संबंधित मामले की फाइल मंगवाकर इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। आपको बता दें कि करीब तीन सप्ताह पूर्व धर्मी देवी को उनके गांव के एक परिवार ने तेजधार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

## असामाजिक तत्व फैला रहे प्लास्टिक का कचरा और लगा रहे आग

# बारूद के ढेर पर कांगनी जंगल

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

शहर के साथ लगते कांगणी धार जंगल को कई तरह के खतरे पैदा हो गए हैं। ढेर सारा प्लास्टिक का कचरा फैंक कर उसकों शरारती तत्वों द्वारा आग लगाई जा रही है जो पूरे जंगल को राख कर सकती है।

हाल ही के घटनाक्रम में देखने को आया है कि बहुत से असामाजिक तत्व शाम के वक्त अपने दोपहिया या चौपहिया वाहनों पर सड़क मार्ग से इस जंगल में कई स्थानों पर शीतल व मादक पेय पदार्थों का सेवन करते हैं। अंदेशा तो यह भी है कि बहुत से युवा जो यहां झुंडों में बैठे रहते हैं वे शायद वे चिट्टा इत्यादि का इस्तेमाल भी करते हों। वे अपने साथ खाने पीने की चीजें भी ले गए होते हैं। पार्टी



कांगनी जंगल में फैला हुआ प्लास्टिक कचरा।

करने के बाद खाद्य पदार्थों के रैपर, प्लास्टिक की बोतलें, प्लेटें व गिलास वहीं जंगल में फैंक देते हैं। इससे जंगल का वातावरण प्रदूषित होता जा रहा है।

ऐसे में हालांकि अभी तक हेलीपोर्ट और शिव धाम पर पर्यटकों की आवाजाही उस तरह से शुरू भी नहीं हुई है लेकिन उससे पहले ही पूरा कांगणी और साथ ही शील्ह जंगल में प्लास्टिक की भरमार हो गई है।

इसी बीच कुछ कथित पर्यावरण प्रेमी जो सुबह-सुबह मंडी शहर से इस तरफ सुबह की सैर के लिए आते हैं वह कुछ कूड़ा कचरा को इकट्ठा कर जलाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे जंगल में आग फैलने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। हालांकि इन पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि इधर-उधर प्लास्टिक की गंदगी बिखरी पड़ी हुई है वह देखने में बुरी लगती है लेकिन जो उनका तरीका इस सामग्री को ठिकाने लगाने का है वह गलत है क्योंकि आजकल जंगल में जलती हुई आग को छोड़ना पूरे जंगल को आग के हवाले करने के समान है।

इस बारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने कहा कि इस ओर पुलिस गश्त का इंतजाम किया जाएगा। नगर निगम के पार्षद राजेंद्र मोहन ने कहा कि वन विभाग के साथ मिलकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पिपली से सरमाणा सड़क मार्ग एक महीने तक बंद

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

उपमंडल की ग्राम पंचायत पिपली में पंचायत घर पिपली से सरमाणा सड़क में मनरेगा के तहत कंक्रीट का निर्माण कार्य के चलते पिपली, सरमाणा, द्रुब्बल सड़क सभी प्रकार के वाहनों के लिए पूर्णतः बंद रहेगी।

पंचायत प्रधान इन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यह कंक्रीट बिछाने का कार्य पिपली पंचायत घर से सरमाणा सड़क में मनरेगा के तहत शुक्रवार से शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि कंक्रीट कार्य के चलते लगभग एक महीने के लिए यह सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। इसलिए कुराटी से पिपली, सरमाणा होकर द्रुब्बल आने-जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों के चालक बैकल्पिक मार्ग का ही प्रयोग करें।

## जालसाजी के मामले में पंचायत प्रधान पर केस दर्ज

**सुंदरनगर ।** बल्ह की लोहारड़ी पंचायत में एक सामान्य जाति को अनुसूचित जाति बताकर अनुसूचित कंपोनेंट योजना के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप पंचायत प्रधान पर लगा है। जिस पर प्रधान के खिलाफ मामला हुआ है।

इस सरकारी योजना में एससी कॉम्पोनेन्ट के तहत एक टैंक बनाया गया है। शिकायतकर्ता तुलसी राम से यह पत्र डाक के द्वारा प्राप्त हुआ था। एसपी मंडी ने इसकी जांच के आदेश बल्ह थाने को दिए थे। बल्ह थाने ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए कहा डीएसपी मंडी देवराज ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद जांच शुरू हो गई है।

## सड़क हादसे में चार युवक घायल

**जोगिंद्रनगर ।** चौंतड़ा के सुकाबाग में देर रात एक बाइक में सवार चार युवक घायल हो गए। जानकारी अनुसार मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे में ऐहजू की तरफ से बाइक में सवार चार युवक आ रहे थे तो, इस दौरान चारों युवक एक बाइक में सवार थे। घायल चार युवकों को एक महिला ने देखा इसके बाद 108 एंबुलेंस हेल्पलाइन और घट्टा पुलिस को जानकारी दी गई।

घायलों की पहचान अक्षय, सुनील, आकाश, अश्वनी निवासी पस्सल के रूप में हुई हैं। सुनील और आकाश की गंभीर हालत को देखते हुए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घट्टा पुलिस चौकी प्रभारी संजीव जम्वाल ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन हो रही है।

## कराटे प्रतियोगिता में सुयश ने जीता स्वर्ण



**सुंदरनगर ।** राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर के 12वीं कक्षा के छात्र सुयश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रिंसिपल प्रकाश चंद तथा अध्यक्ष जय सिंह ने इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## सड़क हादसे में बाल-बाल बचा कार सवार

**पधर ।** नेशनल हाईवे मंडी पठानकोट पर एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पैरापिट से जा टकराई। बता दें कि कार एचपी 39 डी 3470 कांगड़ा की तरफ से मंडी जा रही और द्रंग के पास सड़क के किनारे लगे पैराफिट से टकराने के बाद सड़क पर ही खड़ी हो गई।

हादसे में कार सड़क से नीचे जाने से लुढ़कने से बाल-बाल बच गई अन्यथा बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। कार में मात्र दो लोग सवार थे, जिन्हे आंशिक चोटें आई हैं। उन्हें स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में प्रारंभिक उपचार दिया गया। चालक को नींद की झपकी आने से हादसे का कारण बताया जा रहा। कार कांगड़ा से मंडी जा रही थी सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## कल्पना को मिली आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ की कमान



**नेरचौक ।** आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ जिला मंडी की कमान कल्पना ठाकुर को सौंपी गई है। जिला सचिव देशराज की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल मीट के माध्यम से जल शक्ति विभाग के बग्गी डिवीजन में कार्यरत कल्पना ठाकुर को कार्यकारी जिलाध्यक्ष चयनित किया गया। इस दौरान अश्विनी कुमार, प्रवीण, नरेंद्र, गोपाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों की करवाई भाषण प्रतियोगिता



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में ।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

हिमालयन नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर में भाषण, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य सुजाता ठाकुर ने की। इस मौके पर स्वीप के नोडल अधिकारी खजान सिंह ठाकुर ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि जागरूक नागरिक मताधिकार के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। हिमालयन नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर में मतदान जागरूकता पर आधारित भाषण, नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## टेक्सटाइल में आकाश बने वाइस प्रेजिडेंट



**मंडी ।** सरकाघाट उपमंडल में बलद्वाड़ा के रहने वाले आकाश ठाकुर ने एक नया आकाश छुआ है। आकाश ठाकुर को देश की प्रतिष्ठित वर्धमान टेक्सटाइल्स में वाईस प्रेजिडेंट नियुक्त किया गया है। वर्धमान टेक्सटाइल में उपाध्यक्ष के पद पर विराजमान होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस तरह के मुकाम पर पहुंचने वाले वह प्रदेश के पहले युवा माने जा रहे हैं। इससे प्रदेश व जिला का नाम रौशन हुआ है।

## हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ की बैठक संपन्न



बैठक के बाद मौजूद संघ के सदस्य।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ की लोकल यूनिट की बैठक महाविद्यालय में की गई। इस बैठक में एचजीसीटीए की प्रदेश अध्यक्षा प्रो. बनिता सकलानी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान प्रो. बनिता सकलानी ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की सारणी को लेकर बनी सहमति के संदर्भ में अपने विचार रखे। प्राध्यापक संघ की विभिन्न मांगों को लेकर के एचजीसीटीए का पक्ष रखा। इस दौरान डॉ. धर्मवीर सिंह, दीपक मोहन, ओपी कपूर, नवीन निश्चल आदि शामिल रहे।

## महोग में जिला स्तरीय नाहवीधार मेले की तैयारियों पर की समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान, करसोग

करसोग की ग्राम पंचायत नाहवीधार में आयोजित किए जाने वाले चार दिवसीय जिला स्तरीय नाहवीधार मेले की तैयारियों के संबंध में वन विश्राम गृह महोग में बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों देवता समिति के सदस्यों ने भाग लिया। एसडीएम करसोग राजकुमार ने कहा कि मेले को इस बार पूरी धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। मेले में तीन देवी देवता भाग लेंगे। मुख्य देवता 12 मई मेले में पहुंच जाएंगे, जबकि अन्य देवता 13 मई की को मेले में आएंगे। एसडीएम ने कहा कि नाहवीधार मेले का आयोजन पहली बार जिला स्तर पर किया जा रहा है और इस मेले को आकर्षक बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।

बैठक में तहसीलदार करसोग कैलाश कौंडल, क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी हुमेश कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी भोपाल शर्मा, सीडीपीओ विपाशा भाटिया प्रधान ग्राम पंचायत नाहवीधार मीना, उप प्रधान मोहन लाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता के लिए पड्डल मैदान में होगा क्रिकेट मैच

**मंडी ।** मतदाता जागरूकता अभियान के लिए स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को सुबह 7:30 बजे डीसी इलेवन और एसपी इलेवन के बीच पड्डल मैदान में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट मैच का आयोजन लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो, इस उद्देश्य को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत खेला जाएगा।

वहीं डीसी इलेवन और एसपी इलेवन के बीच क्रिकेट मैच होगा। मैच से पहले खिलाड़ियों को मतदान करने की शपथ दिलाई जाएगी।

# कशमल की जड़ों की तस्करी के लिए 20 जगह खोद डाली जमीन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

द्रंग की कजोठ धार पंचायत में कशमल की जड़ों की तस्करी के लिए 20 जगह जमीन खोद डाली।

स्थानीय निवासी छठा सिंह ने वन विभाग के विभिन्न अधिकारियों और जिला व उपमंडल स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत दी है कि उनकी पंचायत में सरकारी भूमि पर कशमल की जड़ों की तस्करी के लिए अवैध खनन किया जा रहा है।

यह शिकायत उपायुक्त मंडी, एसडीएम पधर, वन मंडल अधिकारी मंडी, वन परिक्षेत्र अधिकारी द्रंग तथा वन उप परिक्षेत्र अधिकारी द्रंग को लगभग चार महीने पहले दी गई है। छठा सिंह का कहना है कि उनकी शिकायत पर विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। पंचायत में लगभग 20 स्थानों पर ऐसा खनन किया गया है लेकिन वन विभाग आंखें मूंद कर बैठा है।

वहीं, वन परिक्षेत्र अधिकारी मंजू देवी ने कहा कि उनके पास विभिन्न माध्यमों से ऐसी शिकायतें आई हैं और इस पर विभाग ने कार्रवाई की है। इसके बारे में रिपोर्ट वन मंडल अधिकारी मंडी को प्रेषित कर दी गई है ।

## जयराम की लोकप्रियता से घबराया राज परिवार : निहाल चंद



**मंडी ।** कांग्रेस पार्टी के मंडी संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह राजनीतिक रूप से बहुत बड़ी साजिश का शिकार हुए हैं। भाजपा मंडी जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि जयराम और कंगना की लोकप्रियता से राज परिवार घबरा गया है। उन्होंने कहा कि राज परिवार को समझ लेना चाहिए कि आपको छह बार के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के जीवित रहते सत्ता विरासत में मिली है, लेकिन अब आपको काम के आधार पर जनता समर्थन देगी।

**जागरूकता** आग को काबू करने के लिए शहर में अग्निशमन विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर

# फायर सीजन में लोगों को सिखाए आग से बचाव के तरीके

पुष्पराज, मंडी

मंडी शहर की तंग गलियों में बहुत से घर ऐसे है जो लकड़ी से बने हैं और तंग गलियां होने के कारण लोगों को बहुत सी समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। आजकल फायर सीजन होने के चलते अग्निशमन के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लगातार लोगों को आग से बचने के उपाय और नुस्खे बता रहे हैं।

इसी कड़ी में मंडी शहर के चौहटा बाजार में अग्निशमन केंद्र के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



लोगों को जानकारी देते हुए अग्निशमन अधिकारी ठाकुर दास ।

वहीं लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि उक्त गलियों में कई बार दोपहिया वाहन इतने ज्यादा लगा दिए जाते हैं की पैदल चलने वालों को भी मुश्किल हो जाती है। अग्निशमन अधिकारी ठाकुर दास ने बताया कि गलियों में जाकर लोगों से फायर हाइड्रेंट के बारे में भी जानकारी दी गई। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि तंग गलियों में पार्क किए गए दोपहिया वाहनों के लगातार चालान किए जा रहे हैं।

### आग लगने से बचाव के लिए बताए उपाय

**अग्निशमन** अधिकारी ठाकुर दास ने बताया कि फायर सीजन के दौरान लोगों को जागरूक करना जरूरी है, क्योंकि इसी दौरान सबसे ज्यादा आगजनी घटनाएं पेश आती है। उन्होंने बताया कि आजकल पंखा ए.सी. और फ्रिज का बहुत ज्यादा उपयोग किया जाता है जिनको आजकल थोड़ा आराम देना चाहिए और ए.सी. का उपयोग करने से पहले उसकी मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, साथ ही घर में की गई बिजली की वायरिंग को अवश्य जांच करें और उसके मुताबिक ही उसमें बिजली का भार डालें। साथ ही उन्होंने बताया कि जिन लोगों के घर जंगल के साथ है या गौशाला है उसके 25 मीटर के दायरे में साफ सफाई रखें जिससे आग लगने का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने गांव के लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति जंगलों में पिकनिक के लिए जाता है तो उसकी सूचना अग्निशमन केंद्र और वन विभाग को जरूर दें। यदि कहीं पर आग लगती है तो अग्निशमन विभाग को 101 नंबर पर कॉल करके सूचना जरूर दें ताकी आग पर समय से काबू पाया जा सके।

## 'हिमाचल का बाल साहित्य' पढ़ेंगे मिडिल स्कूल के बच्चे



**धनोटू ।** हिमाचल के जिला मंडी के महादेव गांव निवासी युवा साहित्यकार पवन चौहान के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। इस बार समग्र शिक्षा के अंतर्गत पवन चौहान की पुस्तक 'हिमाचल का बाल साहित्य' हिमाचल के लगभग 1900 मिडिल स्कूलों के पुस्तकालयों में पहुंच रही है। पवन की यह पुस्तक हिमाचल के बाल साहित्य पर लिखी हिमाचल की पहली पुस्तक है। इस पुस्तक में हिमाचल के सभी बाल साहित्यकारों के जीवन परिचय के साथ उनकी रचनाएं भी शामिल की गई हैं।

# पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ने टीहरा में सीएसडी एक्सटेंशन काउंटर खोलने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

टीहरा क्षेत्र जिसमें लगभग 3000 से भी अधिक भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां व उनके परिवार हैं, वहां पर सीएसडी कैंटीन की सुविधा नहीं होने के कारण पूर्व सैनिकों में भारी रोष है।

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने कहा कि वह इन स्थानों में सीएसडी के कैंटीन एक्सटेंशन काउंटर खोलने के विरुद्ध नहीं है, लेकिन टीहरा में सीएसडी की सुविधा न होने से अगर वहां के पूर्व सैनिकों वासियों को सीएसडी सुविधा नहीं मिलती है, तो यह उनके साथ अन्याय ही है, क्योंकि उन्हें 20 किलोमीटर दूर सीएसडी कैंटीन सरकाघाट या फिर दूसरे स्थान में जाकर कंटेन की सुविधा के लिए धक्के खाने पड़ते हैं, जितने भी 3000 से अधिक पूर्व सैनिक इस क्षेत्र में पड़ते हैं, जिसकी लिस्ट सेना मुख्यालय पहले ही भेज दी गई है।

इस बाबत कै. जगदीश वर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों की इस इलाके में इस तरह की हालत को देखते हुए उन्होंने सेना मुख्यालय नई दिल्ली तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर मांग की है कि टीहरा में जल्दी से जल्दी एक एक्सटेंशन काउंटर खोलने की अनुमति प्रदान की जाए।

# हमारा एक मत करता है सही राष्ट्र का निर्माण

बबलू पठानिया, चुवाड़ी



जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद लोग व अन्य अधिकारी।

स्वीप टीम भट्टियात द्वारा मिशन 414 के तहत आगामी लोकसभा चुनाव हेतु कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। स्वीप टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वीप टीम ने नोडल अधिकारी डॉ. आकाशदीप शर्मा के नेतृत्व में भराड़ी बूथ का दौरा किया तथा कई कार्यक्रम किए। इस बूथ में पिछले लोकसभा चुनाव में 52 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार चुनाव आयोग की पहल पर ऐसे बूथ पर लोगों को अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। भराड़ी में स्वीप टीम ने हस्ताक्षर अभियान व जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

मतदाताओं से बात करते हुए पता चला कि कुछ समस्याओं की वजह से लोगों का मतदान के प्रति रुझान कम था जिसमें पानी की समस्या प्रमुख थी। अभी तक भी पानी सप्ताह में 2 बार ही आता है। इसके अलावा गावों में पक्के रास्तों की समस्या भी है जिसकी वजह से लोग मतदान के लिए नहीं जाते। इस पर स्वीप टीम के बलवान सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव हमेशा मतदान से ही रखी जाती है। हमारा एक मत सही राष्ट्र का निर्माण करता है और जब हम मतदान नही करते तो उसे लोकतंत्र की हत्या के समान माना जाता है।

स्वीप टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला बनोली में कई गतिविधियां की जिसमें निमंत्रण पत्र बांटना, हस्ताक्षर अभियान व स्टैंप गतिविधि इत्यादि की गई। इस मौके पर स्कूल स्टाफ बीएलओ राज कुमार, पंकज सूद आदि मौजूद थे।

# अधिकारियों को पोल-डे मॉनिटरिंग सिस्टम की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, भरमौर



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य कर्मी।

सहायक निर्वाचन अधिकारी व एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में भरमौर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त 14 सेक्टरों से संबंधित सेक्टर अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में किया गया। इस दौरान उपस्थित सैक्टर अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में सभी सैक्टर अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित हैंड बुक भी उपलब्ध करवाई गई तथा विस्तृत जानकारी दी गई।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि सैक्टर अधिकारी अपने सैक्टर में पीआरओ व सहायक रिटर्निंग अधिकारी के बीच में एक कडी के रूप में कार्य करते हैं तथा मतदान के दिन उनका कार्य और भी अधिक संवेदनशील हो जाता हैं।

उन्होंने कहा कि ईवीएम से संबंधित प्रशिक्षण बारे सभी अधिकारी ध्यान दें तथा दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान से पड़े ताकि चुनाव में किसी भी अवांछित परिस्थिति का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सभी अधिकारियों को पोल डे मॉनिटरिंग सिस्टम की भी विस्तृत जानकारी भी दी गई।

बैठक में सैक्टर अधिकारी मीत कुमार, हरमिंद्र चौणा, करतार सिंह, अशीष शर्मा, संतोष कुमार, विवेक चंदेल, राजेश कुमार, नाएव तहसीलदार इलेक्शन सुनील कुमार शर्मा, कार्यवाहक इलेक्शन कानूनगो रतन चंद और सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## न्यूज ब्रीफ

### जरूरी मरम्मत के चलते कल बंद रहेगी बिजली

**चुवाड़ी।** बकलोल के अंतर्गत 11 केवी होबार फील्ड के रखरखाव में जरूरी मरम्मत के चलते 4 मई को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी विद्युत होबार के अधीन कुड़ी खदेड़ा अबह हुनेरा बनी के क्षेत्र में बिजली पूर्ति बंद रहेगी। विद्युत उपमंडल बकलोल के एसडीओ रमणित सिंह ने क्षेत्र वासियों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह कार्य मौसम की अनुकूल परिस्थितियों पर निर्भर रहेगा करेगा।

### राधा कृष्ण के भजनों से गूंजा शहर, निकाली प्रभातफेरी

**चंबा।** चंबा जिला मुख्यालय में शहर के प्रबुधजनों की ओर से प्रभातफेरी निकाल कर राधा-कृष्ण का गुणगान किया गया। जुलाहकड़ी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से सुबह लोग ढोलक, हारमोनियम की तान पर प्रभु के भजनों का गुणगान करते हुए निकले। प्रभात फेरी राधा कृष्ण मंदिर से आरंभ होकर पूरे शहर का चक्कर काटने के बाद वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

### दिव्यांगों के लिए ओपीडी हर माह तीन तारीख को



डॉक्टर विपन

**चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में दिव्यांग मरीजों के लिए विशेष ओपीडी की शुरूआत कर दी गई है। अब हर महीने 3 तारीख को मेडिकल कॉलेज चंबा के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में विशेष ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को इस ओपीडी की शुरूआत हो गई है। जिसमें डॉक्टर हर्ष महाजन ने अपनी सेवाएं देते हुए दिव्यांग मरीजों का इलाज किया। मेडिकल कॉलेज चंबा के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विपन ने कहा कि उपायुक्त चंबा के निर्देशानुसार व्यवस्था की गई है। हर महीने 3 तारीख को चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में दिव्यांगों के लिए ओपीडी का आयोजन किया जाएगा।

### बच्चों के लिए फ्रेशर पार्टी का किया आयोजन



**नेरचौक।** ब्यास व्यू मॉडल स्कूल बग्गी में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें मिस्टर फ्रेशर काशविक और मिस फ्रेशर रूही को चुना गया। स्कूल अध्यक्ष नरेंद्र वालिया ने अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि हम हृदय से नौनिहालों का स्वागत करते हैं। वहीं प्रधानाचार्या कुसुम नेगी तथा अन्य शिक्षकों ने नए फूलों (विद्यार्थियों)को बधाई दी।

# धन के प्रभाव में दागियों ने बेची आत्मा : सीएम

## पांगी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य के लिए मुख्यमंत्री ने मांगे वोट

ओपी शर्मा, पांगी ( भरमौर )



जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू व विक्रमादित्य और अन्य।

जिला चंबा के पांगी में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में धुंआधार प्रचार किया और मंडी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य के पक्ष में वोट मांगे। किलाड़ में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में सभी सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के साथ साथ उपचुनाव की सभी 6 सीटें कांग्रेस पार्टी बड़े अंतर से जीतेगी।

सुक्खू ने कहा कि दागियों ने धन के प्रभाव में आकर अपनी आत्मा को बेच दिया और कांग्रेस पार्टी के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि इन 6 नेताओं ने जनता पर उपचुनाव का अनावश्यक बोझ डाला है। भाजपा धनबल से सत्ता हथियाना चाहती है, लेकिन प्रदेश की जनता जनबल से इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि अब इन 6 दागी नेताओं को हराना प्रदेश के मतदाताओं की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी से भाजपा की प्रत्याशी को जनता के मुद्दों का कोई ज्ञान नहीं है। भाजपा एक स्क्रिप्ट कंगना को दे रही है और वह अपने डायलॉग बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर एक फ्लॉप निर्देशक हैं और चार जून को यह फिल्म बुरी तरह से पिट जाएगी। उन्होंने कहा कि चार जून को फिल्म फ्लॉप होने के बाद कंगना वापस मुम्बई चली जाएंगी।

सुक्खू ने कहा कि आपदा में कंगना रनौत ने प्रभावित परिवारों की कोई मदद नहीं की, जबकि फिल्म अभिनेता आमिर खान ने चुपचाप 25 लाख रुपए आपदा प्रभावितों के लिए दिए। उन्होंने कहा कि पिछली बरसात के दौरान हिमाचल प्रदेश में आई इतिहास की सबसे बड़ी आपदा के दौरान वे और मंत्रिमंडल के सभी सदस्य प्रभावित क्षेत्रों में जाकर आपदा प्रभावितों परिवारों के साथ खड़े रहे और उनकी मदद की। राज्य सरकार ने बिना केन्द्रीय सहायता के अपने सीमित संसाधनों से प्रभावित परिवारों को 4500 करोड़ रुपए का पैकेज दिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपनी 10 प्रमुख चुनावी गारंटियों में से पांच गारंटियों को मात्र सवा साल के कार्यकाल में पूरा किया है। सरकार ने पुरानी पैंशन को बहाल किया, महिलाओं को 1500 रुपए की पैंशन दी, युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड बनाया, सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई शुरू की। इसके साथ साथ किसानों के कल्याण को देखते हुए दूध की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गाय का दूध 45 रुपए तथा भैंस का दूध 55 रुपए खरीदा जा रहा है।

इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह, कांग्रेस नेता अमित भरमौरी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विकास कार्यों पर दी जा रही विशेष प्राथमिकता

**सुखविंद्र** सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों को विशेष प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पांगी क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए यहां राज्य सरकार सौर उर्जा के दोहन को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा कि पांगी में बर्फवारी के दिनों में भी बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना स्थापित की जा रही है। पांगी क्षेत्र के खरयार में 1.2 मैगावाट तथा धरवार, हिलौर में 400-400 किलोवाट की सौर उर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मालू नाला फेज-दो विद्युत परियोजना को आने वाले समय में नए सिरे से शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पांगी में सड़क व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा तथा यहां चल रहे अधूरे प्रोजेक्टों को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह दोबारा जल्द ही पांगी के दौरे पर आएंगे और तब क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणाएं भी करेंगे।

# ढुंडियारा के पास एनएच का खराब हिस्सा बना परेशानी का सबब



खराब सड़क से गुजरते वाहन चालक।

मुकेश कुमार, डलहौजी

राष्ट्रीय महामार्ग एन एच 154 ए पर स्थित गांव ढुंडियारा के पास सड़क का एक हिस्सा बीते काफी समय से क्षतिग्रस्त है जिसकी वजह से कई बार भारी भरकम सामान लाते हुए वहां कमानिया टूटने की वजह से खराब हो चुके हैं। जिस कारण ट्रक चालकों एवं आने जाने वालों को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

बता दें ढुंडियारा बंगला का यह वही स्थान है जहां बीते कुछ समय में भारी भूस्खलन के कारण एक ईंटों से भरा ट्रक चपेट में आ गया था तथा साथ लगते एक होटल में भारी मालवा घुसा था। जिससे भारी नुकसान देखने को मिला था हालांकि स्थानीय ग्राम वासियों ने कई बार इस खराब रास्ते को लेकर स्थानीय प्रशासन को अवगत भी करवाया किंतु अभी तक इस खराब छोटे से हिस्से को लेकर स्थानीय प्रशासन ने कोई उचित कदम नहीं उठाए हैं।

इस पर एनएच प्राधिकरण चम्बा के अधिषासी अभियंता राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ढुंडियारा बंगला के पास जो खराब हिस्सा है वो हिस्सा निरंतर धंसता है जिसको लेकर कई बार पूर्ण रूप से ठीक भी किया गया परंतु कुछ समय बाद रास्ते की हालत फिर से वैसे ही हो गई उन्होंने यह भी बताया हो सकता है जमीन के नीचे पानी हो लेकिन एनएच प्राधिकरण इस हिस्से को लेकर जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएगा। (अनंत ज्ञान)

# कोलका में किया मतदाताओं को जागरूक

अनंत ज्ञान, चंबा



कोलका में जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद लोग व अन्य।

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता अभियान स्वीप टीम द्वारा नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश कुमार की अगुवाई में मतदाता जागरूकता अभियान की ग्राम पंचायत कोलका तथा आस पास के गांवों में कुंडा, भालका, धर्मरी, प्रीयूगल तथा चम्बा विधानसभा क्षेत्र के अंतिम मतदान केंद्र, ग्राम पंचायत जटकरी के अंतर्गत जटकरी के मतदाताओं, गांव वासियों, नव पंजीकृत मतदाताओं के लिए लिए मतदान जागरूकता, हस्ताक्षर अभियान व मतदाता शपथ का आयोजन किया गया।

विधानसभा अनुभाग चंबा के स्वीप के नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि लोक सभा चुनाव 2019 में कोलका मतदान केंद्र में कम मतदान प्रतिशत के कारणों और आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत में सुधार के लिए किए गए प्रयासों को जानने के लिए क्षेत्र का दौरा व जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, आशा कार्यकर्त्ता, महिला मंडल, युवक मंडल, स्थानीय लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों, बुजुर्गों, महिलाओं, दुकानदारों तथा युवाओं के साथ बातचीत की गयी तदोपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोलका में एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्वीप टीम सदस्यो में दीपक कुमार, डॉ. राजेश सहगल, गुलशन पाल, शेखर कुमार, बीएलओ कमल कुमार, वार्ड सदस्य पुंदला सोनू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धर्मरी सोनू कुमारी सहित आदि मौजूद रहे।

# हिमगिरी कल्याण आश्रम चनेड़ में बच्चों को बांटी लेखन सामग्री

अनंत ज्ञान, चंबा

चनेड़ स्थित हिमगिरी कल्याण आश्रम में महिला साहित्यकार संस्था द्वारा अपना स्थापना दिवस आश्रम के बच्चों संग मनाया गया। इस अवसर पर महिला साहित्यकार संस्था जिला चंबा इकाई की अध्यक्ष डॉ. कविता बिजलवान संस्था के अन्य सदस्यों के साथ आश्रम में उपस्थित रही।

इस अवसर पर महिला साहित्यकार संस्था जिला चंबा इकाई की अध्यक्ष डॉ. कविता बिजलवान ने आश्रम के बच्चों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनका हाल-चाल जाना और उनकी पढ़ाई को लेकर उनसे चर्चा की। महिला साहित्यकार संस्था जिला चंबा इकाई की अध्यक्ष डॉ. कविता बिजलवान ने बताया कि महिला साहित्यकार संस्था हिमाचल प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रीता सिंह की अध्यक्षता में साहित्य व समाज सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों को निरंतर पूरे प्रदेश में कर रही है।



बच्चों के साथ मौजूद संस्था के सदस्य व अन्य।

# चुवाड़ी में पन्ना प्रमुख सम्मेलन संपन्न

बबलू पठानिया , चुवाड़ी




कार्यक्रम के दौरान मौजूद नेतागण व अन्य।

केंद्रीय मंत्री महेंद्र चंद शर्मा तीन बार के सांसद एक बार के विधायक ने चुवाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा के हमने जो देश में काम किए हैं उन्हें जनता बाली भांति जानती है ।

लोक सभा सीट पर प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के लिए उन्होंने वोट देने की अपील की। लोगों से उसके बाद राजीव भारद्वाज ने मंच पर लोगों को संबोधित किया वह उन्होंने कांग्रेस सरकार पर पंच कस्ते हुए कहा के कांग्रेस को कांगड़ा-चंबा में कोई भी आदमी टिकट देने के लिए नहीं मिला शिमला से जिसे उन्होंने कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने के लिए उतारा। राजीव भारद्वाज ने तंच कस्ते हुए कहा के आनंद शर्मा बूढ़े घोड़े हैं वह चंबा पहुंचते पहुंचते हांफ जाएंगे मैं जवान हूं।

राजीव भारद्वाज ने कहा के चंबा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में मैं 102 छोटी बड़ी जनसभाएं कर दी हैं। उधर आनंद शर्मा जी को अभी तक रास्ते का भी पूरा ज्ञान नहीं है कि किधर से जाएं । उन्होंने भी राजीब भारद्वाज के लिए वोट देने की अपील की उन्होंने मोदी की गारंटी को लोगों के घर-घर तक पहुंचाने की अपने कार्यकर्ताओं के से अपील की। (अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 0052 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0051 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

4 मई, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैसाख, **तिथि** एकादशी: (8:41) : **नक्षत्र :** पूर्वाभाद्रपद (10:08), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** एन्द्र (11:02) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (8:57 -10:37)।

### विशेष दिन

- 4 मई 2024 : बरुथिनी एकादशी आज।
- 4 मई 2024 : श्री वल्लभाचार्य जयंती आज।

**मेष:** व्यापार-व्यवसाय में चल रही उलझनों से परेशान रहेंगे। किसी परिजन के साथ अपने विशेष कार्य की पूर्ति के लिए देव स्थलों का भ्रमण करेंगे।

**वृषभ:** दिन की शुरुआत में क्रोध हावी रहेगा। मन माफिक काम न होने से परिजनों पर नाराज होंगे। नौकरी में नया प्रस्ताव मिलेगा। धार्मिक रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन:** धन से अर्जित होने वाले लाभ में विलंब होगा। संतान के लिए निर्णय लेने में दुविधा होगी। अर्थ व्यवस्था बिगड़ने से निर्माण कार्य की गति प्रभावित हो सकती है।

**कर्क :** लाभ अर्जित करने के चक्कर में न उलझें। मेहनत करें, कार्यस्थल पर आपके पराक्रम की प्रशंसा बढ़ेगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा।

**सिंह :** विशेष उन्नतिकारक योगों के कारण मन में प्रसन्नता रहेगी। मन को भक्तिभाव में लगाने की कोशिश करेंगे। भवन निर्माण के लिए ऋण लेना पड़ सकता है।

**कन्या :** आलस को त्याग कर काम करें। रुके कार्य में सफलता मिलेगी। पूंजी निवेश में सोच से अधिक लाभ होगा।

**तुला:** आज का पूंजी निवेश लाभदायी रहेगा। कार्यस्थल पर मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापार में वृद्धि होने के कारण कम योजनाओं के अनुसार होंगे।

**वृश्चिक:** जरूरी दस्तावेजों को संभाल लें, सामाजिक कार्यों में सम्मान प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति क्रय करने में जल्दी न करें। परिवार की समस्या का समाधान होगा।

**धनु :** दैवीय कार्यों में दिन बीतेगा। आज रचनात्मक काम होंगे। नवीन अनुबंध व समझौतों के कारण आपके लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर:** पारमार्थिक कार्यों में धन लगेगा। सामाजिक कार्यों से सुयश मिलेगा एवं आप के प्रभाव में वृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**कुंभ :** कार्य की सफलता से मनोबल मजबूत होगा। कार्य की अधिकता रहेगी। अजनबी व्यक्ति का विश्वास न करें, धोखा मिल सकता है।

**मीन:** कम बोले अच्छा बोलें। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आर्थिक निवेश में सोच-समझकर निर्णय लेने पर लाभ होगा। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी।

# 400 मीटर की दौड़ में हमीरपुर के शिवा ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, चंबा



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नौजवान व अन्य।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को ऐतिहासिक चौगान में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस दौरान चौगान में 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्रभात कांगड़ा, द्वितीय स्थान राहुल कांगड़ा, तृतीय स्थान सुरेश मंडी ने अर्जित किया।

इसी दौरान 200 मी की दौड़ में प्रथम स्थान प्रभात कांगड़ा, तरुण धीमान हमीरपुर, वरुण कपूर चंबा ने अर्जित किया। 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान शिवा हमीरपुर, द्वितीय स्थान अंकुश राणा कांगड़ा, तृतीय स्थान अजय बोध लाहौल स्पीति ने अर्जित किया।

# कांग्रेस बेटी का अपमान कर भावनाओं को उछाल रही : ठाकुर

अनंत ज्ञान, पधर

विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा है कि मंडी की बेटी का अपमान कर कांग्रेस के नेता महिलाओं के प्रति अपनी भावनाओं को उछाल रही है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत आज जिस भी मुकाम पर पहुंची है उसके पीछे मंडी का प्यार ही उसकी सफलता का राज बना है। यही प्यार इस बार उसे देश के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर की दहलीज लांघने से कोई नहीं रोक सकता। विधायक ने ग्राम पंचायत कोट ढल्यास, भटवाड़ी, बांधी, रैंस नश्यार का दौरा कर कंगना के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उनके साथ द्रंग भाजपा अध्यक्ष मेहर चंद भारती, युवा अध्यक्ष तुलसी राम, मंडल उपाध्यक्ष भेद राम, उप प्रधान कोट डल्यास, जय सिंह कपूर, पूर्व प्रधान भूप सिंह, कारदार खूब सिंह, उप प्रधान बांधी आदि मौजूद रहे।

# चौगान में बच्चों को खेलने का समय निर्धारित करने की मांग

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने ऐतिहासिक चौगान में बच्चों के क्रिकेट, फुटबॉल इत्यादि खेलने के लिए समय सीमा निर्धारित करने के लिए प्रशासन से आग्रह किया है। जिसको लेकर एसोसिएशन द्वारा प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि 6 महीने के बाद शहर की एकमात्र सैरगाह चौगान के बंद रहने के बाद खुलने के फल स्वरुप शाम के समय शहर के प्रत्येक व्यक्तियों को खुली हवा में बैठने और सैर करने का सौभाग्य मिलता है। उन्होंने कहा कि शाम के समय बच्चे बड़े अनियंत्रित ढंग से पूरे चौगान में क्रिकेट व फुटबॉल इत्यादि खेलते हैं। चंबा वेलफेयर एसोसिएशन का जिला प्रशासन और नगर परिषद चंबा से अपील की है कि बच्चों के खेलकूद के लिए या तो चौगान के एक हिस्से को चुना जाए या शाम को 6:00 बजे से 9:00 तक उनके खेलकूद को बंद करवा कर शहर के बुजुर्गों महिलाओं और मासूम छोटे बच्चों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

इस दौरान ईश्वरी प्रसाद शर्मा, मदन कुमार, शर्मा दयाराम सुरेश कश्मीरी सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

# नगर परिषद के हॉट स्पॉट ने बंद किए रास्ते

अनंत ज्ञान, चंबा

वेलफेयर एसोसिएशन चंबा के कुछ पदाधिकारीयों ने हटनाला और चौंतड़ा वार्ड का निरीक्षण किया और नगर परिषद द्वारा शहर के कूड़े कचरे को हटाने और अलग करने के लिए जो तथाकथित हॉट स्पॉट बनाए हैं उनकी वजह से मोहल्ला वासियों के परंपरागत रास्ते बंद हो गए हैं।

इन हॉटस्पॉट की वजह से कूड़े के बेशुमार ढेर से बजह से बड़ा ही अशोभनीय नजारा दिखाई देता है। दुर्गंध की बजह से राहगीरों को भी वहां से गुजरने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं आवारा पशुओं और बेशुमार कुत्ते भी कूड़े कचरे के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं, जो राहगीरों की परेशानियों को भी ज्यादा बढ़ा देते हैं। आर्य समाज मंदिर हटनाला से मोहल्ला बंसी गोपाल की और जाने वाला परंपरागत रास्ता वहां अवैध पार्क की गई गाड़ियों और कूड़े कचरे से तथा कुत्तों से हमेशा भरा रहता है। मोहल्ला वासियों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ते से होकर जाना पड़ रहा है।

हर मोहल्ले में हॉटस्पॉट की वजह से शहर की स्वच्छता व सुंदरता को ग्रहण लगा हुआ है। नगर परिषद अधिकारियों से निवेदन है कि शहर के हर मोहल्ले के कूड़े को एकत्रित केंद्र न बना कर शहर के बाहर किसी खुले स्थान पर एक या दो जगह ही हॉट स्पॉट बनाकर समस्या का समाधान किया जाए।



नगर परिषद के हॉटस्पॉट से बंद संपर्क मार्ग।

# पहाड़ चढ़ने में कामयाब नहीं हो पाएंगी कंगना : सीएम

## बिके हुए विधायकों को माफ नहीं करेंगी गंगा मैया, कंगना को कागज पर लिखकर दी जा रही स्क्रिप्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/बंजार**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने कंगना को चुनावी मैदान में उतारा है। अब उसे पहाड़ भी चढ़ने पड़ रहे हैं, जिसमें वह कामयाब नहीं हो पाएंगी।

बंजार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सीएम जयराम हर जगह कंगना के साथ जा रहे हैं और कंगना को कागज पर स्क्रिप्ट लिख कर दी जा रही है और वह बेचारी उसे पढ़ ही नहीं पा रही है। उन्होंने जयराम पर तंज कसते हुए कहा कि जब फिल्म का डायरेक्टर ही फेल हो तो बेचारी हीरोइन अकेली क्या कर सकती है। अब कंगना को फेल करने में भी जयराम का ही सहयोग रहेगा। वहीं, उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए छह विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यसभा के चुनाव के दौरान कुछ बिके हुए विधायकों ने पार्टी के साथ दगा की है और पूर्व सीएम ने फिर से सीएम बनने का प्रयास किया, लेकिन भाजपा उस दौरान भी सफल नहीं हुई और न ही आगे वह अपने प्रयासों में सफल हो पाएगी, जिन विधायकों ने अपना इमान बेचा है, उन्हें तो गंगा मैया भी माफ नहीं करेगी। आज वह विधायक भाजपा के बैनर के तले वोट मांग रहे हैं, लेकिन लोग फिर से उन्हें कभी अपना समर्थन नहीं देंगे। उन्होंने राज्यसभा की एक सीट चुराई है, तो अब जनता सारी सीट कांग्रेस की झोली में डालेगी, जब जयराम को भाजपा हाईकमान ने लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए कहा तो उन्होंने अपने लिए एक सर्वे भी करवाया, लेकिन जब कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के बारे में उन्हें पता चला तो उन्होंने भाजपा हाईकमान से कहा कि किसी सेलेब्रेटी को आगे लाया जाए।



बंजार में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ अन्य कांग्रेस नेता।

### मंडी में चुनावी कार्यक्रम नहीं, शूटिंग हो रही : विक्रमादित्य

मंडी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र में आजकल ऐसा लग रहा है कि यहां चुनावी कार्यकम नहीं, बल्कि किसी फिल्म की शूटिंग हो रही है। शुक्रवार को बंजार के कलाकेंद्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा का कार्यकर्ता भी दुखी है और मेरी संवेदना भी भाजपा कार्यकर्ता के साथ है। आज भाजपा ने क्यों पूर्व सांसद महेश्वर सिंह और ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर को टिकट नहीं दिया, इसका जबाव भी अब भाजपा के कार्यकर्ता चाहते हैं। पहले भी भाजपा की सरकार के समय कांग्रेस ने जीत हासिल की है और अब भी कांग्रेस ही जीत हासिल करेगी। विक्रमादित्य सिंह ने कंगना रनौत पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कंगना कुछ समय के लिए यहां आई है और क्या वह आपको एफिडेविट देने को तैयार है कि वह हारने के बाद भी मंडी के लोगों के लिए काम करेगी या नहीं। उन्हें इतिहास का भी पता नहीं तो वह क्या जनता का दिल जीतेगी। साल-2014 में मिली आजादी की इस बात को कहकर वो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी अपमान कर रही है।



# केंद्र की भाजपा सरकार के राज में सुरक्षित हुईं देश की सीमाएं : राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




पन्ना प्रमुख सम्मेलन में जम्मू-कश्मीर के पूर्व शिक्षा मंत्री राजीव जसरोटिया व अन्य नेता।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व शिक्षा मंत्री राजीव जसरोटिया ने कहा कि साल 2014 के बाद देश के हालात बदले और देश मे विकास की राह तेज हुई। शुक्रवार को ढालपुर में कुल्लू भाजपा मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में कई साल राज किया, लेकिन देश का विकास करने की बजाय कांग्रेस पार्टी अपने ही नेताओं का विकास करती रही।

कांग्रेस के नेताओं ने देश में यह झूठा प्रचार किया कि आजादी कांग्रेस पार्टी ने दिलाई है, लेकिन देश की आजादी में हर व्यक्ति का हाथ रहा है और सभी वर्गों के लोगों ने आजादी के लिए बलिदान दिया है। कांग्रेस के समय बाहरी देशों में भारत को सम्मान नहीं दिया जाता था और आज भारत के पीएम के स्वागत के लिए दुनिया की नजरें टिकी रहती हैं। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और कोई भी दुश्मन देश भारत की और नजर नहीं उठा सकता है, जब देश में कोरोना की बीमारी भारत मे आई तो केंद्र सरकार ने तुरंत लोगों को राहत देना शुरू किया।

आज देश में बेहतर स्वास्थ्य संस्थान हैं और दुनिया के बेहतर शिक्षण संस्थान आज भारत में भाजपा सरकार के द्वारा बनाए गए हैं। पीएम मोदी ने सभी धर्म का सम्मान किया और महिला सम्मान के लिए भी कई योजनाएं चलाई हैं। भारत ने कोरोना जैसी बीमारी पर जल्द काबू पाया और बाहरी देशों की भी भाजपा सरकार के द्वारा मदद की गई। आज जम्मू-कश्मीर सहित अन्य सीमावर्ती राज्यों में लोग सुरक्षित जीवन जी रहे हैं और उन राज्यों के लोगों को अब किसी देश की सेना से खतरा नहीं है। वहीं, पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह कहते हैं कि में मंडी और कुल्लू को आदर्श जिला बनाऊंगा, लेकिन में उनसे पूछना चाहता हूं कि पूर्व में उनके स्व पिता वीरभद्र सिंह छह बार मुख्यमंत्री रहे और तीन बार प्रतिभा सिंह सांसद रही, तो क्या वह इस बात को मानते हैं कि उनके परिवार वालों ने यहां विकास कार्य नहीं किया है। इसके अलावा शिमला में कई ऐसे दुर्गम इलाके हैं, जो आज भी विकास की राह देख रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान आवंटन को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



**कुल्लू।** बंदरोल सब्जी मंडी में दुकान चला रहे आढ़तियों ने डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंप कर दुकान आवंटन से संबंधित अपनी समस्या से अवगत करवाया। शुक्रवार को बंदरोल सब्जी मंडी के 68 आढ़तियों ने ज्ञापन के माध्यम से डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश को अपनी समस्या के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बंदरोल सब्जी मंडी में 68 दुकानें बनी हुई हैं और सब्जी मंडी में जगह का भी अभाव है। इसलिए सभी आढ़ती चाहते हैं कि किसी अन्य आढ़तियों को जगह आवंटित न की जाए। आढ़तियों ने बताया कि 20 फरवरी को कृषि उपज एवं विपणन समिति कुल्लू और लाहौल-स्पीति की ओर से बंदरोल सब्जी मंडी में दुकानों का आवंटन किया गया है, जिसमें बंदरोल सब्जी मंडी में 68 दुकानें बनी हुई है, जोकि शुल्क के आधार पर आढ़तियों को आबंटित की गई हैं, जिसका मासिक किराया कृषि उपज एवं विपणन समिति कुल्लू और लाहौल-स्पीति के द्वारा निर्धारित किया गया है।

### श्री राम ऑनलाइन फ्री कोचिंग बैच शुरू

**आनी।** विकास खंड के लूहरी स्थित कोट गांव के युवा शिशुपाल पुरोहित ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा करवाए जाने वाली एमए राजनीति विज्ञान प्रवेश परीक्षा के लिए श्री राम बैच की शुरुआत की है, जो कि पूरी तरह से फ्री ऑनलाइन कोचिंग बैच है। शिशुपाल का कहना है कि इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया तीन मई से प्रारंभ हो गई है और अंतिम तिथि 6 है। फ्री बैच की पहली क्लास सात से गूगल मीट के माध्यम से शुरू हो जाएगी। बैच में पंजीकरण करने के लिए आपको शिशुपाल पुरोहित के ऑफिशियल फेसबुक से जुड़ना होगा और वहां पर वेबसाइट के दिए गए लिंक के माध्यम से पंजीकरण फॉर्म को भरा जा सकता है।

### पहाड़ी संगीत में आइकन म्यूजिक की दस्तक




**मनाली।** डुंगे नालुये दो के लांच के साथ पहाड़ी संगीत में आइकान म्यूजिक ने दस्तक दे दी है। आइकन म्यूजिक पहाड़ी की तीन साल में 250 गीत रिलीज करने की योजना है। लोक गायक विक्की राजटा और लोकप्रिय पहाड़ी इंफ्लुएंसर किरण नेगी का गीत डुंगे नालुये दो के साथ आइकन म्यूजिक पहाड़ी ने पहाड़ी संगीत में रोमांचक यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर पहाड़ी गायक अजय चौहान, डायरेक्टर मानस गुलाटी, म्यूजिक डायरेक्टर आसिम मंगोली मौजूद रहे। आइकन म्यूजिक पहाड़ी संगीत उद्योग के अनुभवी कलाकारों से लेकर उभरती प्रतिभाओं तक विभिन्न प्रकार के कलाकारों के साथ सहयोग करेगा। तीन साल में 250 से अधिक गाने रिलीज करने की योजना के साथ, आइकन म्यूजिक पहाड़ी का लक्ष्य क्षेत्रीय संगीत में एक अग्रणी प्लेयर बनना है। आइकन म्यूजिक की प्रबंध निदेशक रशना पोचखानावाला ने कहा, पहाड़ी संगीत में हमारा विस्तार क्षेत्रीय संगीत का जश्न मनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# दो मामलों में 608 ग्राम चरस के साथ पुरुष और मुंबई की महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एक महिला व पुरुष को 608 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें पहले मामले में भुंतर के समीप फोरलेन में शुक्रवार को एक व्यक्ति को 300 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम जब पारला भुंतर समीप फोरलेन शुक्रवार सुबह गश्त पर थी, तो उस समय एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान देवी चंद (30 वर्ष) पुत्र टेक राम निवासी गांव तांदला डाकघर काइस जिले के कब्जे से 300 ग्राम चरस बरामद की। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना कुल्लू की टीम ने गश्त के दौरान चील मोड में एक महिला (28 वर्ष) निवासी कुर्ला ईस्ट मुंबई के कब्जे से 308 ग्राम चरस बरामद की।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। उधर, एसपी कुल्लू ने बताया कि दोनों मामलों में महिला व पुरुष को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच आगे जारी है।






दो अलग-अलग मामलों में चरस के साथ गिरफ्तार महिला व पुरुष।

### आठ लीटर अवैध शराब की बरामद

पुलिस थाना निरमंड के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी निथर की टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से आठ लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस जानकारी के अनुसार वांदल में हरी राम निवासी गांव व डाकघर घाठू की दुकान की तलाशी के दौरान आठ लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इस मामले में हरी राम के विरुद्ध थाना निरमंड में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## हिमतरु समिति का स्थापना दिवस समारोह नौ मई को

**कुल्लू।** हिमतरु प्रकाशन समिति नौ मई को जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद् सभागार में 20वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन करेगी। इस समारोह में आमंत्रित अतिथि साहित्यकारों, विद्वानों द्वारा जहां महत्वपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

वहीं, 'कुल्लू साहित्य उत्सव विशेषांक', कहानीकार शेर सिंह की पुस्तक 'यायावरी' व अन्य पुस्तकों का लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही दिल्ली से संबद्ध चर्चित एवं युवा फिल्मकार संजय जोशी की सिनेमा पर विशेष प्रस्तुति होगी। हिमतरु के सचिव किशन श्रीमान ने बताया कि हिमतरु प्रकाशन समिति कला, भाषा, संस्कृति, साहित्य, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित संस्था है तथा इसके माध्यम से वर्षभर अनेक गतिविधियां आयोजित होती रहती हैं।

# कांग्रेस और भाजपा ने की प्रदेश की जनता की अनदेखी : स्नेही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




▶ **सुभाष मोहन स्नेही होंगे मंडी संसदीय क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस को टक्कर देने के इरादे से लोकसभा चुनाव में उतरे सुभाष मोहन स्नेही ने एक बार फिर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। सुभाष ने बताया कि प्रदेश में करीब 40 वर्षों से प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा की सरकार ने जनता की अनदेखी की है।

दोनों ही पार्टियों ने हर बार जनता की पसंद के उम्मीदवार को मौका देने की बजाए अपनी पंसद को ही जनता के ऊपर थोपा है। सरकारी कर्मचारियों को उनके लाभ से वंचित रखा जा रहा है और साथ ही करुणामूल आधार पर नौकरी के आस लिए बहुत से लोग अभी भी केस लड़ रहे हैं मगर सरकार ने करीब डेढ़ सौ अधिवक्ताओं की नियुक्ति की सिर्फ इसलिए कि ताकि सरकारी कर्मचारियों को उनके लाभ से वंचित रखा जा सके। इसी तरह से बहुत से लोग पेंशन के लिए भी वर्षों से केस लड़ रहे हैं, मगर उनको राहत देने की बजाए सरकार नए-नए नियम तैयार कर लोगों को उनकी मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रख रही है। सुभाष निरमंड क्षेत्र से और पेशे से हाईकोर्ट के वकील भी हैं।

उन्होंने मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस का विकल्प बनने की मंशा से आजद चुनाव लड़ने का ऐलान किया। स्नेही पहले भी चार बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं और अब 5वीं बार फिर से बतौर आजाद उम्मीदवार चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

# खंगसर में एसपी सहित 45 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

ट्राइबल एक्सपीडिशन जंगल एडवेंचर एंड स्पोर्ट्स क्लब खंगसर की ओर से इस वर्ष भी सब सेंटर खंगसर में असिस्टेंट कमांडेंट स्वर्गीय शमशेर सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर जांच का आयोजन किया गया। अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में व उपप्रधान ग्राम पंचायत खंगसर अशोक कुमार की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक जिला लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान मुख्यातिथि का क्लब के सदस्यों द्वारा मोमेंटो व खतग पहना कर स्वागत किया। इस शिविर में पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने स्वयं रक्तदान किया। शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्र कर रक्त एकत्र संग्रहालय जिला कुल्लू के इंचार्ज डॉक्टर हीरालाल बौद्ध व सीनियर टेक्नीशियन वीर सिंह के सुपुर्द किया गया।




## 7 और 8 मई को होगा जरड़ मेला

**भुंतर।** भुंतर स्थित जरड़ में सात व 8 मई को मेले का आयोजन होगा। वहीं, 9 मई को जरड़ में कुश्ती कमेटी व आम जनता के सहयोग से दंगल होगा। देवता कपिल मुनि के आगमन पर जरड़ मेले का आगाज होता है। जरड़ में यह मेला गणपति के दरबार के सामने वाले ग्राउंड में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। दो दिनों तक मंदिर में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ती है। मेले के उपरांत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुश्ती कमेटी जरड़ की ओर से एक दिवसीय कुश्ती दंगल का आयोजन नौ मई को किया जा रहा है। कुश्ती कमेटी जरड़ के प्रधान बिशन दास ने बताया कि कुश्ती दंगल का आयोजन बगीचा, रूआड़ू, भाटग्रां, सुईभ्रा व जरड़ गांव की जनता व तमाम कुश्ती प्रेमियों के सहयोग से हो रहा है ।

# आराध्य देव श्री लक्ष्मी-नारायण के सम्मान में सैंज मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, सैंज**

पांच दिवसीय जिला स्तरीय सैंज मेला शुक्रवार को घाटी के आराध्य देव श्री लक्ष्मी-नारायण के मेला मैदान में प्रवेश के साथ ही शुरू हो गया।

लक्ष्मी नारायण रैला गांव में स्थित अपने देवालय से करीब चार किलोमीटर रथयात्रा के उपरांत यहां पधारे। देवता ने सैकड़ों हारियानों के साथ अपनी पारंपारिक वेशभूषा में सज धजकर ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ मेला मैदान में प्रवेश किया। इसके बाद देव विधि के अनुसार मेले का आगाज हुआ। देवता के चेले (गुर) ने खेल में आकर लोगों को मेले की बधाई दी तथा मेले के सफल सचालन का आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध-संस्कृति के प्रतीक हैं तथा इनसे हमारे बीच भाईचारे की भावना बढ़ती है। व्यस्त जीवन में मेलों के कारण ही लोगों को मित्रों व सगे संबधियों से मेल मिलाप का मौका मिलता है। इसके साथ-साथ मेले एकता के सूत्रधार भी हैं। बीते समय में यहां प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही के बाद मेले के आयोजन करने की उम्मीद करना भी मुश्किल था।



सैंज मेले के शुभारंभ पर देवता मिलन करते हुए एवं देव परंपरा का निर्वहन करते हुए।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## बेटियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की जरूरत

**बदलते** वक्त के साथ समाज में बहुत से बदलाव हुए हैं साथ ही लोगों की जिम्मेदारी और प्राथमिकता में भी बदलाव आया है। आज समाज में जितनी एहमियत पुरुषों की है उतनी ही एहमियत आज महिलाओं की भी है या यूं कहें तो गलत न होगा कि महिलाओं की एहमियत और जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। किंतु आज भी कुछ महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों में उलझी हुई हैं और अपनी क्षमता और अपने सामर्थ्य से अनभिज्ञ है। आज महिलाओं को अपनी क्षमता और काबिलियत को पहचानने के साथ-साथ खुद को हर मुश्किल परिस्थिति में मजबूत बनाने की भी जरूरत है, ताकि महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाबी का डंका बजा सकें। घर परिवार में बेटियों को बचपन से ही मजबूत बनाने की जरूरत है और बेटियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही अभिभावकों को चाहिए कि वह घर में बेटे और बेटी के बीच फर्क न करें और न ही बेटियों से कभी भी उनकी शारीरिक दुर्बलता को लेकर कोई बात करें, बल्कि सभी अभिभावक अपनी बेटियों को ऐसा माहौल दें कि बेटियां अपनी कामयाबी का रास्ता खुद तय कर सकें। इसी विषय को लेकर आजके जमाने की युवतियों से उनके विचारों को जानते हैं।

सुरेंद्र, तिबोगपा कुल्लू।

### महिलाओं को सर्वप्रथम आर्थिक रूप से होना पड़ेगा स्वतंत्र



मोनिका, बरशैणी कुल्लू

**महिलाओं** को सर्वप्रथम आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना पड़ेगा यानी जब महिलाएं अपने घरेलू वातावरण से बाहर निकल कर कोई कार्य करेंगी तभी वह पूर्ण रूप से स्वतंत्र बन पाएंगी। जब उन्हें अपने पीछे किसी के नाम की आवश्यकता नहीं होगी तभी वह सामाज में अपनी जगह बना पाएंगी। बेटियों के साथ बेटों के समान बराबर व्यवहार करना चाहिए, ताकि उन्हें बेटा और बेटी में भेदभाव की भावना न आए। महिलाओं को मजबूत और ताकतवर बनाने के लिए परिवार को उन्हें हर एक चीज में सहयोग और समर्थन देने की जरूरत है। आज बेटियां ही परिवार का नाम रोशन कर रही हैं और बेटियों के बिना किस खुशहाल परिवार और खुशहाल समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। बेटियों को अपनी कमजोरी को नजरअंदाज कर अपनी काबिलियत को निखारने की जरूरत है, ताकि वह बिना किसी के सहयोग के ही अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें।

### महिलाओं ने वक्त के साथ समाज में काम करके दिखाए

**वक्त** के साथ महिलाओं ने समाज में काम करके दिखाए हैं, जो कि महिलाओं के लिए नामुमकिन कहा जाता था। महिलाओं को बस सुरक्षित और सभ्य समाज की जरूरत है, जो महिलाओं की काबिलियत को सम्मान देते हो और जो महिलाओं को ऐसा माहौल देते हैं, जहां पर महिलाएं अपनी क्षमता को और निखारने का कार्य करती हैं और हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर रही हैं। वर्तमान समय में बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए माता-पिता का सहयोग पर विश्वास बहुत मायने रखता है। बेटियां आज अपना ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का नाम रोशन करने की काबिलियत रखती हैं। मगर जब घर में सहयोग न मिले, तो बेटियों के लिए कामयाबी का रास्ता तय करना मुश्किल हो जाता है। बेटा ओर बेटी का फर्क घर से ही शुरू हो जाता है। इसलिए सभी माता-पिता को चाहिए कि वह अपनी बेटियों को हर वह सुविधा प्रदान करें, जिससे कि बेटी आगे बढ़कर सभी का नाम रोशन कर सकें।



ललिता सुझाल, बंजार कुल्लू।

### किसी पर भी निर्भर रहने की नहीं जरूरत

**समाज** में आज महिलाओं को किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है और न ही किसी से मदद की अपेक्षा रखनी चाहिए क्योंकि किसी की मदद के सहारे आगे बढ़ना ही महिला को कमजोर कर देता है और महिला तो स्वयं अपने आप में शक्ति का स्वरूप हैं। महिलाओं में हर वो काबिलियत विद्यमान है, जिसकी समाज को जरूरत है। मगर महिलाएं अक्सर खुद को कम आंकने की भूल कर बैठती हैं, जिस कारण उनकी जन्मजात काबिलियत दब कर रह जाती है। इसलिए मां-बाप की भी अपनी जिम्मेदारी है कि वह अपनी बेटियों की तुलना बेटों से न करें क्योंकि तुलना करना ही बेटियों को कमजोर बना देता है। बेटियों को अपने निर्णय लेने खुद लेने दें और उनके लिए निर्णयों के सम्मान करें इससे बेटियों के आत्मविश्वास में इजाफा होगा और बेटियां वह कर के दिखाएंगी जो बेटे भी नहीं कर पाएं हैं।



श्वेता कश्यप, कुल्लू।

### बेटों की तरह बेटियों को बनाया जाए आत्मनिर्भर

**बेटियों** को उच्च शिक्षा दि जाए और बेटों कि तरह उन्हें भी आत्मनिर्भर बनाया जाए महिलाओं को समाज में अपनी जगह बनाने के लिए हर एक बो चीज छोड़ कर उन्हें वो करना चाहिए, जिसकी वह हकदार हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में घर परिवार का समर्थन होना आवश्यक है अगर माता-पिता अपने बच्चों को एक समान समझेंगे ओर लड़का-लड़की दोनों को एक जैसी परवरिश देंगे तथा हर मजबूरी में उनका साथ देंगें हर एक गलती में उन्हें समझाएंगे हर एक चीज में उनके साथ खड़े रहेंगे। आज समाज की जरूरत है कि अभी अभिभावक अपने बच्चों को समान रूप से परवरिश देने के साथ-साथ समान मौके देने की भी जरूरत है। घर का माहौल बेटा ओर बेटी दोनों के लिए ही समान होना चाहिए, ताकि बेटियों में अपनी पहचान खुद बनाने की काबिलियत शुरू से ही बन जाए।



सिमरन ठाकुर, सरसाड़ी पार्वती वैली।

# सिरमौर-सोलन के लहसुन से महकेंगी देश की सब्जी मंडियां

## तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक से आने लगी मांग, किसानों को 100 से 120 रुपए प्रति किलो तक मिल रहे दाम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

हिमाचल के जिला सोलन, सिरमौर, मंडी और कुल्लू में पैदा होने वाले औषधीय गुणों से युक्त लहसुन की मांग देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी रहती है।

इसी के चलते अब किसानों ने लहसुन की पैदावार को नकदी फसल के रूप में अपनाया है। मौसम अच्छा रहने के चलते इस बार सोलन और सिरमौर जिले का लहसुन खेतों में तैयार होकर देश की सब्जी मंडियों में महकने को तैयार है। फिलहाल सोलन सब्जी मंडी में लहसुन की ताजा फसल ने दस्तक दे दी है। इस बार सर्दियों के मौसम में लहसुन की इतनी मांग बढ़ी की बाजार में प्रति किलो के दाम 500 रुपए तक पहुंच गए। फिलहाल


सोलन में खेत से लहसुन की फसल निकालते किसान।

सब्जी मंडी सोलन में पहुंच रहे लहसुन के दाम 100 से 120 रुपए प्रति किलो तक मिल रहे हैं। औषधीय गुणों से भरपूर हिमाचल के लहसुन की मांग अब तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक में बढ़ने लग गई है। मांग पूरी करने के लिए व्यापारी खेतों तक पहुंच रहे हैं पर फसल थोड़ी-थोड़ी तैयार होने के चलते किसान सब्जी मंडियों में ही अपना उत्पाद बेचना पसंद करते हैं। लहसुन की मांग बढ़ने से किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। ग्रेड के हिसाब से लहसुन 100 से 120 रुपए किलो बिक रहा है। इन दिनों सोलन जिले से ही लहसुन मंडी में पहुंच रहा है, जबकि अब सिरमौर में लहसुन तैयार है। जल्द इसकी सप्लाई भी मंडी में पहुंच जाएगी। हिमाचल का लहसुन औषधीय गुणों से भरपूर होने के चलते इसकी मांग पूरे देश में रहती है। (अनंत ज्ञान)

### सिरमौर जिले में अधिक पैदावार

सिरमौर जिले में लहसुन की सबसे अधिक पैदावार होती है। अब सोलन-शिमला व कुल्लू में भी किसान लहसुन को आर्थिकी के तौर पर अपनाने लगे हैं। सिरमौर और सोलन में मई तक फसल तैयार होती है। यहां का लहसुन देश ही नहीं, विदेशों में भी धूम मचाता है। इसकी दक्षिण भारत की मंडियों में भारी मांग रहती है। हालांकि कोविड के बाद से अभी तक यहां के लिए लहसुन नहीं गया है, लेकिन देश के केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के अलावा त्रिपुरा व सिक्किम भी लहसुन भेजा जाने लगा है।

### साफ फसल बेचने का आग्रह



सब्जी मंडी के लहसुन कारोबारी पदम पुंडीर ने किसानों से पक्की फसल और साफ फसल बेचने का आग्रह किया है। पुंडीर ने कहा कि ग्रेड की गई फसल के किसानों को अच्छे दाम मिलते हैं।

### ग्रेड के हिसाब से मिल रहे दाम

कृषि विपणन समिति सोलन के सचिव रविंद्र शर्मा ने बताया कि सोलन सब्जी मंडी में लहसुन की आमद शुरू हो गई है। किसानों को भी ग्रेड के हिसाब से दाम मिल रहे हैं। इन दिनों तमिलनाडु और कर्नाटक में लहसुन की अधिक मांग है।

# दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में हरियाणा ने हिमाचल की टीम को हराया

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

अमित सिंगला दिव्यांग क्रिकेट कप की शानदार शुरुआत शुक्रवार को बद्दी विश्वविद्यालय के मैदान में हुई। उद्योग विभाग के उपनिदेशक योगेश गुप्ता बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए मैच का आगाज किया। पहले 20-20 मैच में हरियाणा दिव्यांग क्रिकेट टीम ने हिमाचल प्रदेश की टीम को घरेलू पिच पर मात देते हुए मैच को अपने नाम किया।

इस अवसर पर उद्योग विभाग के उपनिदेशक योगेश गुप्ता ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए हरियाणा व हिमाचल टीम को बधाई दी और पहले मैच की जीत पर हरियाणा टीम को बधाई दी। निजी सेक्टर में भी दिव्यांग खिलाड़ियों को


अमित सिंगला दिव्यांग क्रिकेट कप के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से मिलते हुए उद्योग विभाग के निदेशक योगेश गुप्ता व क्यूरेटेक ग्रुप के एमडी सुमित सिंगला।

नौकरी का प्रावधान किया जाएगा, ताकि वह अपने परिवार का पालन-पोषण सही ढंग से कर सकें।

इस अवसर पर फिजिकली चैलेंज्ड एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया विशेष तौर पर खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए पहुंचे और उन्होंने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश भर में 28 राज्यों की टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। इस अवसर पर भारतीय दिव्यांग क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष रमेश सैनी ने दिव्यांग खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल की ओर से नकद पुरस्कार सीधे उनके खाते में डालकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पझौता के माटल गांव में देव जांगरे का आयोजन

**राजगढ।** राजगढ़ विकास खंड राजगढ़ के अंतर्गत उपतहसील पझौता के माटल गांव में दो दिवसीय देव जांगरे का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए जांगरे के आयोजक राज वर्मा ने बताया कि इस जांगरे में तीन देवठीयो यानी तीन मंदिर के देवताओं ने भाग लिया। यहां काबिले जिक्र है कि देव जांगरे का आयोजन यहां उस समय किया जाता है, जब देवता महाराज को कोई अपने गांव या घर में आमंत्रित करता है। इसमें देवता महाराज को भव्य पालकी में विराजमान करके देव वाद्ययंत्रों के साथ देव कारदार जांगरे वाले स्थान तक लाते हैं। माटल गांव में आयोजित इस देव जांगरे के लिए तीन स्थानों से देवताओं को आमंत्रित किया गया था, जिसमें मानवा व भुज्जल से शिरगुल महाराज व घौटाड़ी से मंगलेश्वर महाराज शामिल हैं। सभी देवताओं की पालकियां जांगरे स्थल पर देर शाम देव वाद्ययंत्रों की धुनों के साथ पहुंची। इस अवसपर पर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने तीनों देवताओं के दर्शन किए और आशीर्वाद ग्रहण किया।

### पोस्टर मेकिंग में तपस्वी सदन प्रथम

**अर्की।** लक्ष्य शिक्षण संस्थान अर्की में मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से विभिन्न अंतर सदन समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में पेंसिल स्केचिंग, पोस्टर मेकिंग और सीनरी मेकिंग आदि शामिल थी। प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग में तपस्वी सदन ने प्रथम, सीनरी मेकिंग में ओजस्वी सदन ने प्रथम तथा पेंसिल स्केचिंग में मनस्वी सदन प्रथम स्थान पर रहा।

### कांग्रेस के नेता ओछी राजनीति पर उतर आए : विनय

**नाहन।** जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि सिरमौर जिले में ड्रग माफिया कांग्रेस के नेताओं की नाक के नीचे फल-फूल रहा है। कांग्रेस के नेताओं के संरक्षण में खनन माफिया काम कर रहा है। बड़े-बड़े प्रभावशाली लोगों ने काला आम के पहाड़ के पहाड़ खोद दिए, कोई पूछने वाला नहीं है क्योंकि कांग्रेस के नेताओं का संरक्षण इन सबको प्राप्त है। कांग्रेस के नेता इस बार के चुनावों में बड़ी ओछी राजनीति पर उतर आए हैं और मुस्लिम समुदाय के लिए नया नारा वोट जिहाद का दे दिया है, जिस पर पूरा मुस्लिम समुदाय केवल कांग्रेस को ही वोट डाले।

### सार्थक शर्मा ने पास की जेईई मेंस की परीक्षा

**नाहन।** अकादमिक कौशल की एक उल्लेखनीय उपलब्धि में पारंगत एक्सीलेंस स्कूल नाहन के छात्र सार्थक शर्मा ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेंस 2024 में सफलता हासिल की है। सार्थक शर्मा के पिता ववेक शर्मा और माता शिल्पी शर्मा बेट की उपलब्धिय पर फूले नहीं समा रहे हैं। पारंगत एक्सीलेंस स्कूल की चेयरपर्सन तन्वी नरूला और प्रिंसिपल सविता शर्मा और उनके माता-पिता की उपस्थिति में सार्थक शर्मा का जश्न मनाते हुए, हम उनकी अदम्य भावना, निरंतर दृढ़ता और अटूट समर्पण की सराहना करते हैं। उनकी सफलता न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित करती है, बल्कि हमारे संस्थान और उसके बाहर महत्वाकांक्षी दिमागों के लिए प्रेरणा की किरण भी चमकाती है।

### विनोद को विजय दिलाकर लोकसभा पहुंचाएंगे : हर्ष

**अर्की।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार निवासी हर्ष ठाकुर प्रभारी राष्ट्रीय युवा कांग्रेस रिसर्च टीम शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र ने कहा कि वह शिमला लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी की विजय के लिए अपनी पूरी टीम के साथ संसदीय क्षेत्र में उतर चुके हैं। इस टीम में उनके साथ प्रदेश समन्वयक नीरज राठौड़, जिलाध्यक्ष सोलन अखिल गौतम, महासचिव सुनील, सचिव जतिन, पंकज, विक्की व अर्की अध्यक्ष मनोज ठाकुर हैं। वह तथा उनकी टीम शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को विजय दिलाकर लोकसभा में पहुचाएंगे।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में किया शानदार प्रदर्शन

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के नेरी और नौणी परिसरों के छात्रों और वैज्ञानिकों का हालही में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'खाद्य प्रसंस्करण 4.0 नवाचार और स्थिरता' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शानदार प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के छह संकाय और 26 स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने खाद्य प्रसंस्करण नवाचार और स्थिरता पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया और कार्यात्मक खाद्य पदार्थ और न्यूट्रास्यूटिकल्स पर केंद्रित एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी की।

### दून प्रेस क्लब ने मनाया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

**पांवटा साहिब।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दून प्रेस क्लब की ओर से सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल कांग्रेस पार्टी के सचिव और युवा नेता अवनीत सिंह लांबा मुख्यातिथि रहे। व्यवसाई व समाजसेवी जगदीश तोमर विशिष्ट अतिथि रहे। साथ ही नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और हिमाचल के अध्यक्ष रनेश राणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान दून प्रेस क्लब की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महान विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिसमें अध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, समाजसेवी और व्यवसायी को सम्मानित किया गया।

भूतपूर्व सैनिकों के साथ स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक आयोजित

### लोकतंत्र में सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक

**अर्की।** एसडीएम अर्की यादविंदर पाल की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय अर्की में भूतपूर्व सैनिकों के साथ स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई। एसडीएम अर्की यादविंदर पाल ने आगामी लोकसभा चुनाव में अर्की क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान में सक्रिय भागीदारी लेने का आह्वान किया। लोकतंत्र के सबसे बड़े चुनावी पर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है।

# बालद पुल पर 10 से दौड़ेंगे वाहन!

## हरियाणा व हिमाचल को जोड़ने वाले पुल का एनएचएआई ने तय अवधि में पूरा किया कार्य

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी को हरियाणा से जोड़ने वाले बद्दी-पिंजौर मार्ग पर बन रहे बालद नदी पर पुल के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। दावा किया जा रहा कि पुल 10 मई से शुरू हो जाएगा। पहले इस पुल को शुरू करने के लिए 30 अप्रैल तक पूरा होने का समय था, लेकिन एपरोच रोड का काम न होने से तिथि आगे बढ़ाई गई। एक सप्ताह तो बिजली ट्रांसफार्मर हटाने में लग गया।

एनएचएआई ने दो सप्ताह पहले पुल के साथ का हरियाणा का सिरा मिला दिया, तो हिमाचल का सिरा भी मिला दिया। दोनों साइड से एपरोच रोड मिल जाने से अब विभाग ने इस पुल को चालू करने के लिए 10 मई की तिथि निर्धारित की है। पुल का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है,


हरियाणा और हिमाचल को जोड़ने वाला बालद नदी पुल।

लेकिन वाहन टेस्टिंग अभी बाकी है। अगस्त माह की भारी बरसात में यह पुल ध्वस्त हो गया था, जिसके बाद नए पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया, जिसका काम 31 मार्च तक पूर्ण होना था, लेकिन लेबर की कमी व होली व ईद की छुट्टियों के चलते काम समय पर पूरा नहीं हो पाया। पुल की जरूरत को समझते हुए एनएचआई ने फिर कार्य को तेजी से किया और आज पुल का अतिक्रमण काम पूरा हो चुका है। एनएचएआई के साइट इंजीनियर दिनेश पुनिया ने बताया कि लगभग काम पूरा हो चुका है और जल्द ही पुल को ट्रायल के बाद शुरू कर दिया जाएगा।

# प्रदेश में चारों लोकसभा सीटों पर जीतेगी कांग्रेस : राहुल ठाकुर


शिमला संसदीय क्षेत्र के नवनियुक्त प्रभारी राहुल सिंह ठाकुर पत्रकार वार्ता करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शिमला पार्लियामेंट्री क्षेत्र के नवनियुक्त प्रभारी राहुल सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश में ईमानदार नेतृत्व में सुक्खू सरकार विकास की गति को आगे बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपनी 10 गारंटी में से पांच को पूरा कर दिया है, जबकि 5 को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

प्रदेश में कांग्रेस चारों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रामक प्रचार कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन पार्टी नेताओं को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का 5 साल का कार्यकाल निराशाजनक रहा। उन्होंने महज प्रदेश को कर्ज में डुबोने का काम किया। उनके कार्यकाल में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा नहीं मिल पाया, जबकि प्रदेश को ईमानदार नेतृत्व मिलने के बाद सरकार बेसहारों का सहारा बनी है। सरकार ने आपदा में पीड़ितों के साथ खड़े होकर उनका हौसला बढ़ाया और राहत राशि को बढ़ाकर उन्हें भरपूर सहायता पहुंचाई। मुख्यमंत्री ने सत्ता में आते ही कर्मचारियों को ओपीएस का तोहफा दिया, वहीं महिलाओं को हर महीने 1500 देने की घोषणा की, लेकिन भाजपा ने इसमें भी रोड़े अटकाए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने शिमला संसदीय क्षेत्र से युवा ईमानदार कर्मठ उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी को मैदान में उतारा है।

# सोलन में बताया वोट का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सेंट ल्यूक्स वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने की। डॉ. पूनम बंसल ने इस अवसर पर कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 में सभी मतदाताओं को बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना सहयोग करना चाहिए। मतदाताओं की सहायता के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न मोबाइल ऐप भी विकसित किए गए हैं। वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से पात्र मतदाता अपने मतदान संबंधी सभी प्रश्नों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में वह अपना नाम जांच सकते हैं, प्रत्याशी का विवरण जाना जा सकता है, अपने मतदान केंद्र का पता लगाया जा सकता है, ई-वोटर कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है।


सोलन के स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शिविर में मौजूद स्टूडेंट्स।

### मतदान से निभाएं जागरूक नागरिक का कर्तव्य



**सोलन।** लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के दृष्टिगत अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयनगर, बैहंदी और लोहरघाट मतदान केंद्रों में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित किए। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन विभाग अर्की लगातार यह प्रयास कर रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित बनाया जा सके। इसके लिए प्रत्येक मतदाता को एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना सहयोग दे सकते हैं। डॉ. हेमराज सूर्य और योगेश ने कहा कि लोकतंत्र में हर एक मत का महत्व है।

# मां भंगायणी की छड़ी यात्रा के साथ हरिपुरधार मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के हरिपुरधार में क्षेत्र की प्रसिद्ध आराध्य देवी मां भंगायणी के नाम पर लगने वाला धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक तीन दिवसीय मां भंगायणी मेला हरिपुरधार शुक्रवार से आरंभ हो गया है।

इस मेले का शुभारंभ मां भंगायणी की छड़ी यात्रा के साथ हुआ। माता की छड़ी की पारंपरिक पूजा के बाद पारंपरिक वा यंत्रों के साथ माता की छड़ी यात्रा निकाली गई। इससे पहले क्षेत्र के लोग मंदिर परिसर में एकत्र हुए उसके बाद उन्होंने माता की छड़ी को मंदिर से बाहर निकाला। छड़ी को जब मंदिर से बाहर लाया गया, तो पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा। छड़ी यात्रा जब हरिपुरधार बाजार में पहुंची, तो लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ताल पर लोगों ने माता के जयकारे लगाए। माता के जयकारों से हरिपुरधार की वादियां गूंज उठी। उसके बाद नायब तहसीलदार संतोष नेगी व पूर्व चेयरमेन सही राम चौहान ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया। मेले के अलावा खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय व हिमाचल के प्रसिद्ध लोकगायक मेले में अपनी आवाज का जादू बिखेर कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। इसके साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी ।

# दुकान में आग से लाखों का नुकसान

**बीबीएन।** बद्दी साई मार्ग पर स्थित बसंती बाग कालोनी की एक करियाणा की दुकान में आग लगने से करीब 2.5 लाख का नुकसान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बसंती बाग की कालोनी में राम सहाय जो टिकरी बिहार का रहने वाला था और बसंती बाग में जनरल स्टोर का काम करता है।

अग्निशमन विभाग को करीब साढ़े आठ बजे आग लगने की सूचना मिली और सूचना मिलते ही तुरंत आग बुझाने वाली गाड़ी टीम सहित मौके पर पहुंची। आग से करीब अढ़ाई लाख का नुकसान हुआ, जिसमें दो फ्रिज और अन्य दुकान का सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन अधिकारी बद्दी हेम राज ने बताया कि आग पर जल्दी काबू पा लिया गया, जिसमें करीब अढ़ाई लाख का नुकसान हुआ है।

# शिव पुराण का श्रवण करने से नष्ट होते हैं मनुष्य के पाप : आचार्य अमित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्राम पंचायत नवगांव के गांव समलोह के गांववासियों द्वारा शिव मंदिर प्रांगण समलोह में शिव महापुराण कथा ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन आचार्य अमित गंगेश्वर ने कहा कि शिव पुराण का श्रवण करने से मनुष्य जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

अमित ने कहा कि जीवन में एक बार व्यक्ति को शिव पुराण का श्रवण करना और करवाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति प्रेम, ज्ञानमय जीवन चाहता है तथा भगवान की भक्ति करने तथा कथा सुनने से इन तीनों चीजों को मानव प्राप्त कर सकता है। कथा सुनने से निष्काम कर्म करने की प्रेरणा तथा जीवन जीने



की कला आती है। कमेटी सदस्य ललित गौतम, हरीश गौतम, रवि चंद्र प्रताप ने बताया कि शिवमहापुराण कथा सुनने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि शिव पुराण कथा में आए और अपने जीवन को पुण्य के भागी बनाएं।

# अतिरिक्त रैली स्थल की अधिसूचना जारी

**बीबीएन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा की ओर से लोकसभा निर्वाचन-2024 के चलते 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक अतिरिक्त रैली स्थल की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत पट्टा स्थित बागवानी विभाग के मैदान को राजनीतिक रैली स्थल चिन्हित किया गया है। राजनीतिक दलों की ओर से लिखित आवेदन पर यह स्थल पहले आओ, पहले पाओ आधार पर रैली के आयोजन के लिए उपलब्ध होगा। इसके लिए आवेदन सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण, बद्दी को प्रस्तुत करना होगा।

# कृषि विभाग ने गेहूं की नई किस्म एचडी 3086 ब्रीडर का बीज किया तैयार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

कृषि विभाग ने इस साल अपने कृषि फार्म व 30 किसानों के खेतों में एक नई प्रजाति एचडी 3086 का ब्रीडर बीज तैयार किया है।

इस बीज को विभाग किसानों को बांटेगा और किसान इस फाउंडेशन बीज को खेतों में लगाकर प्रमाणित बीज तैयार करेंगे। नई दिल्ली विवि ने कृषि विभाग को पहली बार ब्रीडर सीड दिया है। इस गेहूं की खास बात यह है कि एक तो इसकी पैदावार अन्य किस्मों से अधिक है। वहीं, स्वाद में भी भरपूर है। गेहूं की तैयार होने वाली चपाती बेहद स्वादिष्ट है। इस बार कृषि विभाग ने इस प्रजाति को अपने कृषि गुणन फार्म मझौली व 30 किसानों को अपने खेत में लगाने को दिया है। कृषि विभाग को 25 सौ क्विंटल तक फाउंडेशन सीड तैयार होने की उम्मीद है। इस बीज को अगले साल बीज का गेहूं तैयार करने के लिए किसानों को दिया जाएगा। उसके बाद इस किस्म का प्रमाणित बीज तैयार होगा।

### 23 हेक्टेयर में फैला मझौली फार्म



कृषि विभाग के एचडीओ भोपाल ठाकुर ने बताया कि मझौली फार्म 23 हेक्टेयर में फैला हुआ है। विभाग ने इस नई किस्म को अपने फार्म के अलावा अन्य 30 प्रगतिशील किसानों को दिया है। इन किसानों ने इस वर्ष अपने खेत में यह ब्रीडर बीज लगाकर फाउंडेशन बीज तैयार किया है, जिसे अलग-अलग वर्ष किसानों को केवल बीज तैयार करने के लिए दिया जाएगा। यह किसान इस प्रमाणित बीज को तैयार करने के बाद दूसरे साल अन्य किसानों को अपने खेत में लगाने के लिए दिया जाएगा। उन्होंने बीज के सैंपल लेकर जांच के लिए सोलन प्रयोगशाला में भेज दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद किसानों द्वारा गेहूं का बीज लेना शुरू कर दिया जाएगा।

**प्रदर्शन** आईआईएम के गेट पर व्यापारियों और वेंडरों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ की नारेबाजी, कहा-

# कंपनी ने भवन के निर्माण में किया करोड़ों का गोलमाल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के धौला कुआं में निर्माणाधीन आईआईएम सिरमौर परिसर के गेट पर दो दर्जन से अधिक व्यापारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान नारेबाजी भी हुई। मामला इतना गरमा गया कि माजरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रदर्शन में शामिल व्यापारियों और वेंडरों में सुमित गुप्ता, सुभाष, अमित गोयल और विशाल कपूर आदि ने बताया कि आईआईएम के भवन के निर्माण में जुटी कमल आदित्य


आईआईएम सिरमौर परिसर के गेट पर व्यापारी एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए।

कंस्ट्रक्शन ने करोड़ों का गोलमाल किया है। कंपनी व्यापारियों से पांच करोड़ से अधिक की निर्माण सामग्री लेकर भवन निर्माण में लगा चुकी है, लेकिन पिछले छह महीने से भुगतान के नाम पर टालमटोल कर रही है। जब व्यापारियों ने सीपीडब्ल्यूडी और आईआईएम सिरमौर प्रबंधन के अधिकारियों से बात की तो पता चला कि कंस्ट्रक्शन कंपनी को पहले ही भुगतान किया जा चुका है। इस पर गुस्साए व्यापारियों ने एकजुट होकर संस्थान के गेट पर जोरदार नारेबाजी की।

मामला गरमाया तो माजरा पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं, कंपनी प्रबंधन ने दो दिन के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत किया।

### एसडीएम पांवटा साहिब को दिया ज्ञापन

व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने इस मामले में एक ज्ञापन एसडीएम पांवटा साहिब जीएस चीमा को दिया है। साथ ही उनसे मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। एसडीएम ने उन्हें समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। उधर, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि उनका इस धरना-प्रदर्शन और वेंडरों के भुगतान से कोई लेना-देना नहीं है। कंपनी को पेमेंट की जा चुकी है।

# वीवीपैट मशीनों की रेंडमाइजेशन संपन्न

**सोलन।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रथम स्तरीय रैंडमाइजेशन की गई।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में उपलब्ध बैलेट यूनिट (बीयू)-941, कंट्रोल यूनिट (सीयू)-812 तथा वीवीपैट-956 मशीनों की प्रथम स्तरीय छंटनी प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से पारदर्शिता की गई।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# शिमला की कैथोलिक चर्च के पास प्रदर्शनी लगाने पर व्यापार मंडल ने जताई आपत्ति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



राजधानी शिमला में प्रदर्शनी लगाने पर आपत्ति जताई जा रही है। शिमला व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरजीत कुमार मंगा ने ऐतिहासिक रिज मैदान और चर्च के पास आए दिन लग रही प्रदर्शनियों पर कड़ी आपत्ति जताई है। इस तरह की व्यावसायिक गतिविधियों को इजाजत देने से स्थानीय व्यापारी वर्ग में भारी रोष है। वीरवार को शिमला व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष हरजीत कुमार मंगा के नेतृत्व में नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान और आयुक्त भूपेंद्र अत्री से मिला। इस दौरान उन्होंने इन्हें इन प्रदर्शनियों के कारण व्यापारियों को होने वाले नुकसान से अवगत करवाया और मांग की कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने इस मामले में ढिलाई बरती तो व्यापारी शिमला बंद करने को मजबूर होंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। शिमला शहर में चाहे रिज मैदान हो या चर्च, यहां पर ऐसी गतिविधि पर रोक लगनी चाहिए। वहीं, स्थानीय व्यापारियों के खिलाफ बताते हुए इस फैसले को वापस लेने की मांग की है।

### निगम हाउस में लिया गया था फैसला

**नगर** निगम की मासिक बैठक में फैसला लिया गया था कि किसी भी प्रदर्शनी को लगाने के लिए नगर निगम की परमिशन लेनी होगी। प्रदर्शनी के कारण शिमला के कारोबारियों को नुकसान होता है। इस पर नगर निगम के महापौर ने फैसला लिया कि बिना अनुमति के प्रदर्शनी नहीं लगाई जाएगी।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर पुलिस पहरे के बीच गुजरेगा राष्ट्रपति का काफिला

# राष्ट्रपति दौरे को लेकर हिमाचल तैयार, आज पहुंचेंगी शिमला

जय ठाकुर, शिमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शिमला पहुंचेंगी। उनका चार से आठ मई तक हिमाचल का दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान राष्ट्रपति का शिमला स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में जाने का भी कार्यक्रम है। वे शिमला स्थित गेयटी थियेटर में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में भी शिरकत करेंगी।

हिमाचल में राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं, राष्ट्रपति से जो भी नेता या अधिकारी मिलने जाएंगे, उनका पहले कोविड टेस्ट (आरटीपीसीआर) कराना होगा। रिपोर्ट सही आने पर ही उन्हें राष्ट्रपति से मिलने की अनुमति दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### दौरे को लेकर शांडिल व चंद्र को दी जिम्मेदारी

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू के दौरे को देखते हुए दो मिनिस्टर इन वेटिंग नियुक्त किए गए हैं। राष्ट्रपति भवन दिल्ली से हुई चर्चा के बाद प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल को शिमला में मिनिस्ट्री इन वेटिंग लगाया है, वहीं कांगड़ा में कृषि मंत्री चंद्र कुमार यह जिम्मेदारी देखेंगे।

### छह मई को धर्मशाला जाएंगी राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति** का छह मई को धर्मशाला जाने का कार्यक्रम है, जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। इस बार राष्ट्रपति शिमला के जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट के माध्यम से आ रही हैं, क्योंकि उनका दौरा डोरनियर जहाजों के माध्यम से होगा। इससे पहले, वायु सेवा के हेलिकॉप्टर सीधे कल्याणी हेलिपैड मशोबरा ही लैंडिंग करते थे।

### अलग अलग सेक्टरों में बांटा क्षेत्र

**इस** बार शहर को कई सेक्टर में विभाजित किया गया है। जुब्बड़हट्टी से लेकर छराबड़ा तक के अलग-अलग अलग सेक्टर बनाए गए हैं। इसके अलावा जिन स्थलों का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दौरा करेंगी, ऐसे क्षेत्रों को भी अलग अलग सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें हर सेक्टर में सैकड़ों पुलिस अधिकारी तैनात होंगे।

### इन स्थानों पर जाएंगी राष्ट्रपति



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू आठ मई तक हिमाचल के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मई को कैचमेंट एरिया कुफरी का दौरा करेंगी। छह मई को केंद्रीय विवि धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। सात मई को सुबह संकट मोचन और तारादेवी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करेंगी। इसी दिन दोपहर बाद राष्ट्रपति माल रोड और रिज मैदान की सैर करेंगी। शाम के समय वे शिमला स्थित गेयटी थियेटर में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में भी शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के विभिन्न जगहों के भ्रमण के दौरान उन्हें वहां के इतिहास के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा, जिसमें रिज, गेयटी थियेटर, तारा देवी माता मंदिर, जाखू व संकट मोचन मंदिर का इतिहास शामिल रहेगा। ऐसे में इन सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच मई को होगा क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन

**रिकांगपिओ।** किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2024-25 के लिए एचपीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किन्नौर क्रिकेट टिम का चयन पांच मई को किया जाना है। सचिव किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन तारा चंद ठाकुर ने कहा कि चयनित खिलाडी 17 मई से अंतर जिला सीनियर एक दिवसाय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक सख्या में पांच मई को सुबह 10:30 बजे खेल मैदान रिकांगपिओ में इस चमन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे।

### पीजी प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने की तिथिबढ़ाने की मांग




मांगों को लेकर अधिष्ठाता अध्ययन को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्र पीजी प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाने की मांग कर रहे है। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष गौरव ने कहा छात्रों की मांगों को लेकर अधिष्ठाता अध्ययन को ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पीजी प्रवेश परीक्षाओं के आवेदन की तिथि को बढ़ाने की मांग रखते हुए बताया की प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में स्नातक के अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 18 मई तक चलेगी ऐसे में छात्र परीक्षाओं के दबाव में भी रहते। चार मई आने वाले कल को आवेदन करने की अंतिम तिथि है प्रदेश के अधिकतर छात्र अभी जानकारी से वंचित हैं ऐसी स्थिति में बहुत से छात्रों ने आवेदन की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है।इन दिनों कॉलेजों और एचपीयू में परीक्षाएं भी चली हुई हैं, ऐसे में छात्रों पर परीक्षाओं का भी दबाव रहता है, और विश्वविद्यालय पर भी परीक्षाओं का बोझ बना रहता है। इसलिए विधार्थी परिषद का कहना है की इस वर्ष के शैक्षणिक सत्र को समय पर आरंभ किया जाए जिस से छात्र भी अपनी शिक्षा सुचारू रूप से ग्रहण कर सकें और विश्वविद्यालय भी अपना काम सुचारू रूप से समय रहते कर पाए ऐसे में आने वाले समय में स्नातकोतर छात्रों की परीक्षाओं का संचालन भी समय से हो सके।

### छात्रों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**शिमला।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र 63-शिमला शहरी के तहत हिमालयन पब्लिक स्कूल अप्पर कैथू में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी स्वीप डॉ. सुरेश कुमार ने निर्वाचन साक्षरता के सदस्यों व विद्यार्थियों को कार्यक्रम की आवश्यकता और महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मतदाता सूची में नाम शामिल करने, संशोधन करने हेतु व स्थान परिवर्तन करने बारे भी जानकारी दी। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं तथा दिव्यांग जनों के लिए घर से मतदान कर चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के विषय में जानकारी साझा की। विद्यार्थियों के माध्यम से भारत में लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता तक संदेश पहुंचे व सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए उनको अपने परिवार व आस-पड़ोस के सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय की दसवीं कक्षा के छात्र लक्ष्य ठाकुर व छात्रा अशिमा गौतम ने चुनाव आयोग और मतदाता सहभागिता बढ़ाने के संबंध में अपने भाषण दिए तथा विद्यार्थियों ने चार्ट व नारा लेखन में भागीदारी सुनिश्चित की।

# भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर बोले-कांग्रेस ने महिलाओं की आंखों में झोंकी धूल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, रामपुर



लाहौल-स्पीति से भाजपा प्रत्याशी एवं कांग्रेस बागी रवि ठाकुर ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। रवि ठाकुर ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति में सरकार ने महिलाओं की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है।

लाहौल-स्पीति में महिलाओं की जो सूची तैयार की गई थी, उनमें से अभी तक सिर्फ 25 प्रतिशत महिलाओं को ही 1500 रुपए गारंटी योजना का लाभ मिला है। रवि ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में भी महिलाओं पर कई शर्तें थोपी गई हैं। जबकि चुनाव से पहले ये सारी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई थी और ऐसे झूठ बोलकर सुक्खू सरकार ने काम किया है। वहीं, राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी पर भी पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने जमकर निशाना साधा। रवि ठाकुर ने कहा कि मनु सिंघवी ने राम मंदिर के विरुद्ध केस लड़ा था। सिंघवी ने राम मंदिर को काल्पनिक करार दिया था। इसलिए ही उन्होंने 5 अन्य विधायकों संग राज्यसभा चुनाव में अपना वोट भाजपा को दिया।

### चार जून के बाद बदलेगी सरकार

**रवि** ठाकुर ने कहा कि चार जून के बाद प्रदेश सरकार में बदलाव आ सकता है, क्योंकि ओपीएस को लेकर भी कांग्रेस ने सही तरीके से काम नहीं किया है। अभी तक इस गारंटी पर लिप्स वर्क ही हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अल्पमत में चल रही है। सरकार के पास बजट नहीं है। इस बार लाहौल स्पीति को भी सिर्फ 30 प्रतिशत बजट आ रहा है। इससे क्षेत्र में कार्य नहीं हो रहा है।

# पुरानी पेयजल पाइप को बदलेगी कंपनी

## शिमला में टूटी पाइप से हो रही थी पानी की बर्बादी, कंपनी को महापौर ने दिए आदेश

आशिमा वैरागी, शिमला



शिमला शहर में इन दिनों 48 एमएलडी पानी आता है। बावजूद इसके शिमला शहर वासियों को पानी की समस्या सताती है। अब शहर में पाइप लाइन की लीकेज की वजह से अब जगह जगह पानी की बर्बादी नहीं होगी। पेयजल कंपनी द्वारा संजौली तक पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है।

इसमें डेढ़ से दो महीनों का समय लगेगा। 750 एमएम की यह पाइप लाइन बिछाई जा रही है, ताकि आगामी दिनों में पानी की समस्या न हो। इसके अलावा शहर की अन्य जगहों पर भी जहां पाइपें काफी पुरानी हो गई है और उससे लीकेज होती है उसे भी बदला जा रहा है। निगम को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि पेयजल सप्लाई सही से नहीं मिल रही है। इन फटी हुई पाइपों से लाखों लीटर पानी सड़कों पर बहता रहता है। तय शेड्यूल के मुताबिक शहर में सुबह शाम दो शिफ्टों में सप्लाई तो दी जाती है, लेकिन पुरानी पाइपें कई जगहों से फटी हुई है। इस वजह से शहरवासियों को सही से पानी सप्लाई नहीं मिल पाती, लेकिन अब इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। निगम के आदेशों के बाद पेयजल कंपनी ने पुरानी पाइपों को बदलने का काम शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### संजौली जोन को दी जाएगी रोजाना पाइप लाइन: पीपी शर्मा

**पेयजल** कंपनी के एजीएम पीपी शर्मा का कहना है कि संजौली तक पाइप लाइन बिछाई रही है। प्रोजेक्ट के तहत जून तक काम कंप्लीट हो जाएगा। कहा कि इसके बाद संजौली जोन को रोजाना पानी सप्लाई दी जाएगी।

### बिछाई जा रही पेयजल लाइन

**टॉलैंड,** नवबहार चौक और अनाडेल में पेयजल लाइनों को ठीक कर दिया गया है। इसके अलावा आरकेएमवी कॉलेज के समीप, लक्कड़ बाजार समेत कई जगह काम जारी है। इसके बाद लोगों को अब न सिर्फ ज्यादा पानी मिलेगा बल्कि प्रेशर भी बढ़ेगा। खलिनी में कई बार पानी के प्रेशर को लेकर शिकायतें आती है। निगम हाउस में भी इस मुद्दे पर लगातार हंगामा हुआ है। इसके स्थायी हल के लिए अब पाइप लाइन बदली जा रही है।

### बिछाई जा रही पेयजल लाइन

**पेयजल** कंपनी ने क्रेगनैनो और मशोबरा में बने जल भंडारण टैंकों की सफाई भी कर दी है। इसके अलावा गुम्मा परियोजना के तहत न्यू गुम्मा और नोटी खड्ड में बने टैंकों को भी साफ कर दिया है। इस दौरान पानी की सप्लाई भी देरी से हुई, लेकिन सभी को पानी दिया गया। शहर में भी अधिकतर टैंकों की सफाई कर दी गई है।

# छोटा शिमला-शनान सड़क होगी चौड़ी

## महापौर ने अधिकारियों के साथ लिया जायजा, एक करोड़ छह लाख आएगा खर्च

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला में इन दिनों महापौर निगम आपके द्वार के तहत वार्डों का निरीक्षण कर रहे है। शिमला के सर्किलर रोड़ को मैहली-ढली बाइपास से जोड़ने वाली छोटा शिमला शनान सड़क को चौड़ी करने का काम शुरू हो गया है। एक करोड़ छह लाख से इस सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। यह सड़क काफी तंग है।

इस सड़क के चौड़ा होने से छोटा शिमला से सफर आसान होगा। तीन चरण में इस सड़क को चौड़ा करने का कार्य होगा। शुक्रवार को महापौर सुरेंद्र चौहान उप महापौर उमा कौशल ने अधिकारियों के साथ शनान से छोटा शिमला सड़क को चौड़ा करने के कार्य का जायजा लिया साथ ही इस कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। यह सड़क काफी तंग थी ओर इस सड़क को चौड़ा करने की मांग की जा रही थी और इसका कार्य शुरू कर दिया है। इस सड़क से चार वार्डो के लोगो को काफी फायदा होगा। लोगों को संजौली भट्टाकुफर से हो कर आना पड़ता था और लोगों को जाम आए भी जूझना पड़ता था वही इस सड़क के चौड़ा होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। एसजेवीएन द्वारा इस सड़क कचौड़ा करने के लिए राशि दी है और एक करोड़ छह लाख खर्च होंगे। इसका कार्य तीन चरणों मे काम किया जाएगा।

### काम जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**महापौर** नगर निगम सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शिमला शुक्रवार को छोटा शिमला में निरीक्षण किया गया और जहां पर सड़क चौड़ी करनी है वे स्थान चिन्हित किए और ठेकेदार को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए है।



साइट्स का जायजा लेते हुए महापौर।

# कांग्रेस सरकार ने केंद्र से दी गई आपदा राशि भी पूरी नहीं खर्चीः अजय भट्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे भाजपा नेता अजय भट्ट का स्वागत करते कार्यकर्ता।

भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा एवं पर्यटन अजय भट्ट ने कसुम्पटी पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल देश की नहीं बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है और जब से वह प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश का मान पूरे विश्व के मानचित्र बड़ा है। उन्होंने कहा की 2004 से 2014 तक विनाशकाल और 2014 से 2024 तक अमृतकाल रहा। जब देश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी तब देश पीछे की ओर ही बड़ा और जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं देश तेज गति से आगे बढ़ा है।

कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल 2004-14 में देश की अर्थव्यवस्था से लेकर सड़क, रेल और विदेशी प्रयत्क्ष निवेश तक खस्ताहाल था। जबकि 2014 के बाद मोदी सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से लेकर हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किया। कांग्रेस सरकार में स्टार्टअप की संख्या मात्र 350 थी। जबकि मोदी सरकार में स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,17,257 हो गई। कांग्रेस सरकार में भारतीय अर्थव्यवस्था की गिनती फ्रेजाइल-5 में होती थी। जबकि मोदी सरकार में भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। वहीं, हिमाचल प्रदेश में आपदा आई और उसके तुरंत बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के दो दौरे किए। इस दौरान हिमाचल प्रदेश को 1782 करोड़ रुपए आपदा राहत राशि के रूप में मिले पर इस राशि का भी हिमाचल की सरकार ने सदुपयोग नहीं किया आज तक इस राशि को भी पूर्ण रूप से खर्च नहीं गया है।

### कुप्रबंधन के लिए जानी जाएगी कांग्रेस

**आपदा** राशि में भी भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद को बढ़ावा दिया गया, आज तक कभी भी हिमाचल प्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। हिमाचल प्रदेश में यह पहली सरकार है जो कुप्रबंधन के लिए जानी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, रूप दास कश्यप, जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, बलबीर वर्मा उपस्थित रहे।

# नंद्रवाड़ी पंचायत में लोगों को बताया मतदान का महत्व



कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरूक करने का दौर।

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

स्वीप कार्यक्रम को जारी रखते हुए विधानसभा क्षेत्र रोहड़ू के डोडरा- क्वार उपमंडल की नंद्रवाड़ी ग्राम पंचायत व क्वार ग्राम पंचायत में स्वीप के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए गए।

सर्वप्रथम स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामजनों को वोट देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए दौड़ के द्वारा प्रेरित किया। उसके उपरांत कितरवाडी गांव की महिला मंडल की महिलाओं ने सामूहिक कार्य करते हुए लोंगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया और उसके उपरांत स्वीप कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए धंद्रवाड़ी ग्राम पंचायत की महिलाओं और पुरुषों की सहभागिता से देवता क्वार जाख मंदिर के प्रांगण में देवता क्वार जाख महाराज के समक्ष सभी जनों ने वोट डालने का प्रण लिया। वहीं, शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. भरत खेपान ने दिलाई।

इस कार्यक्रम में क्वार जाख देवता कमेटी के सभी सदस्य और महिला मंडल धन्द्रवाड़ी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# दांताधार से हारली खड्ड तक जल्द बनेगी सड़क

दशमी रावत, रोहड़ू



दुर्गेश्वर लाल।

उत्तराखंड के धौला से दांताधार, सेवा धोगरी व हारली खड्ड तक 12 किलोमीटर सड़क मार्ग जल्दी ही बनकर तैयार होगी।

इस सड़क मार्ग के बनने से उतराखंड व हिमाचल प्रदेश के कई गांव सड़क मार्ग से जुड़ेंगे और सैकड़ों ग्रामीणों को सड़क सुविधा मुहैया होगी। परोला विधानसभा क्षेत्र के विधायक दुर्गेश्वर लाल ने अनंत ज्ञान मीडिया समूह से चांशल होटल रोहडू में बातचीत करते हुए बताया है कि धौला-दांताधार-सेवा धोगरी-हारली खड्ड तक सड़क की सिविल क्लीयरेंस 14 अगस्त 2023 को पूरी हो गई है। इस सड़क मार्ग के बनने से उतराखंड के कई गांव व हिमाचल प्रदेश का उपमंडल डोडरा क्वार की पांच पंचायतों के सैकड़ों लोग सड़क सुविधा से जुड जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग व वन विभाग की संयुक्त रूप से लैंड क्लीयरेंस ले ली गई है और लोक निर्माण विभाग के पास भूमि स्थानांतरित कर दी गई है। विधायक ने बताया कि इस सड़क मार्ग के निर्माण के लिए 99 लाख 92 हजार रुपए के बजट का प्रावधान उत्तराखंड की धामी सरकार की ओर से किया गया है। उन्होंने बताया कि धौला में रुपिन नदी पर लगने वाले पुल का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है और जल्दी ही धौला से उतराखंड के सेवा धोगरी होकर डोडरा क्वार उपमंडल सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा। सड़क बनने से 15 गांव के सैकड़ों लोंगों को बारह मासी सड़क सुविधा मिल जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सावड़ा मैदान में आइस स्केटिंग कैंप दस मई से

**रोहड़ू।** जुब्बल क्षेत्र के सरस्वती नगर में जल्द ही ऑफ आइस स्केटिंग कैंप का आयोजन होने जा रहा है। प्रेस को जारी बयान में इक्षवकू जस्टा अध्यक्ष आइस स्केटिंग एसोसिएशन जिला शिमला ने यह जानकारी दी है इस कैंप में पंजीकरण निःशुल्क रखा गया है। उन्होंने आसपास के सभी क्षेत्र वासियों से निवेदन करते हुए बताया है कि अपने छात्रों को इस खेल के बारे में जरूर जानकारी दें और उनका पंजीकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया है कि इस कैंप में जिन छात्रों का प्रदर्शन उम्दा रहेगा उन छात्रों को राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप के लिए पंजीकरण कराने के लिए उन्हें 7018000143 पर कॉल करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि यह कैंप 10 से 12 मई 2024 तक सावड़ा मैदान में आयोजित किया जाएगा।

## गुस्सा | धरना-प्रदर्शन में प्रभावितों को उचित मुआवजे व रोजगार देने की उठाई मांग

# सुन्नी बांध परियोजना पर किसान सभा का हल्ला बोल

महेंद्र कुमार, सुन्नी

किसान सभा द्वारा सुन्नी बांध परियोजना कार्यालय में प्रभावितों की मुख्य मांगी को लेकर धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा तथा परियोजना का कार्य शुक्रवार को भी बंद रहा।

गुरुवार को सीपीआईएम के पूर्व विधायक राकेश सिंघा की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस धरना प्रदर्शन में प्रभावितों को उचित मुआवजे, रोजगार एवं पर्यावरण संबंधी मांगों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए परियोजना प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगे रखी। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए राजेश सिंघा ने कहा कि परियोजना के समक्ष प्रभावितों की मांगों को लेकर कई मर्तबा प्रदर्शन करने के वाबजूद भी मांगों को नहीं माना गया। परियोजना द्वारा लगातार प्रभावित क्षेत्र में रोजगार की समस्या, विस्थापितों की भूमि का उचित मूल्य तथा पर्यावरण संबंधी समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। परियोजना में स्थानीय युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी कामगारों को रोजगार में त्वजो दी रही है। प्रबंधन और सरकार द्वारा किए गए अनुबंध के आधार पर स्थानीय और प्रभावित परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता की लागतार अनदेखी प्रभावित ग्रामीणों की परेशानी का सबब बना हुआ है। अभी हाल ही में दो स्थानीय युवकों को मात्र दो दिनों के लिए रोजगार देने के उपरांत उन्हें नौकरी से निकल देना भी एक हैरानी का विषय बना हुआ है।

उन्होंने कहा की परियोजना द्वारा डैम साइट पर प्रस्तावित क्रशर करई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा की क्रशर साइट में पानी का स्त्रोत है तथा इस स्त्रोत के माध्यम से पूरे गांव को पीने का पानी मुहैया करवाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने परियोजना प्रबंधन को अपनी मांगे को जल्द पूरा करने का भी अल्टीमेटम दिया तथा आंदोलन को जारी रखने की चेतावनी दी गई तथा मांगे पूरी करने के उपरांत बंद पड़े परियोजना कार्य को बहाल किया जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)

### मांगों पर नहीं किया विचार

**उन्होंने** कहा की किसान सभा द्वारा प्रबंधन को 12 मुख्य मांगों का मांग पत्र पहले ही सौंप दिया गया है लेकिन आज तक प्रबंधन द्वारा इन मांगो पर विचार ही नहीं किया।

# झूठे प्रचार व प्रसार से लोगों को भ्रमित कर चुनाव प्रचार कर रही है भाजपा: हैप्पी

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर रोहड़ू के लंबाखाटल में चुनाव प्रचार करने आए थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि जहां पर भाजपा द्वारा कुछ लोंगों को मंच पर बुलाकर भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाया और कहा कि ये लोग आज कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं।

जबकि सच्चाई यह है कि इनमें से अधिकतर लोग कांग्रेस पार्टी में किसी भी पद पर नहीं थे और इनमें से कोई भी पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता नंही रहा है। जबकि कुछ लोग पहले से ही भाजपा के लोग थे। उनको भी कांग्रेस के लोग बोल कर पटका पहनाया गया। कुछ लोग तो कार्यक्रम में मौजूद भी नहीं थे। उनका भी मंच से बार-बार उद्वोधन किया जा रहा था। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा को अपनी हार लोकसभा के इस चुनाव में साफ दिख रही है। इसके चलते वह इस तरह का झूठ का सारा ले रहे हैं। भाजपा विकास के नाम पर रोहड़ू में वोट नहीं मांग सकती है। जब जब भाजपा की सरकार सत्ता में रही हैं। रोहड़ू के साथ राजनीतिक भेदभाव व दृष्टिकोण से काम किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### चेलसी से हार, टोटेनहम की चैंपियंस लीग की उम्मीदों को झटका



**लंदन।** चेलसी के हाथों 2-0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैंपियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह चार दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने रविवार को 3-2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैंपियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में पांचवें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे सात अंक आगे है।

### कीस को हराकर स्वियातेक मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6-1, 6-3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी, जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया है। पुरुष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4-6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

### पारी की शुरुआत करें कोहली रोहित तीसरे नंबर पर उतरें : जडेजा



**नई दिल्ली।** पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिए। भारत ने इस सप्ताह टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। जडेजा ने जियो सिनेमा से कहा, ''विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।''

### अतीत के संघर्षों ने बड़ी उपलब्धियों के लिए प्रेरणा दी : सुमित

**बेंगलुरु।** ओलंपिक और एशियाई खेल पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे सुमित को अतीत के संघर्षों ने एक और पदक अपनी झोली में डालने के लिये प्रेरित किया है ।सुमित को पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है और अंतिम 16 में स्थान पाने के लिये कड़ी प्रतिस्पर्धा से वह विचलित नहीं हैं । सुमित ने भारतीय टीम की तैयारियों के शिविर से इतर पीटीआई से कहा, ''मेरे जीवन में काफी संघर्ष रहे हैं और कठिन अतीत की यादों से मुझे आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है । इससे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की ऊर्जा मिलती है ।''

### 'सिंघम अगेन' में एक्शन सीन करती नजर आएंगी दीपिका पादुकोण



**मुंबई।** बॉलीवुड की पॉपुलर जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। कुछ दिन पहले दीपिका-रणवीर ने फैंस को यह खुशखबरी दी थी। दीपिका सिंघम फिल्म की बची हुई शूटिंग पूरी करती नजर आ रही हैं। कुछ दिनों पहले दीपिका को 'सिंघम अगेन' के सेट पर स्पॉट किया गया था।

### एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से शुरू करेगी सीधी उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुआई वाली एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा की शुरुआत 16 जून से शुरू करेगी। इसके साथ ही ज्यूरिख भारत से एयर इंडिया की सीधी उड़ान सर्विस वाला सातवां यूरोपीय शहर हो जाएगा। एयर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू होगी। उड़ानों का संचालन हफ्ते में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा।

### सेबी का अडाणी समूह की छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडाणी समूह की कम से कम छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भेजा है। सेबी ने इनको यह नोटिस संबंधित पक्ष लेन-देन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए जारी किया है। शेयर बाजार को दी गई सूचना में इन कंपनियों ने इसका खुलासा किया है। समूह की इन कंपनियों में अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं।

### कनाडा में वाहनों की टक्कर में भारतीय दंपती समेत चार की मौत

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में कई वाहनों की भीषण टक्कर हो जाने से एक भारतीय दंपती और उनके तीन महीने के पोते समेत चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना उस दौरान हुई, जब पुलिस एक शराब की दुकान में लूटपाट के संदिग्ध का पीछा कर रही थी और वह गलत दिशा में गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने बताया कि टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में व्हिटबी में राजमार्ग 401 पर हुए हादसे में सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### सर्राफा बाजार में लौटी तेजी सोना और चांदी की बढ़ी चमक



**नई दिल्ली ।** पिछले कुछ दिन से लगातार गिरावट का सामना के बाद शुक्रवार को घरेलू सर्राफा बाजार में मजबूती नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना 700 से 750 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इस तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,280 रुपए से 72,430 रुपए प्रति ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,260 रुपए से 66,410 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बिक रहा है।

**आईपीएल-2024** बेंगलुरु छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे और गुजरात आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर

# आरसीबी–गुजरात में 'करो या मरो' का मुकाबला

**एजेंसी, बेंगलुरु**

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी–बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिए शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है, जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा।

अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिए विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बने। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है। बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर उन्हें गुजरात के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा, हालांकि अभी तक वे एक इकाई के रूप में अच्छा नहीं खेल सके हैं। इसी वजह से दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी ने पिछले दो मैचों में उसे हराया है। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है।




**संभावित टीमें**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटंस**
शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

**पेरिस ओलंपिक**

### गोल्फ के पदार्पण में प्रेरणास्रोत होंगे शुभंकर और गगनजीत



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर को उम्मीद है कि खेलों के सबसे बड़े महासमर में गोल्फ के पदार्पण पर वे एक-दूसरे का दबाव और तनाव कम करने में सहायक साबित होंगे। शर्मा और भुल्लर अंतरराष्ट्रीय गोल्फ रैंकिंग में क्रमशः 47वें और 52वें स्थान पर हैं और एक अगस्त से शुरू हो रही ओलंपिक गोल्फ स्पर्धा के लिये शीर्ष 60 में होने की वजह से क्वालीफाई कर लेंगे। ये दोनों खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल हैं। बीजिंग में वोल्वो चाइना ओपन खेल रहे शर्मा ने कहा, ''टॉप्स भारत सरकार की बेहतरीन पहल है, जिससे योग्य खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिलता है। गोल्फ काफी महंगा खेल है। मुझे अपने अनुभव के दम पर ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।'' उन्होंने भुल्लर के बारे में कहा, ''गगन एक चैंपियन गोल्फर है और मैं उसका काफी सम्मान करता हूं। उसमें जीत की ललक है और हम एक-दूसरे के मददगार साबित होकर पेरिस में भारत का परचम लहराएंगे।''

## फीडे कैंडिडेट्स के विजेता डी गुकेश ने अनुराग ठाकुर से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ कैंडिडेट्स (फीडे) का खिताब जीतने वाले भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से उनके आवास पर मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान खेल मंत्री ने गुकेश को पारंपरिक हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुकेश और खेल मंत्री दोनों ने खेल और टूर्नामेंट के दौरान के अनुभव के बारे में बात की।

केंद्रीय मंत्री ने उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। फीडे कैंडिडेट्स के राउंड 14 में, गुकेश ने काले मोहरों का इस्तेमाल करके प्रतिद्वंद्वी चैंपियनशिप के दावेदार हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोका और अपनी जीत सुनिश्चित की। 17 वर्षीय गुकेश ने अप्रैल में इतिहास रचते हुए फीडे कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट 2024 जीता और टोरंटो में रोमांचक अंतिम दौर के बाद डिंग लिरेन के विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार बन गए।

### मेरा काम 13वें–14वें ओवर तक टिकना है, ताकि क्लासेन आक्रामक खेल सकें : नीतिश



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मध्यक्रम को मजबूती देने की भूमिका बखूबी निभा रहे युवा नीतिश रेड्डी को भविष्य में भारतीय टीम के हरफनमौला के रूप में देखा जा रहा है, चूंकि वह उपयोगी मध्यम तेज गेंदबाज भी हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में पारी की शुरूआत करते हुए रेड्डी ने नाबाद 76 रन बनाए। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर रॉयल्स को एक रन से हराने में अहम भूमिका निभाई। नीतिश ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पिछले दो मैचों में जल्दी विकेट गिरने के कारण मुझे उतरना पड़ रहा था। मेरा काम 13वें और 14वें ओवर तक टिकना है , ताकि बाद में क्लासेन आक्रामक खेल सके। समद और क्लासेन को जल्दी उतारने का कोई मतलब नहीं अगर वे खुलकर नहीं खेल सकें।'' उन्होंने कहा, ''मुझे कई पहलुओं पर काम करना है। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हूं। मुझे टीम को जीत तक ले जाना चाहिए था। अपनी गलतियों से सबक लेकर मैं उन्हें दोहराने से बचूंगा।''

## टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और टी–20 व वनडे में भारत शीर्ष पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले साल ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वार्षिक अपडेट के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर वन स्थान हासिल कर लिया है। इसमें 2020–21 सत्र के परिणाम शामिल नहीं किए गए हैं और मई 2021 से पूरी हुई सभी सीरीज को शामिल किया गया है। दूसरे स्थान भारत, इंग्लैंड तीसरे, दक्षिण अफ्रीका चौथे स्थान पर है।

अब केवल नौ टीमें ही रैंक की गई हैं, क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेले हैं, जबकि जिम्बाब्वे भी बाहर है, क्योंकि उसने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। रैंकिंग तालिका में आने के लिए टीमों को तीन साल की अवधि में कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे।

हालांकि, वार्षिक अपडेट के बाद भारत वनडे और टी–20 रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन आयरलैंड 11वें स्थान पर पहुंच गया है। तीसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया से अंतर आठ से घटाकर चार अंक कर लिया है, जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड से केवल दो अंक पीछे है।

टी–20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। तीसरे स्थान पर रहने वाले इंग्लैंड और छठे स्थान पर रहने वाले वेस्टइंडीज के बीच सिर्फ तीन अंक का अंतर है। पाकिस्तान दो स्थान गिरकर सातवें स्थान पर आ गया है, जबकि स्कॉटलैंड जिम्बाब्वे को पीछे छोड़कर 12वें स्थान पर आ गया है।

### हेमंत सोरेन को झटका याचिका खारिज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अंतरिम जमानत वाली याचिका भी खारिज कर दी। हाईकोर्ट के कार्यकारी न्यायाधीश और न्यायाधीश नवनीत कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद 28 फरवरी का फैसला सुरक्षित रखा। हेमंत सोरेन को अदालत से थोड़ी राहत भी मिली है। उन्हें छह मई को अपने चाचा के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति दे दी गई है। हालांकि, सोरेन को मीडिया से दूर रहने की हिदायत दी गई।

## पाकिस्तान में बस पलटकर सिंधु नदी के तट पर गिरी, 20 की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक प्राइवेट यात्री बस सुदूर पहाड़ी इलाके से फिसलकर सिंधु नदी के तट पर गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। यह हादसा गिलगित बाल्टिस्तान के डायमेर जिले में शुक्रवार सुबह साढ़े पांच हुआ।

प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने निर्देश दिया है कि घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए। स्थानीय समाचार पत्र डॉन के अनुसार, यह बस रावलपिंडी से गिलगित जा रही थी। डायमर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर गुनार फार्म के पास चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और बस पलटते हुए सीधे सिंधु नदी के तट पर जा गिरी। हादसे में अन्य 21 यात्री घायल हो गए। इनमें से ज्यादातर की हालत नाजुक है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। एक अधिकारी ने कहा कि घायलों को चिलास अस्पताल भेजा गया ।



### चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से नमूने एकत्र करेगा चीन का चंद्र मिशन



**बीजिंग।** चीन ने चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से पहली बार नमूने एकत्र करने और वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उन्हें पृथ्वी पर लाने के मकसद से शुक्रवार को एक चंद्र अन्वेषण अंतरिक्ष यान को रवाना किया। चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के अनुसार, चांग–6 मिशन पृथ्वी के कभी सम्मुख नहीं आने वाले चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से नमूने एकत्र करेगा और उन्हें लेकर पृथ्वी पर लौटेगा। चंद्रमा पर मानव अन्वेषण के इतिहास में ऐसा पहली बार किया जा रहा है। 'चांग' चंद्र अन्वेषण का नाम चीन की पौराणिक देवी के नाम पर पड़ा है। चीन के चंद्र मिशन को लांग मार्च–5 वाई 8 रॉकेट के जरिए अंजाम दिया जा रहा है। यह रॉकेट चीन के हैनान प्रांत के तट पर स्थित वेंचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। इस मिशन के जरिए चंद्रमा पर धूल और चट्टानों के नमूने एकत्र करने के बाद उन्हें वापस पृथ्वी पर लाया जाएगा।

### राम मंदिर पर पाकिस्तान ने यूएन में फिर उगला जहर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान का भारत के खिलाफ जहर उगलना लगातार जारी है। पड़ोसी मुल्क ने फिर एकबार संयुक्त राष्ट्र में राम मंदिर का मुद्दा उठाया। हालांकि, इस बार उसे ऐसा जवाब मिला कि बोलती बंद हो गई है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान द्वारा गए बयान को विनाशकारी और हानिकारक बताया। साथ ही पाकिस्तान को तीखा जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का सभी पहलुओं पर सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। पाकिस्तान का भारत के खिलाफ जहर उगलना लगातार जारी है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य पर फेंका जूता, युवक गिरफ्तार



**लखनऊ।** फतेहाबाद में सती मंदिर पर शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह के समर्थन सभा में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर योगी यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारी ने जूता फेंक दिया। हालांकि, स्वामी प्रसाद मौर्य बाल–बाल बच गए। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सनातन धर्म पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर पूर्व में ही कई संगठनों ने पूर्व में ही इंटरनेट मीडिया के माध्यम से विरोध का एलान किया था।

### गधे पर बैठकर नामांकन भरने पहुंचे सत्येंद्र बैठा



**पटना।** देश भर में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन भरने का सिलसिला जारी है। इसी बीच बिहार के गोपालगंज में एक अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला, जब एक निर्दलीय उम्मीदवार सत्येंद्र बैठा नामांकन पत्र जमा करने के लिए गधे पर बैठकर डीएम ऑफिस पहुंचे। उम्मीदवार बैठा के मुताबिक, पिछले 30-40 सालों में गोपालगंज के किसी भी नेता ने कोई विकास नहीं किया है, बल्कि उन्होंने सिर्फ अपने घरों का विकास किया है और जनता को गधा बनाने का काम किया है। इसलिए जनता को जागरूक करने के लिए वह गधे पर बैठकर अपना नामांकन दाखिल करने आए हैं।

### तिहाड़ में कैदियों की खूनी झड़प में एक की गई जान




**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में शुक्रवार एक बार फिर से कैदियों के बीच खूनी झड़प हुई, जिसमें एक कैदी की जान भी चली गई। मृतक की पहचान दीपक के रूप में हुई है। दीपक जैन नंबर 3 में सेवादार के तौर पर काम करता था। बता दें कि अभी तक मृतक का सुबह खाने को लेकर विवाद हुआ था। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को हॉस्पिटल से ही जानकारी मिली थी। यह वारदात तिहाड़ के जेल नंबर तीन में हुई है। दीपक अंडर ट्रायल कैदी था, 2018 में पश्चिम विहार थाना में दर्ज हत्या के मामले में यह गिरफ्तार होकर तिहाड़ जेल में बंद था।

## बच्चों का नाम राहुल गांधी या लालू यादव रखने से नहीं रोक सकते : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

माता–पिता को अपने बच्चों के नाम राहुल गांधी या लालू यादव रखने से नहीं रोक सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह टिप्पणी करते हुए एक जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

दरअसल, एक जैसे नाम वाले उम्मीदवारों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इस याचिका के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को हमनाम वाले उम्मीदवारों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दें। हालांकि, कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया कि हम माता–पिता को अपने बच्चों के नाम राहुल गांधी या लालू यादव रखने से नहीं रोक सकते हैं।

ला ट्रेंड की रिपोर्ट के मुताबिक, साबू स्टीफन नामक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की।

### प्रज्ज्वल रेवन्ना और पिता के खिलाफ रेप और किडनैपिंग का केस दर्ज

**बेंगलुरु।** रेवन्ना सीडी केस में आरोपी जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना और उसके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ रेप और किडनैपिंग का केस दर्ज हुआ है। दोनों के खिलाफ एफआईआर पहले ही हो गई थी, तब यौन उत्पीड़न, धमकी और पीछा करने के आरोपों में केस दर्ज हुआ था। अब एक अन्य पीड़िता के बेटे ने आरोपी सांसद पर किडनैपिंग के आरोप भी लगा दिए हैं।

### अमेरिका के कॉलेजों में फिलिस्तीन समर्थकों के प्रदर्शनों के दौरान 2100 से अधिक लोग गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के विभिन्न कॉलेज परिसरों में हाल के दिनों में फलस्तीन समर्थकों के प्रदर्शनों के दौरान पुलिस ने 2100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया और परिसरों में लगे तंबुओं व प्रदर्शनकारियों द्वारा कब्जा की गई इमारतों को खाली करा दिया। कोलंबिया विश्वविद्यालय की प्रशासनिक इमारत के भीतर एकत्र प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए एक अधिकारी ने गोली भी चलाई, जिसकी अभियोजक कार्यालय ने पुष्टि की है। 'डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी' एल्विन ब्राग के कार्यालय के एक प्रवक्ता डॉग कोहेन के मुताबिक, कोलंबिया परिसर में हैमिल्टन हॉल के भीतर मंगलवार देर रात अधिकारी द्वारा चलाई गयी गोली में कोई घायल नहीं हुआ।

**बाजार** चौतरफा बिकवाली के चलते रिकॉर्ड मजबूती के बाद शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

# सेंसेक्स में 1,627 अंक की गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चौतरफा बिकवाली और हेवीवेट शेयरों में मुनाफावसूली के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। शुक्रवार के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में निफ्टी ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड भी बनाया, लेकिन बाद में मंदड़िए पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया।

कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,627 अंक और निफ्टी 446 अंक लुढ़क गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार में मेटल और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स में मामूली खरीदारी होती नजर आई। दूसरी ओर ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स, टेलीकॉम, रियल्टी और पीएसयू बैंक जैसे तमाम सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ शुक्रवार के कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा दो लाख करोड़ रुपए की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद घट कर 406.24 लाख करोड़ रुपए (अस्थायी) हो गया, जबकि गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 408.49 लाख करोड़ रुपए था।

